TarunMitra TarunMitra TarunMitra
www.youtube.com/@TarunmitraGroup

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

लखनऊ
वर्ष: 26 अंक 180
रविवार 27 अप्रैल, 2025

तापमान
अधिकतम 37°C
न्यूनतम 24°C

मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-12 | उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित | www.tarunmitra.in

# पहलगाम हमले के बाद 175 संदिग्ध हिरासत में

## हंदवाड़ा में तहरीक-ए-हुर्रियत के खिलाफ बड़ा एक्शन

**श्रीनगर, 26 अप्रैल।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी वारदातों के बाद सुरक्षा बल पूरी तरह से एक्शन में हैं। शनिवार को हंदवाड़ा पुलिस ने प्रतिबंधित संगठन तहरीक-ए-हुर्रियत से जुड़े मामलों की जांच के लिए जिले में कई स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा हैं। गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत पुलिस थाना हंदवाड़ा में एफआईआर के तहत यह तलाशी अभियान किया गया।

वहीं संगठन के सदस्यों की गतिविधियों और उनके प्रतिबंधों के बावजूद जारी आपराधिक संलिप्तता को लेकर पुलिस को पुख्ता जानकारी मिली।

केंद्र सरकार ने 2023 में तहरीक-ए-हुर्रियत को प्रतिबंधित किया था। साथ ही, पहलगाम हमले के बाद सुरक्षाबलों ने अनंतनाग जिले में व्यापक तलाशी अभियान चलाया है। जिसमें अब तक लगभग 175 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। इन सभी से सुरक्षा एजेंसियां गहन पूछताछ कर रही हैं।

**कार्रवाई**

- तहरीक-ए-हुर्रियत संगठन पर है प्रतिबंध
- सीमावर्ती गांवों और कस्बों में बंकर ठीक कर रहे लोग
- आतंकियों के सहयोगियों के तीन और घरों को किया गया ध्वस्त

प्रशासन ने कहा कि देश की सुरक्षा और कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए ऐसे प्रयासों को और तेज किया जाएगा। वहीं दूसरी तरफ जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती गांवों और कस्बों में तनाव बढ़ रहा है।

खासकर पहलगाम आतंकी हमले के बाद। सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। हमले से बचने के लिए बनाए गए बंकरों को लोग साफ कर सजा रहे हैं। परगवाल में पहली बार बाजार में सेना ने जगह-जगह नाके लगाए हैं। ग्राम सुरक्षा समितियां फिर से सक्रिय हो गई हैं। लोग स्वतःस्फूर्त ढंग से किसी भी तरह की आपात स्थिति के लिए तैयार हो रहे हैं। वे चौकस हैं पर भयभीत नहीं। सेना ने भी एक माह का राशन जमा करना शुरू कर दिया है। जम्मू-कश्मीर सरकार ने पहलगाम हमले के बाद दक्षिण कश्मीर के पुलवामा, शोपियां और कुलगाम में लश्कर-ए-तैयबा आतंकवादियों के संदिग्ध तीन सहयोगियों के घरों को ध्वस्त कर दिया। इसके साथ ही पिछले 24 घंटों में ध्वस्त किए गए घरों की कुल संख्या पांच हो गई। ताजा कार्रवाई में पुलवामा के अहसान शेख, शोपियां के शाहिद अहमद कुट्टे और कुलगाम के जाहिद अहमद का घर जमींदोज कर दिया गया। अधिकारियों के अनुसार, अहसान ने पहलगाम हमले में पाकिस्तानी आतंकवादियों को रसद और प्रत्यक्ष सहायता भी प्रदान की थी। कुट्टे और अहमद पर पिछले 3-चार वर्षों से राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है।



### पहलगाम हमले को लेकर पाक पीएम की गीदड़ भभकी

**इस्लामाबाद।** पहलगाम आतंकी हमले को लेकर भारत के सख्त रुख से पाकिस्तान घबराया हुआ है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने बयान दिया है कि वे पहलगाम हमले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच के लिए तैयार हैं। हालांकि खुद को मजबूत दिखाने की कोशिश करते हुए शरीफ ने कहा कि हम किसी भी परिस्थिति के लिए तैयार हैं। पाकिस्तान के कई नेता भड़काऊ बयानबाजी कर चुके हैं, लेकिन पीएम के बयान से साफ है कि पाकिस्तान गीदड़भभकी भले ही दिखा रहा है, लेकिन भीतर से उसे भी भारत के हमले का डर है।

बीती 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने 26 निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या कर दी थी। इस हमले के पीछे लश्कर ए तैयबा के सहयोगी संगठन टीआरएफ का हाथ बताया जा रहा है।

## युवा राष्ट्र की प्रगति व सफलता की नींव: मोदी

- कहा- सरकार युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध
- वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पीएम ने 51 हजार से अधिक युवाओं को वितरित किया नियुक्ति पत्र

**नई दिल्ली, 26 अप्रैल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत का युवा आज अपने परिश्रम और नवाचार से दुनिया को यह दिखा रहा है कि हममें कितना सामर्थ्य है। वहीं हमारी सरकार हर कदम पर यह सुनिश्चित कर रही है कि देश के युवाओं के लिए रोजगार और स्व-रोजगार के अवसर निरंतर बढ़ें।

प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नई नियुक्ति पाने वाले 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न स्थानों से जुड़े जनसमूह को संबोधित भी किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बजट में सरकार ने मैन्युफैक्चरिंग मिशन की घोषणा की है।

इसका उद्देश्य है- मेक इन इंडिया को बढ़ावा देना और भारत के युवाओं को ग्लोबल स्टैंडर्ड वाले प्रॉडक्ट बनाने का मौका देना है। इससे ना केवल देश के लाखों छोटे उद्योंगो और लघु उद्यमियों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि पूरे देश में रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे। प्रधानमंत्री ने वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स 2025) का उल्लेख किया।

उन्होंने कहा कि भारत आज हर क्षेत्र में नए कीर्तिमान गढ़ रहा है और आज देश में युवाओं के लिए नए अवसर बन रहे हैं। कुछ ही दिन बाद मुंबई में वेव्स 2025 का आयोजन होगा। इस आयोजन के केंद्र में देश के युवा क्रिएटर्स हैं। मीडिया, गेमिंग और एंटरटेनमेंट से जुड़े नवाचारियों को पहला बड़ा मंच मिलेगा। शेष पेज 11 पर

## संक्षिप्त समाचार

### उपराष्ट्रपति जने पेप्पा काडु हाथी शिविर का दौरा किया

**उधगमंडलम, 26 अप्रैल।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने तमिलनाडु के अपने दौरे में शनिवार को उदगमंडलम के पास मुदुमलाई थेप्पाकाडु हाथी शिविर का दौरा किया। इससे पहले शुक्रवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उधगमंडलम का दौरा किया, जहां उन्होंने उधगमंडलम राज्यपाल भवन में आयोजित विश्वविद्यालय कुलपतियों के सम्मेलन में भाग लिया। कुलपतियों के सम्मेलन में भाग लेने के बाद उन्होंने कल शाम थोडर आदिवासी गांव का दौरा किया। दूसरे दिन, उपराष्ट्रपति ने उधगमंडलम के पास मुदुमलाई थेप्पा काडु हाथी शिविर का दौरा किया।

### यूपी बोर्ड : सन्निरीक्षा के लिए आवेदन 19 मई तक

**प्रयागराज, 26 अप्रैल।** माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उप्र प्रयागराज द्वारा संचालित वर्ष 2025 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा से सम्बंधित उत्तर पुस्तिकाओं की सन्निरीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 19 मई निर्धारित है। यूपी बोर्ड सचिव भगवती सिंह ने बताया है कि सन्निरीक्षा शुल्क 500 रू. प्रति प्रश्नपत्र की दर से निर्धारित है। इसके लिए आवश्यक निर्देश परिषद की वेबसाइट यूपीएमएसपी ईडीयू इन पर उपलब्ध है। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित शुल्क चालान के माध्यम से राजकीय कोषागार में जमा करेंगे।

### गिट्टी लदा ट्रक एम्बुलेंस पर पलटा, चार की मौत

**मीरजापुर, 26 अप्रैल।** अहरौरा थाना क्षेत्र के हनुमान घाटी के पास शनिवार को एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ। गिट्टी से भरी तेज रफ्तार ट्रक असंतुलित होकर एम्बुलेंस पर पलट गया, जिससे एम्बुलेंस बुरी तरह दब गई और उसमें सवार छह लोगों में से चार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा सहित पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। अहरौरा पुलिस ने तत्काल राहत व बचाव कार्य शुरू कर घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल भिजवाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने सूरज बली खरवार (27), हीरावती देवी (25), मातली देवी (40) और रामू को मृत घोषित कर दिया। वहीं, कौशल कुमार खरवार और भंडारी शर्मा का इलाज चल रहा है। पुलिस ने चारों शवों को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### नहाते समय संतुलन बिगड़ने से पलटी नाव, पिता-पुत्र की मौत

**झांसी, 26 अप्रैल।** एरच थाना क्षेत्र में शनिवार को जन्मदिन में शामिल होने आए कुछ लोग बेतवा नदी में नहाने गए। नहाते समय नियंत्रण गड़बड़ हो जाने के चलते नाव पलट गई। पानी में डूबने से पिता-पुत्र की मौत हो गई, जबकि नाव में सवार तीन अन्य लोगों को रेस्क्यू कर बचा लिया गया। शनिवार को दोपहर के समय पुलिस को सूचना मिली थी कि बेतवा नदी के ढिकौली घाट पर 5 लोग नाव पलटने से डूब गए हैं। हादसे की सूचना मिलते ही एरच थाना प्रभारी नीलेश कुमारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। अथक प्रयासों के बाद तीन लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। वहीं पिता राकेश कुशवाहा (40) और अंशुल (18) को बचाया नहीं जा सका।

## पूर्व जिला पंचायत सदस्य की गोली मारकर हत्या

- शव उठाने को लेकर भड़के ग्रामीण व परिजन, पुलिस से धक्का मुक्की

**फिरोजाबाद, 26 अप्रैल।** थाना टूंडला क्षेत्र में शनिवार को पूर्व जिला पंचायत सदस्य की गोली और चाकू से गोदकर हत्या कर दी गयी। घटना से परिजनों व ग्रामीणों में आक्रोश है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटना को लेकर पुरानी रंजिश निकलकर सामने आ रही है। थाना टूंडला क्षेत्र के गांव मोहम्मदाबाद गांव निवासी पप्पू कुशवाहा (55) पूर्व जिला पंचायत सदस्य थे। वह शनिवार को मोटरसाइकिल लेकर घर से निकले। तभी आरोपितों ने उन्हें घर से दौ सौ मीटर दूरी पर घेरकर गोली मार दी। उनके गले में चाकू से कई वार किए, जिससे उनकी मौत हो गई। घटना के बाद आरोपित मौके से भाग गए। सूचना पर थाना टूंडला पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच में जुट गई।

घटना को लेकर परिजनों और ग्रामीणों का आक्रोश भड़क गया। आरोप है कि पुलिस से धक्कामुक्की और गाड़ी पर डंडे बरसाकर शव को जिप्सी से जबरन उतार लिया। सूचना पर कई थानों की फोर्स के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित व अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे।

# मौलिक रूप से बदल गई है लोकतांत्रिक राजनीति: राहुल

**बयान**

- दशकों पहले जो नियम लागू थे, वे अब लागू नहीं होते
- आक्रामक राजनीतिक माहौल में विपक्ष को कुचलना लक्ष्य बन गया



**नई दिल्ली, 26 अप्रैल।** विपक्ष के नेता राहुल गांधी शनिवार को भारत समिट 2025 में भाग लेने के लिए तेलंगाना पहुंचे। इस दौरान सम्मेलन को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि दुनिया भर में लोकतांत्रिक राजनीति मौलिक रूप से बदल गई है। दशकों पहले जो नियम लागू थे, वे अब लागू नहीं होते। वैश्विक न्याय, समानता और प्रगतिशील सहयोग पर सार्थक संवाद को बढ़ावा देने पर केंद्रित दो दिवसीय सम्मेलन भारत शिखर सम्मेलन शुक्रवार को शुरू हुआ था।

भारत समिट 2025 में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि आज के आक्रामक राजनीतिक माहौल में विपक्ष को कुचलना और मीडिया को कमजोर करना ही लक्ष्य बन गया है। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान अपने अनुभवों को याद करते हुए गांधी ने कहा कि उन्हें एहसास हुआ कि नेता लोगों की आवाज समझने में विफल रहे हैं। उन्होंने कहा, राजनीति, लोकतांत्रिक राजनीति पूरी दुनिया में मौलिक रूप से बदल गई है। मैं कहूंगा कि एक दशक पहले जो नियम लागू थे, वे अब लागू नहीं होते। कभी-कभी, जब मैं अपनी पार्टी के युवा सदस्यों से बात करता हूं, तो पाता हूं कि जो चीजें 10 साल पहले प्रभावी थी, जो साधन 10 साल पहले कारगर थे, वे अब कारगर नहीं हैं।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, इसलिए एक तरह से पुराने नेता खत्म हो चुके हैं और एक नए तरह के नेता को गढ़ा जाना चाहिए। गांधी ने यह भी उल्लेख किया कि उन्हें मूल रूप से शुक्रवार को सम्मेलन को संबोधित करना था, लेकिन इसके बजाय उन्हें कश्मीर जाना पड़ा। उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर भारत के साथ एकजुटता दिखाने के लिए कार्यक्रम के प्रतिनिधियों को धन्यवाद दिया।

### सहकारी न्यायाधिकरण के अध्यक्ष बने विनोद कुमार

**लखनऊ, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश सरकार ने उत्तर प्रदेश सहकारी न्यायाधिकरण के रिक्त चल रहे अध्यक्ष और सदस्य पदों पर महत्वपूर्ण नियुक्तियां कर दी हैं। अवकाश प्राप्त जिला जज विनोद कुमार सिंह को न्यायाधिकरण का अध्यक्ष तथा अवकाश प्राप्त आई.ए.एस. अधिकारी अच्छेलाल सिंह यादव को सदस्य नियुक्त किया गया है। इस संबंध में प्रमुख सचिव सहकारिता सौरभ बाबू ने आदेश जारी कर दिए गए हैं।सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने बताया कि कुछ समय से न्यायाधिकरण में अध्यक्ष व सदस्य के पद रिक्त चल रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर बहराइच निवासी विनोद कुमार सिंह को अध्यक्ष पद की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर हादसा, 7 की मौत

**हादसा**

- मरने वालें में छह महिलाएं और एक पुरुष
- पांच महिलाएं गंभीर रूप से घायल

**नूंह, 26 अप्रैल।** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर थाना फिरोजपुर झिरका सीमा के अंतर्गत गांव इब्राहीम बास गांव के पास शनिवार की सुबह एक बेकाबू पिकअप वाहन ने सफाई कर्मचारियों को कुचल दिया।

इस दुर्घटना में सात लोगों की मौत हो गई ।खबर लिखे जाने तक मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है। मरने वालों में छह महिलाएं और एक पुरुष है। इनमें चार महिलाएं एक ही परिवार की हैं।

बताया जा रहा है कि इब्राहिम बास गांव के पास दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर सफाई का काम चल रहा है। गांव खेड़ली कलां के लोगों को सफाई के लिए ठेकेदार ने लगाया है। शनिवार को करीब सुबह 10 बजे पिकअप से 11 लोग सफाई करने के लिए आए थे। जब ये लोग अभी एक पिकअप शेष पेज 11 पर

### लाइसेंसी पटाखे की फैक्ट्री में विस्फोट, तीन की मौत

**देवबंद (सहारनपुर)।** उत्तर प्रदेश में सहारनपुर के देवबंद कोतवाली क्षेत्र के जड़ौदा जट्ट गांव में चल रही लाइसेंसी पटाखे की फैक्ट्री में शनिवार सुबह विस्फोट हो गया, शेष पेज 11 पर

### पटाखा फैक्टरी में विस्फोट से तीन की मौत

**चेन्नई।** राज्य के विरुधुनगर जिले में शनिवार को एक पटाखा फैक्टरी में भीषण विस्फोट होने से तीन महिलाओं की मौत हो गई। इस हादसे में सात लोग झुलस गए हैं। इस घटना के पीड़ितों के प्रति तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने संवेदना व्यक्त की हैं और मृतकों के परिजनों को तीन-तीन लाख रुपये की मदद का ऐलान किया है। राज्य के विरुधुनगर जिले में शिवकाशी के पास एम पुदुपट्टी में एक पटाखा फैक्टरी में भीषण विस्फोट होने से इलाके में हड़कंप मच गया।

### मुख्यमंत्री ने नाव पर बैठकर देखा शारदा नदी के चैनलाइजेशन का कार्य

**लखीमपुर खीरी, 26 अप्रैल।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सभ्य समाज में आतंकवाद और अराजकता के लिए कोई जगह नहीं है। भारत सरकार का सेवा, सुरक्षा व सुशासन का मॉडल विकास, गरीब कल्याण और सबकी सुरक्षा पर आधारित है। सुरक्षा में सेंध लगाने वालों को जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत 'जिस भाषा में समझेगा, उस भाषा में जवाब देने के लिए' नया भारत तैयार है।

नया भारत किसी को छेड़ता नहीं, लेकिन छेड़ने वाले को प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में छोड़ेगा भी नहीं। जीरो टॉलरेंस नीति के अंतर्गत ही यूपी को माफिया, अराजकता, दंगा मुक्त किया और देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में लाकर खड़ा किया। मुख्यमंत्री योगी शनिवार को लखीमपुर खीरी में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को ऋण, अनुदान, आवास व ट्रैक्टर के लाभार्थियों के आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। शेष पेज 11 पर




जनपद लखीमपुर खीरी के पलिया क्षेत्र में आज बाढ़ नियंत्रण की अभिनव पहल शारदा नदी के चैनलाइजेशन कार्य का निरीक्षण कर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को अनुदान, ऋण तथा आवास बजट प्रदर्शित करते सीएम योगी आदित्यनाथ। - छाया तरुणमित्र

### झारखंड में एटीएस ने की छापेमारी, छह हिरासत में

**धनबाद, 26 अप्रैल।** धनबाद के वासेपुर का आतंकी कनेक्शन सामने आया है। खुफिया सूचना मिलने के बाद झारखंड आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) की टीम वासेपुर में छापेमारी कर रही है। छापेमारी में हथियार, आपत्तिजनक पुस्तकें के साथ-साथ कई गैजेट्स भी बरामद हुए हैं। झारखंड एटीएस के एसपी ऋषभ झा खुद टीम को लीड कर रहे हैं। वे फिलहाल धनबाद में ही मौजूद है। बीते दिनों पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद देश भर में अलर्ट जारी है। इसी बीच झारखंड एटीएस को पता चला कि संदिग्ध आतंकी संगठन से कुछ युवकों के तार जुड़े हो सकते हैं। झारखंड एटीएस की टीम ने धनबाद में शनिवार को वासेपुर सहित 15 स्थानों पर एक साथ छापेमारी शुरू कर दी।

### बिहार चुनाव : बसपा ने बिगाड़े मौजूदा राजनीतिक समीकरण

# सभी 243 सीटों पर प्रत्याशी खड़े करेगी बसपा

साशा सौवीर

**सियासत**

- चिराग पासवान को भी दिया साथ आने का निमंत्रण
- किसी राजनीतिक दल या मोर्चे से नहीं होगा गठबंधन
- 9 मई को अम्बेडकर जयंती कार्यक्रम से होगी चुनाव अभियान की शुरूआत

**नई दिल्ली, 26 अप्रैल।** बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती ने राज्य में पार्टी प्रत्याशी उतारने की घोषणा कर सभी दलों के राजनीतिक समीकरण बिगाड़ दिए हैं। बहुजन समाज पार्टी राज्य में सभी 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी और बिना किसी अन्य पार्टी के साथ गठबंधन किए स्वतंत्र रूप से चुनावी दांव खेलेगी।

सियासी गलियारों में यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि बसपा के चुनावी मैदान में स्वतंत्र रूप से उतरने पर एनडीए और महागठबंधन में से किसे ज्यादा चुनौती मिलेगी? राज्य में पार्टी ने अपनी सरगर्मियाँ भी शुरू कर दी हैं। पार्टी इस क्रम में 9 मई को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती को बड़े उत्साह के साथ मनाने की योजना बना रही है। इसके अलावा, 26 जून को पटना के बापू सभागार में छत्रपति महाराज की जयंती मनाने के लिए एक विशेष कार्यक्रम निर्धारित किया गया है, जिसमें पार्टी कार्यकर्ताओं और आम जनता की बड़ी संख्या में उपस्थिति की उम्मीद है।

यही नहीं, पार्टी ने रामविलास पासवान के बेटे चिराग पासवान को भी अपने कार्यक्रम से जुड़ने का न्योता दिया है। रामविलास अपने जीवन में बिहार में दलितों के सबसे बड़े नेता माने जाते रहे।

फिलहाल उनके बेटे चिराग एनडीए के साथ हैं बीएसपी ने स्पष्ट किया है कि उनका लक्ष्य सिर्फ चुनाव लड़ना नहीं है, बल्कि बिहार में सामाजिक न्याय और समानता के सिद्धांतों पर आधारित समाज की स्थापना करना है।

पार्टी बिहार में एक मजबूत विकल्प बनने के लिए तैयार है, जो राज्य में महत्वपूर्ण सामाजिक, राजनीतिक बदलाव लाने के लिए तत्पर दर्शाता है। खासकर वे लोग, जो ऐतिहासिक रूप से वंचित रहे हैं।

## 23 जिलों में गरज-चमक के साथ वज्रपात की संभावना

**लखनऊ, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश में झुलसाने वाली गर्मी और लू के थपेड़ों का दौर शुरू है। शनिवार को प्रयागराज और सुल्तानपुर में पारा 44 डिग्री के पार चला गया। वहीं बाराबंकी, हरदोई, बलिया, बहराइच, अमेठी, गाजीपुर, उरई, शाहजहांपुर और अलीगढ़ शहर भी लू की चपेट में रहे। मौसम विभाग के मुताबिक रविवार से प्रदेश के मौसम में बदलाव के संकेत हैं।

तीन से चार दिनों के लिए उत्तर प्रदेश में लू के थपेड़ों से राहत मिलने वाली है। प्रदेश के तराई इलाकों समेत 23 जिलों में गरज चमक संग बूंदाबांदी तो 13 जिलों में ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की गई है। इस बीच इन इलाकों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने का भी पूवानुर्मान है। सोनभद्र, चंदौली, गाजीपुर, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर एवं आसपास के इलाकों में ओलावृष्टि की संभावना है। इसके अलावा सोनभद्र, चंदौली, वाराणसी, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बाराबंकी, अयोध्या, अम्बेडकरनगर एवं आसपास के इलाकों में गरज-चमक के साथ वज्रपात की संभावना है।

# बाइक सवार तीन युवकों को ट्रक ने मारी टक्कर, मौत

**अमेठी, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** थाना मोहनगंज से दो युवक और कमरौली थानाक्षेत्र से एक युवक बाइक से हैदरगढ़ जिला बाराबंकी निमंत्रण करने गए थे। वापस लौटते समय देर रात्रि लगभग दो बजे हैदरगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत चौबीसी के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार तीन युवकों को टक्कर मार कर मौके फरार हो गया।

हादसे में तीनों युवक गम्भीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची हैदरगढ़ पुलिस तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पहुंचाया जहां मौजूद डाक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला बाराबंकी भेज दिया।

तीनों युवकों की पहचान थाना कमरौली थानाक्षेत्र के ग्राम पूरे हैदर अली का पुरवा निवासी बृजेश कुमार पुत्र गुरु प्रसाद करीब उम्र 28 वर्ष व थाना मोहनगंज के अन्तर्गत ग्राम पूरे राम सिंह मजरे बहुआ निवासी अंकित वर्मा पुत्र छोटे लाल वर्मा करीब उम्र 25 वर्ष तथा थाना मोहनगंज के अन्तर्गत ग्राम धूतशाह मजरे गड़ेहरी निवासी ललित कुमार रावत पुत्र शिवकुमार करीब उम्र 18 वर्ष मोटरसाइकिल पर सवार थेललित कुमार अपने रिस्तेदारी चौबिसी में निमंत्रण करने रुक गये हैदरगढ़ से निमंत्रण कर बृजेश और अंकित वर्मा मोटरसाइकिल से वापस आकर चौबिसी में ललित रावत का इंतजार करने लगे थोड़ी देर बाद वह भी आ गया। तीनों एक मोटरसाइकिल पर बैठकर रात्रि दो बजे आगे बढ़े ही थे। की अचानक तेज रफ़्तार ट्रक ने पीछे से जोरदार ठोकर मार कर फरार हो गया। देर रात्रि में परिवार के लोगों को सूचना मिली आनन फानन वहा पहुंच गये जहां पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है घटना की सूचना मिलने के पश्चात परिवार जनों का बुरा हाल है।

# आतंकवादियों की जड़ पर कड़ा प्रहार जरूरीः प्रमोद

## प्रमोद तिवारी ने गंभीर सवाल उठाया क्या गृह मंत्री नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देंगे ?



**प्रतापगढ़, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम के बैसरन में आतंकवादी हमले की तल्ख आलोचना करते हुए भारत की ओर से कठोर निर्णायक कदम उठाए जाने को कहा है।

उन्होंने कहा कि यह आतंकवादी हमला भारत राष्ट्र की एकता तथा अखण्डता व सार्वभौमिकता पर कायराना कपटपूर्ण एवं बुजदिलाना असह हमला है। उन्होंने कहा कि चौबीस अप्रैल को सर्वदलीय बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व लोकसभा में नेता विरोधी दल राहुल गांधी ने स्वयं तथा इण्डिया गठबंधन के सहयोगी नेताओं के साथ शामिल होकर आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए सरकार के हर कदम का देशहित में खुला समर्थन दिया है। शनिवार को नगर के शैल श्याम में पत्रकार वार्ता में राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि भारत किसी भी कीमत पर देश पर हुए इस हमले को बर्दाश्त नहीं कर सकता। उन्होनें कहा कि आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए आतंकवादियों के जड़ पर कड़ा प्रहार होना चाहिए। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि देश की जनता की यह बड़ी चिन्ता है कि पहलगाम के बैसरन की इस प्रकार की वीभत्स और भयावह आतंकवादी घटना घटित हुई है। उन्होनें कहा कि वहां कई दिनों से पर्यटकों का हजारों की संख्या में पहुंचना जारी रहा।

उन्होनें सवाल उठाया कि ऐसे में वहां पर सुरक्षा के नाम पर एक भी सीआरपीएफ का जवान क्यों नहीं तैनात था। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि आतंकवादी क्यूआरटी बीस मिनट तक पर्यटकों की खूनी खेल खेलता रहा। उन्होनें कहा कि इसके बावजूद आखिर कोई सुरक्षातंत्र निर्दोष पर्यटकों को बचाने के लिए वहां क्यों नही पहुंच सका। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि यह भी चिंतनीय पहलू है कि पहलगाम में आतंकवादी बेखौफ पहुंचकर इतना बड़ा पूर्व सुनियोजित हमला करेंगे। उन्होनें कहा कि इनटेलीजेंस की भयंकर चूक हुई है। उन्होनें यह भी कहा कि गृहमंत्री अमित शाह ने भी चूक की बात स्वीकार की है। उन्होने वार्ता में गंभीर सवाल उठाया क्या अब केन्द्रीय गृहमंत्री नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देंगे? राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने यह भी कहा कि सर्वदलीय बैठक के समय बेहतर होता प्रधानमंत्री बिहार का चुनावी राजनैतिक दौरा रदद करके स्वयं बैठक की अध्यक्षता करते।

# सपा नेता के होटल में मिली युवती की लाश, प्रेमी फरार




**प्रतापगढ़, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** नगर कोतवाली के भगवा चुंगी स्थित सपा नेता अश्वनी सोनी के होटल सिटी प्राइम रेजिडेंसी में शुक्रवार शाम करीब सात बजे कोहड़ौर थाना क्षेत्र के बासुपुर गांव की रहने वाली सूर्यपाल की 20 वर्षीय बेटी अपने तथाकथित प्रेमी के साथ दो घण्टे के लिए होटल का कमरा नम्बर 204 में ठहरी थी जिसमें उसका तथा कथित प्रेमी भी रुका था किसी बात को लेकर आशंका है कि दोनों के बीच विवाद हुआ और प्रेमी ने दुपट्टे से लड़की का गला कसकर उसके निर्मम हत्या कर दी और फरार हो गया।

जानकारी के बाद होटल के मैनेजर ने सूचना नगर कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पुलिस अधीक्षक के साथ सर्विलांस और फोरेंसिक टीम भी होटल में पहुंचकर छानबीन किया और सीसीटीवी फुटेज खंगाले। इस मामले में होटल के कुछ कर्मचारियों से पुलिस ने पूछताछ किया। एसपी डॉक्टर अनिल कुमार ने बताया कि मामले के खुलासे के लिए चार टीमों का गठन किया गया है और आरोपी को चिन्हित कर लिया गया है जल्दी उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# संचार व जेंडर प्रशिक्षण कार्यशाला का किया गया आयोजन



**कौशाम्बी, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जिले में जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में उदयन सभागार में नीति आयोग के आकांक्षात्मक ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत कुशल मार्गदर्शन में व्यवहार परिवर्तन एवं लेंगिक संवेदनशीलता पर कार्यशाला आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन बिहेवियरल इनसाइट्स यूनिट, उत्तर प्रदेश, Centre for Social and Behaviour Change (CSBC) और Microsave Consulting टीमों द्वारा किया गया। कार्यशाला में जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने के लिए विकसित कौशाम्बी अभियान के इस तरह की कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता रहेंगा। उन्होंने बताया कि हम लोग यह उद्देश्य बनाकर कार्य करें, जिससे जनपद में मातृ मृत्युदर एवं शिशु मृत्युदर शून्य हो। गर्भवती व धात्री महिलाओं के समुचित पोषण व कुपोषित बच्चों के पोषण आदि पर कार्य करते हुए चिन्हित क्षेत्रों में अधिकतम सकारात्मक परिवर्तन लाना हैं। आप सभी नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण करके पूरे ग्राम स्तर पर आशा, ऑगनबाड़ी एवं अन्य ग्राम स्तरीय अधिकारियों के साथ टीम बनाकर सकारात्मक उर्जा के साथ कार्य करें।

प्रशिक्षण कार्यशाला में मुख्य रूप से नाटक एवं खेल के माध्यम से लिंग और कार्य पक्षपातों की पहचान करना एवं उसे संबोधित करना तथा विकसित कौशाम्बी अभियान के लिए समन्वय मॉडल के महत्व जैसे विषयों पर ध्यान केंद्रित किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करना है। इसके साथ ही जमीनी स्तर के कार्यकर्ता के साथ बातचीत कर टीम को मजबूत करते हुए मापदंडों की निगरानी करना, टीम बिल्डिंग सहयोग की भावना को बढ़ावा देना तथा व्यवहार परिवर्तन का उपयोग अपने जीवन की कार्यप्रणाली में लागू करना एवं सामुदायिक सहभागिता में सुधार के लिए व्यवहार परिवर्तन रणनीतियों को सुदृढ़ करना है, तभी विकसित कौशाम्बी का सपना साकार होगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, प्रभागीय वनाधिकारी राम सिंह यादव, सीएसबीसी श्रेया एवं दीपक प्रधान तथा सीएम फेलो सौम्या मिश्रा एवं राजेश कुमार तथा माइक्रोसेव टीम से शिवि उपाध्याय एवं शुभि सिंह उपस्थित रहीं।

# प्रधानाचार्य व कक्ष निरीक्षक के विरूद्ध कार्रवाई के निर्देश

**कौशाम्बी, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जिला विद्यालय निरीक्षक कौशाम्बी को 25 अप्रैल 2025 को दूरभाष द्वारा सूचना मिली थी, कि ग्राम लोधन का पुरवा तहसील मंझनपुर स्थित राजकीय हाईस्कूल में एन.आई.ओ.एस. द्वारा आयोजित इण्टरमीडियट की भौतिक विज्ञान की परीक्षा में किये जा रहे फजीर्वाडे व धांधली की शिकायत प्राप्त होने पर नायब तहसीलदार ओमप्रकाश सिंह तहसील मंझनपुर के साथ स्थल की जांच करने पर पाया गया कि विद्यालय के प्रधानाध्यापक (प्रभारी) कौशलेश मिश्र द्वारा बिना जिला विद्यालय निरीक्षक की अनुमति/अग्रसारण के केन्द्र बना लिया गया है तथा बगैर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय को सूचित किये विद्यालय में मनमाने तरीके से फर्जी तौर पर परीक्षा का संचालन किया जा रहा था। आयोजित परीक्षा दो कक्षो में की गयी थी, किन्तु कक्ष सं.-02 में मात्र 24 परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे थे, जिनकी जांच में 14 परीक्षार्थी फजी पाये गये। इससे प्रतीत होता है कि कक्ष सं.-02 में कक्ष निरीक्षक द्वारा परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र की समुचित जांच नही की गई। विद्यालय प्रधानाचार्य द्वारा मनमाने तरीके से परीक्षा कराने तथा सरकार की छवि धूमिल करने के लिये तथा विद्यार्थियों के जीवन से खिलवाड़ करने के लिये प्रधानाचार्य कौशलेश मिश्रा व शामिल अन्य कक्ष निरीक्षक के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी गयी है।

# यूपी बोर्ड : सन्निरिक्षा के लिए आवेदन 19 मई तक

**प्रयागराज, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)।** माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उप्र प्रयागराज द्वारा संचालित वर्ष 2025 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षा से सम्बंधित उत्तर पुस्तिकाओं की सन्निरिक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 19 मई निर्धारित है। यूपी बोर्ड सचिव भगवती सिंह ने बताया है कि सन्निरिक्षा शुल्क 500 रू. प्रति प्रश्नपत्र की दर से निर्धारित है। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित शुल्क चालान के माध्यम से राजकीय कोषागार में जमा करेंगे। तत्पश्चात ऑनलाइन भरे आवेदन के विवरणों को डाउनलोड कर उसके प्रिंटआउट के साथ सन्निरिक्षा हेतु जमा किये गये शुल्क के मूल चालान को उसके सत्यापन हेतु संलग्न कर उसे रजिस्टर्ड डाक से क्षेत्रीय कार्यालय को 19 मई तक प्रेषित करें।

# 'डान्स एन्जेलाइट्स डान्स' का समापन




**प्रतापगढ़, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** गुरुवार को कक्षा 6,7,एवं 8 के छात्र छात्राओं के मध्य हुआ और समापन नृत्य प्रतियोगिता के साथ शनिवार को विद्यालय के आडिटोरियम में सरस्वती वन्दना से आरम्भ हुआ। मुम्बई के प्रतिष्ठित रोहन ग्रुप डान्स स्कूल के ट्रेंड कोरियोग्राफर शुभम वर्मा ने बच्चों को बालीवुड नृत्य की बारीकियों से अवगत कराया और हिपहाप ट्रेनिंग भी दी। आज की नृत्य प्रतियोगिता में अचीवर हाउस से इशिता, सोनाक्षी, रिया, शिवांश, अंशिका, प्रियांशी, और आयुष्मान ने भाग लिया बिलीवर हाउस से अरीशा, आराध्या, सौभाग्या, स्वस्ति, अग्रता, वैदिक, स्वरा, आलमिन और मो. कासिम ने भाग लिया चैलेंजर हाउस से प्रज्ञा, यशस्वी, आस्था, रिद्धि, सिद्धि, समृद्धि, दीप्ति, वेदांशश सिंह नैतिक, अंश, भवानी, अर्श, और अवन्तिका ने भाग लिया कांकरर हाउस से सृष्टि, कृतिका, आयशा, कौष्टुभ, अभिषेक, अनुज और, वेदांश ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बिलीवर हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर समृद्धि, अग्रता, स्वस्ति, दीप्ति और आराध्या के एकल नृत्य ने कार्यक्रम को और भी रोचक बना दिया। कार्यक्रम का आयोजन एफ जीनत मैनेजर एच.आर द्वारा और कोआरडिनेशन सुमन सिंह, और तान्या दीवान के द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य श्री बी.के. सोनी ने बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिये शुभकामनाएं दीं।

# खेत में लगी आग से यूकेलिप्टस के पेड़ जले

**खीरों, रायबरेली, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** थाना क्षेत्र के खीरों कस्बा के अतरहर मार्ग पर हरीपुर मिरदहा गांव के पास खेतो में शुक्रवार की दोपहर 1 बजे अज्ञात कारणों से आग लग गयी । जिससे आसपास स्थित तीन बीघा खेतो में पड़ी पराली व लगभग 60 यूकेलिप्टस के पेड़ आग की चपेट में आकर जल गए। आग से खीरों निवासी मोबीन के खेत में लगने के बाद जसोदा यादव मोहनपुर, छोटेलाल कोरी की पराली जलकर राख हो गयी । जबकि जगदीश सोनी के खेत के मेड पर लगे 40 यूकेलिप्टस के पेड़ व मोबीन के खेत मे लगे 20 यूकेलिप्टस के पेड़ झुलस गए। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने काफी मेहनत कर आग पर काबू पाया।

# एनएचएम निदेशक ने किया जिला अस्पताल का दौरा



**रायबरेली, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की मिशन निदेशक और स्वास्थ्य सचिव पिंकी जोवल ने शनिवार को रायबरेली का एक दिवसीय औचक दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बछरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) और जिला अस्पताल का गहन निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण में सामने आई कमियों को तत्काल दूर करने के लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किए।

दौरे की शुरूआत बछरावां सीएचसी से हुई, जहां पिंकी जोवल ने आरोग्य मंदिर, विभिन्न वार्डों, प्रयोगशाला, और अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने साफ-सफाई, उपकरणों की उपलब्धता, और मरीजों को दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया। निरीक्षण के दौरान कुछ कमियां सामने आईं, जिन्हें देखते हुए उन्होंने सीएचसी अधीक्षक को तुरंत सुधार करने और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के निर्देश दिए।

इसके बाद मिशन निदेशक जिला अस्पताल पहुंचीं, जहां मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) प्रदीप अग्रवाल और डॉ. अल्ताफ हुसैन ने उनका स्वागत किया। यहां उन्होंने सबसे पहले रक्त जांच मशीनों की कार्यप्रणाली को समझा और उनकी कार्यक्षमता का जायजा लिया। इसके बाद इंजेक्शन रूम का निरीक्षण किया, जहां साफ-सफाई और व्यवस्था की स्थिति को परखा गया। टेलीमेडिसिन सेंटर का दौरा भी किया गया, जहां उन्होंने मरीजों को दूरस्थ चिकित्सा परामर्श प्रदान करने की प्रणाली की सराहना की, लेकिन कुछ तकनीकी सुधारों की आवश्यकता पर बल दिया।

जिला अस्पताल के वार्ड नंबर तीन में भर्ती मरीजों से पिंकी जोवल ने व्यक्तिगत रूप से बातचीत की और उन्हें मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं, दवाओं की उपलब्धता, और अस्पताल के कर्मचारियों के व्यवहार के बारे में जानकारी ली। मरीजों ने अपनी समस्याएं और अनुभव साझा किए, जिसे मिशन निदेशक ने गंभीरता से सुना। हालांकि, निरीक्षण के दौरान आशीष पाठक नामक एक व्यक्ति से उनकी मामूली झड़प भी हुई, जिसे बाद में सुलझा लिया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. नवीन चंद्रा पूरे दौरे के दौरान उनके साथ मौजूद रहे और निरीक्षण के दौरान मिले निर्देशों को लागू करने का आश्वासन दिया।

पिंकी जोवल ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को चेतावनी दी कि मरीजों की सुविधा और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर करने के लिए नियमित निरीक्षण और जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी।

# गुदड़ी के लाल ने रायबरेली का बढ़ाया सम्मान



**खीरों, रायबरेली, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** विकास क्षेत्र के गांव श्यामपुर मजरे हरीपुर निहस्था निवासी राघवेन्द्र शुक्ला पुत्र अवध नारायण शुक्ला ने इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में 468 अंक (93.4) प्रतिशत अर्जित कर उन्नाव जनपद में पहला स्थान व खीरो कस्बा निवासिनी अंशिका मिश्रा पुत्री उमाकांत मिश्रा ने 458 अंक (91.2) प्रतिशत के साथ छठवां अर्जित कर अपने परिजनों के साथ रायबरेली जनपद का नाम रोशन किया है।

दो वर्ष पूर्व खीरो ब्लाक के एक विद्यालय से शिक्षा ग्रहण करने वाले राघवेंद्र ने हाई स्कूल परीक्षा में जनपद में दशवा स्थान अर्जित कर आगे की पढ़ाई के लिए त्रिवेणी काशी इण्टर कालेज बिहार उन्नाव चले गए थे। जहाँ से इण्टरमीडिएट की संस्थागत परीक्षा में सम्मिलित होकर 93.04% अंक अर्जित कर उन्नाव जिले में प्रथम स्थान अर्जित किया है। राघवेंद्र शुक्ला के पिता अवध नारायण शुक्ला परास्नातक के साथ एक निजी विद्यालय के शिक्षक हैं। जबकि मां पुष्पा शुक्ला गृहिणी हैं। बाबा निरंजन प्रसाद शुक्ला प्रशिक्षित परास्नातक होने के बाद भी किसान हैं। जबकि दादी मनोरमा शुक्ला एक कुशल गृहिणी हैं।

छात्र राघवेन्द्र शुक्ला ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों, माता पिता और परिजनों व मित्रों को दिया है। वह भविष्य में सिविल इंजीनियर बनकर देश की सेवा करना चाहते हैं। वही शास्त्रीनगर खीरो की रहने वाली अंशिका मिश्रा के पिता उमाकान्त मिश्रा प्राइवेट विद्यालय में शिक्षक है। जबकि मां प्रीती मिश्रा गृहणी है। अंशिका मिश्रा पढ़ाई के बाद इंजीनियर बनकर देश सेवा करना चाहती है। राघवेंद्र शुक्ला व अंशिका मिश्रा की सफलता पर अवधनारायण शुक्ला, चाचा प्रेम नारायण शुक्ला, उमाकान्त मिश्रा, शिक्षक अनुराग यादव, सहित क्षेत्रीय लोगो ने खुशी का इजहार करते हुए मिठाई खिलाकर बधाई दिया है।

# न्यू कैंट प्रथम पाली ने जीता दोहरा खिताब



**प्रयागराज, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)।** केंद्रीय विद्यालय (केवि) संगठन की सम्भागीय क्रिकेट प्रतियोगिता में न्यू कैंट प्रथम पाली ने अंडर-14 और अंडर-17 आयु वर्ग के फाइनल मुकाबले जीतकर दोहरे खिताब पर कब्जा जमा लिया।केंद्रीय विद्यालय न्यू कैंट मैदान पर शनिवार को खेले गये अंडर-14 आयु वर्ग के फाइनल में न्यू कैंट द्वितीय पाली ने 8 ओवर में 3 विकेट पर 53 रन (अनुराग 22 नाबाद, पार्थ 2-08) बनाये।

जवाब में न्यू कैंट प्रथम पाली ने 6.5 ओवर में 2 विकेट पर 52 रन (पार्थ 21 नाबाद, सनी यादव 13 नाबाद, आतिफ 1-20) बना लिये। अंडर-17 आयु वर्ग के फाइनल में न्यू कैंट प्रथम पाली ने 12 ओवर में 7 विकेट पर 78 रन (अनुराग यादव 21, अविनाश कुमार 16, प्रणय 3-11) बनाकर एएफएस बमरौली को 9.1 ओवर में 30 रन (सूरज 07, उत्कर्ष कुमार 4-11, शौर्य जैसवार 2-02, अध्ययन कुशवाहा 2-08) पर समेट दिया। विजेता टीम को केवि न्यू कैंट के प्रधानाचार्य रवि प्रकाश ने मेडल एवं प्रमाण पत्र वितरित किये। पूरी प्रतियोगिता में शिशिर मेहरोत्रा, खुर्शीद अहमद, राहुल सिंह, राघवेंद्र राय, मोहम्मद नबी ने निर्णायक का दायित्व निभाया। इस मौके पर न्यू कैंट के क्रीड़ा प्रभारी अब्दुल कादिर व अभिषेक गुप्ता, अनुज त्यागी, शैलेंद्र, अजीत आदि मौजूद रहे।

# आतंकी हमले की अभाविप ने की घोर निंदा, मुसाफिरखाना में फूंका पाकिस्तान का पुतला

**अमेठी, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अमेठी के कार्यकताओं ने मुसाफिरखाना के गौरीगंज तिराहे पर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में प्रदर्शन किया। कार्यकताओं ने आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए आतंकियों का पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया।

प्रांत कार्यकारिणी सदस्य रोली सिंह ने कहा कि कश्मीर में निर्दोष तीर्थयात्रियों और पर्यटकों की हत्या का यह कृत्य मानवीय मूल्यों के खिलाफ है। उन्होंने बताया कि इस हमले में अब तक 27 नागरिकों की निर्मम हत्या हो चुकी है और कई लोग घायल हुए हैं। यह घटना देश की सामाजिक एकता और सुरक्षा व्यवस्था पर हमला है।

अभाविप ने शोक व्यक्त करते हुए मृतकों को श्रद्धांजलि दी और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। साथ ही दुख की इस घड़ी में शोक-संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की।

अभाविप अमेठी जिला के जिला संयोजक शैलेंद्र यादव ने कहा कि यह हमला आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को फिर से तेज करने का आह्वान करता है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद और उनके स्थानीय सहयोगियों को समाप्त करना बेहद जरूरी है, ताकि देश में शांति और स्थायित्व स्थापित किया जा सके। इस अवसर पर शिवानी अग्रहरि, शशांक यादव, हर्षित जायसवाल, मलिकार्जुन सिंह, नीरज शर्मा, विशाल मौर्या, प्रवेश कश्यप, वीर प्रताप यादव, अमर यादव, राघवेंद्र प्रताप सिंह, पिंटू यादव, शलोक, विवेक, एस पी, जानवी, महक, स्वाती, गरिमा, सिखा, जिस्म खान, रौनक, अजीत, आकांक्षा, मोनिका, शिवानी और वैष्णवी सिंह आदि शामिल थे।

# जनहित में है एक राष्ट्र-एक चुनावः सीमा द्विवेदी

**सुलतानपुर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने कहा कि एक राष्ट्र-एक चुनाव से समय और धन की बचत होगी। देश का विकास होगा। पहले भी लोकसभा और विधानसभा के चुनाव साथ-साथ हुए हैं। जनहित के लिए अब फिर साथ में चुनाव आवश्यक हैं। वह शनिवार को पयागीपुर के गनपत सहाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक राष्ट्र-एक चुनाव बिल के समर्थन में आयोजित महिला सम्मेलन को संबोधित कर रही थी। डॉ. तुल्लिका गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद ने कहा कि एक साथ चुनाव कराना कोई नई बात नहीं है। स्वतंत्र भारत में 1950 में संविधान लागू हुआ। उसके बाद 1951 से लेकर 1967 तक सभी राज्य की विधानसभाओं और लोकसभा के आम चुनाव साथ-साथ होते थे। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के पहले आम चुनाव 1951-52 में एक साथ आयोजित किए गए थे। यह परंपरा इसके बाद 1957, 1962 और 1967 के तीन आम चुनावों के लिए भी जारी रही। हालांकि, कुछ राज्य विधानसभाओं के समय से पहले भंग होने के कारण 1968 और 1969 में एक साथ चुनाव कराने में बाधा आई थी। पहली, दूसरी और तीसरी लोकसभा ने पांच वर्षों का अपना कार्यकाल पूरा किया। कहा लोकसभा व विधानसभा का अलग-अलग चुनाव कराना चुनौतियां बन गए हैं। उन्होंने कहा सरकार एक राष्ट्र एक चुनाव के लिए कमेटी बनाकर, आम लोगों से, आधी आबादी से, विभिन्न संगठनों व राजनीतिक दलों से लगातार चर्चा कर माहौल बना रही है। एक राष्ट्र एक चुनाव देश हित में है। उन्होंने पत्रकारों द्वारा पहलगाम आतंकी अटैक के सवाल पर घटना की भर्त्सना करते हुए कहा आतंकियों एवं उनके आकाओं पर कड़ा व निर्णायक प्रहार होंगा। मोदी सरकार पाकिस्तान और उनके सरपरस्त आतंकवादियों का नेस्तनाबूद करेंगी। एक सवाल के जवाब में कहा आधी आबादी के लिए सरकार ने कई योजनाएं चलाई हैं। जिससे महिलाएं स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बन रही हैं। महिलाओं के सम्मान के लिए सरकार कटिबद्ध है। मीडिया प्रभारी विजय रघुवंशी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्ष डॉ तूल्लिका गुप्ता ने सभी का धन्यवाद व आभार प्रकट किया।विशीष्ट अतिथि तेजेन्द्र कौर व सुभद्रा श्रेष्ठ एडवोकेट ने कहा बार-बार चुनाव होने से देश की प्रगति में बाधा उत्पन्न होती है। कार्यक्रम संयोजक व संचालक राणा प्रताप महाविद्यालय की एसिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. प्रीति प्रकाश ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एक राष्ट्र-एक चुनाव का विजन देश की के लिए आवश्यक है। समाजसेवी रेखा निषाद ने स्वागत भाषण दिया।

कार्यक्रम में महिला आयोग की पूर्व सदस्य सुमन सिंह, अनीता पाण्डेय, पूजा कसौधन, बबिता तिवारी, रेखा निषाद, सुमन राव कोरी, कमला सिंह, सुनीता अग्रवाल, रेनू सिंह, मंजू तिवारी, रचना सिंह, प्रीति शर्मा, लक्ष्मी सिंह, सरला द्विवेदी, कोकिला तिवारी, कंचन गुप्ता, रचना अग्रवाल, रागिनी मिश्रा, संगीता शुक्ला, प्रतिभा सिंह, विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि, शिक्षाविद, अधिवक्ता, डाक्टर्स आदि मौजूद रहे।

# पत्नी को बेरहमी से पीटा, हालत नाजुक

**रायबरेली, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** बछरावां थाना क्षेत्र के लोधई खेड़ा मजरे कुंडौली गांव में एक दहेज लोभी पति ने अपनी पत्नी को बेरहमी से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पिटाई के बाद आरोपी पति मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर महिला के मायके वाले मौके पर पहुंचे और उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले गए। महिला की हालत नाजुक होने के कारण डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। घायल महिला के मायके वालों ने आरोपी पति पर दहेज उत्पीड़न और क्रूर व्यवहार के गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस फरार आरोपी की तलाश में जुट गई है और मामले की तहकीकात कर रही है।


## कार्यालयः नगर निगम, शाहजहांपुर।

पत्रांकः- 558/ सं0अनु0/न0नि0शाह0/2025-26 दिनांक-26/अप्रैल/2025

### प्रेस विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम, शाहजहांपुर सीमान्तर्गत प्रयोक्ता शुल्क, ठेका वित्तीय वर्ष 2025-26 में दिनांक 01.04.2025 से दिनांक 31.03.2026 तक के लिए चार बार ई-निविदायें ऑनलाईन (etender.up.nic.in) के माध्यम से आमंत्रित की गई थी किन्तु शेष निम्नलिखित निविदाओं के लिए कोई निविदादाता द्वारा प्रतिभाग नहीं किया गया या न्यूनतम धनराशि से कम निविदा प्राप्त हुई थी।

अतः निम्नलिखित निविदाओं के लिए ऑफर लेटर की मांग दिनांक 29.04.2025 सांय 04:00 बजे तक सम्पत्ति अनुभाग में की जाती है। मदों के ऑफर लेटर की धनराशि का 25 प्रतिशत बैंक ड्राफ्ट नगर निगम, शाहजहांपुर के पक्ष में देय होगाः-

| क्र. सं. | मद | न्यूनतम धनराशि(2025-26) |
|---|---|---|
| 1. | ठेका मुर्दा उठाने जानवरान सीमा नगर निगम, शाहजहांपुर। | 3,30,000.00 |
| 2. | ठेका मछली मार्केट मो0अली मार्केट नगर निगम, शाहजहांपुर। | 1,80,000.00 |
| 3. | ठेका भूसा-घास पड़ाव वजीरगंज। | 8,41,500.00 |
| 4. | ठेका दो/चार पहिया वाहन पार्किंग स्टैण्ड, बहादुरगंज जेल के पीछे। | 2,01,000.00 |

प्रत्येक निविदादाता को दो प्रमाणित फोटो, हैसियत प्रमाण-पत्र एवं चरित्र प्रमाण-पत्र जो सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत हो और वर्तमान में वैध हो एवं आधार कार्ड तथा नगर निगम द्वारा निर्गत अदेयता प्रमाण-पत्र की प्रति संलग्न करना आवश्यक होगा। शर्तें किसी भी कार्य दिवस में सम्पत्ति अनुभाग में देखी जा सकती है। ऑफर लेटर पर स्वीकृति/अस्वीकृति का अन्तिम निर्णय नगर आयुक्त, नगर निगम, शाहजहांपुर का होगा।

**नगर आयुक्त**

# पहलगाम : कैंडल मार्च कर मृतकों को दी श्रद्धांजलि



हरदोई, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। पहलगाम में हुए क्रूर हत्याकांड के विरोध में कुबेर लाल जन सेवा संस्थान की संस्थापिका निरमा देवी जी द्वारा एक शांतिपूर्ण कैंडिल मार्च निकाला गया। यह मार्च मृतकों को श्रद्धांजलि देने और दोषियों को कड़ी सजा दिलवाने की मांग को लेकर आयोजित किया गया।

कैंडल मार्च के समापन पर शहीद उद्यान में एक श्रद्धांजलि सभा भी आयोजित की गई, जिसमें मृत आत्माओं की शांति हेतु मौन रखा गया।इस कैंडल मार्च में संस्थापित निरमा देवी , डॉ चित्रा मिश्रा ,रेशमा लता गुप्ता ,कमला गुप्ता,रेखा गुप्ता,मीनू गुप्ता,चेतना महेश्वरी, रीना गुप्ता,मीतू मिश्रा,विनीता पांडे,संजू श्रीवास्तव, सुधा गुप्ता,गीता गुप्ता, नेहा,रेखा गुप्ता,प्रशांत गुप्ता नितिन,सुमित श्रीवास्तव शेरू,अमित,अवधेश, सुभाष गुप्ता,आदि सदस्य उपस्थित रहे। आयोजन के माध्यम से संस्थान ने एकजुट होकर न केवल मृतकों को श्रद्धांजलि दी, बल्कि सरकार से इस कृत्य अपराध जो आतंकियों द्वारा किया गया उनके लिए कड़ी से कड़ी सजा और सख्त कार्यवाही की मांग की।

## भारत परिषद ने निकाला कैंडल मार्च

शाहजहांपुर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। भारत परिषद (भ्रष्टाचार विरोधी राष्ट्रीय संगठन) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्र भूषण पाण्डेय पूर्व न्यायाधीश एवं विधि सलाहकार राज्यपाल उत्तर प्रदेशएवं प्रदेश अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह के आदेश से मंडल अध्यक्ष बरेली युवा प्रकोष्ठ सैय्यद अजहर उस्मान के नेतृत्व में खुदागंज पक्का तालाब स्थित शहीद ठाकुर रोशन सिंह के प्रतिमा से कैंडल मार्च निकाला गया जिसमें इंकलाब जिंदाबाद भारत माता की जय एवं पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए एवं पाकिस्तान सरकार को बेकार एवं सड़ी गली सरकार कहा गया एवं जम्मू कश्मीर के पहलगाम के बाईसारण घाटी में आतंकियों द्वारा निर्दोष पर्यटकों पर हथियार बंद हमला किया गया जिसमें लगभग 28 नागरिकों की जान चली गई। उन सभी दिवंगत आत्माओं के लिए 2 मिनट के लिए मौन धारण किया गया एवं जो भी 24 से अधिक लोग घायल हुए उनके लिए जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना की गई कैंडल मार्च में उपस्थित लोग सैय्यद अजहर उस्मान मंडल अध्यक्ष बरेली युवा प्रकोष्ठ, सैफ अली मंडल सोशल मीडिया प्रभारी युवा प्रकोष्ठ बरेली, मो. फुरकान जिला सोशल मीडिया प्रभारी युवा प्रकोष्ठ शाहजहांपुर, शहजाद रसूल वरिष्ठ कार्यकर्ता भारत परिषद, सिराजुद्दीन वरिष्ठ कार्यकर्ता भारत परिषद, राशिद बेग वरिष्ठ कार्यकर्ता भारत परिषद, मोहसिन, रोहित शर्मा, मो. रियाज, आजम, समद, अभिषेक जैन, नैमिस रस्तोगी आदि लोग उपस्थित थे।

## सफाईकर्मी से मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

शाहाबाद/ हरदोई, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। दो दिन पूर्व नगर पालिका के सफाई कर्मचारी से की गई मारपीट के मामले में कोतवाली पुलिस ने नामजद आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। सफाई कर्मी सुनील कुमार पुत्र कन्हैयालाल के अनुसार वह 23 अप्रैल को अपनी हद में सफाई का कार्य कर रहा था।सुपरवाइजर सत्यप्रकाश के कहने पर वह रामलीला मैदान चौक में सफाई करने गया था।तभी चौक निवासी अमन सिंह चौहान ने उससे सफाई के संबंधित जानकारी मांगी उसने बता दिया। लेकिन विपक्षी ने उसे जातिसूचक गाली गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। घटना की लिखित सूचना पर कोतवाली पुलिस ने घायल सफाई कर्मी का मेडिकल परीक्षण करवा कर आरोपी के विरुद्ध दलित एक्ट और मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## औद्योगिक विकास की राह में समस्याओं का होगा त्वरित समाधान : डीएम

शाहजहांपुर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें जनपद के उद्यमियों के समक्ष आने वाली समस्याओं के समाधान को लेकर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को उद्यमियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए सख्त निर्देश दिए।

बैठक के दौरान, जिलाधिकारी ने अग्निशमन केंद्रों और यंत्रों की कमी के संबंध में कार्यदायी संस्था के अधिशासी अभियंता को निर्देश दिया कि मई माह तक इन कार्यों को पूर्ण करने का लक्ष्य रखा जाए। औद्योगिक क्षेत्र रोजा में नाला सफाई अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने उद्यमियों से पार्कों को गोद लेकर सफाई कराने का सुझाव दिया, ताकि उद्योग क्षेत्र की स्वच्छता सुनिश्चित की जा सके। इसके अतिरिक्त, विद्युत स्वीकृति के मामले में बनतारा और अटसलिया के बीच अस्थाई विद्युत कनेक्शन को 30 अप्रैल तक चालू करने के लिए विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया। औद्योगिक क्षेत्रों में ट्रिपिंग की समस्या को सुधारने और सड़कों से अतिक्रमण हटाने के भी आदेश दिए गए। जिलाधिकारी ने धारा 80 के निस्तारण में लापरवाही की शिकायतों का संज्ञान लेते हुए उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि छह माह में निस्तारित मामलों की जानकारी शीघ्र उपलब्ध कराई जाए। इसके साथ ही, बिजली और यातायात की समस्याओं के समाधान के लिए भी संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार, एसपी सिटी देवेंद्र कुमार, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेन्द्र कुमार, उपायुक्त उद्योग अनुराग यादव और उद्यमी उपस्थित रहे।

## बाल विवाह रोकथाम को ले महिला कल्याण विभाग ने चलाया अभियान

शाहजहांपुर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। अक्षय तृतीया (30 अप्रैल) के अवसर पर बाल विवाह की संभावनाओं को देखते हुए, महिला कल्याण विभाग द्वारा शुक्रवार को एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम क्रिश्चियन गर्ल्स हाई स्कूल में आयोजित हुआ, जिसमें छात्रों को बाल विवाह के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक अमृता दीक्षित ने बच्चों को बताया कि 18 वर्ष से कम आयु में लड़की या लड़के की शादी करना बाल विवाह कहलाता है। उन्होंने बताया कि बाल विवाह न केवल बच्चों के बचपन को छीनता है, बल्कि उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक विकास पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है। इससे बच्चों के भविष्य के अवसर घटते हैं और परिवार गरीबी के दुष्चक्र में फंस सकते हैं। अमृता दीक्षित ने बाल विवाह रोकने के लिए शिक्षा को बढ़ावा देने, जागरूकता फैलाने और सामाजिक-आर्थिक सुधारों के महत्व पर भी बल दिया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना तथा स्पॉन्सरशिप योजना सहित महिला कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी छात्राओं को दी गई। साथ ही पात्र बालिकाओं को ऑनलाइन और ऑफलाइन आवेदन प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या अल्पना सिंह, शिक्षिकाएं मीनाक्षी सक्सेना, वंदना, डोली, इल्मा खान, अमरीन, कुमुद, खुशी और फलक सहित लगभग 120 छात्राएं व स्टाफ के सदस्य उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने की राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक



हरदोई, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व वादों का निस्तारण तेजी से किया जाये।

म्यूटेशन के प्रकरणों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाये। वरासत से सम्बंधित वादों को अत्यंत गंभीरता से लिया जाये। पुराने वादों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाये। धारा 34 के वादों को तेजी से निस्तारित किया जाये। वादों के त्वरित निस्तारण के लिए कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जाये। निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही के लिए जवाबदेही तय की जाएगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी विरा प्रियंका सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## अवैध होर्डिंग्स पर होगा जुर्माना : नगर आयुक्त

शाहजहांपुर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। महानगर में लगे अवैध होर्डिंग्स/बैनर को हटाए जाने हेतु विशेष अभियान चलाकर जुमार्ना वसूल किये जाने के निर्देश नगर आयुक्त डॉ0 बिपिन कुमार मिश्र द्वारा दिये गए है, जिसके अनुपालन में आज प्रवर्तन दल टीम द्वारा महानगर क्षेत्र के खिरनीबाग चैराहे से सुभाष चौराहा, पुत्तुलाल चैराहा, सराय काइयां, हरदोई बाईपास और पक्का पुल से हनुमत धाम होते हुए अंटा चैराहे तक अवैध होर्डिंग/बैनर हटाये गए।

नगर आयुक्त डॉ0 बिपिन कुमार मिश्र द्वारा बाजार, गोविंदगंज आदि क्षेत्रों का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था को देखा व अपनी उपस्थिति में साफ-सफाई के कार्य को कराया तथा सफाई व्यवस्था को दुरस्त रखने हेतु सम्बंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। नियमित रूप से एंटीलार्वा छिड़काव कार्य को कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के समय क्षेत्रीय सफाई नायक उपस्थित रहे।

सी0एम0 ग्रिड योजना के अंतर्गत शहीद अहमद शाह उल्ला शाह पार्क से तेलटंकी रोड पर निमार्णाधीन स्मार्ट रोड का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की स्थिति को देखा। निर्माण कार्य हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए व निर्माण कार्यों को ससमय पूर्ण किये जाने हेतु एक सम्बंधित को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के समय सहायक अभियंता निर्माण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### युवक के साथ मारपीट, तीन पर रिपोर्ट दर्ज

हरपालपुर/हरदोई, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। कोतवाली क्षेत्र के सेमरिया गांव निवासी रवि 20 पुत्र बलराज ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि शुक्रवार की रात उसकी चचेरी बहन सविता की बारात में द्वारचार समारोह चल रहा था इसी दौरान डायल 112 गाड़ी को रास्ता देने को लेकर पलिया गांव निवासी भूतपूर्व सैनिक सत्येंद्र सिंह उर्फ भूरा पुत्र रामेश्वर ने शराब के नशे में लोगों को गाली गलौज करने लगे।अपनी लाइसेंसी राइफल व रिवाल्वर निकालकर भीड़ पर फायर करने का प्रयास किया विवाद के बीच गाड़ी से दो अज्ञात व्यक्तियों ने रवि को खींचकर अंदर डालकर धक्कामुक्की व मारपीट की। जिससे युवक के गंभीर चोटे आई हैं प्रभारी निरीक्षक बालकृष्ण मिश्र ने बताया कि तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### युवती फंदे पर झूली, मौत

हरपालपुर/हरदोई, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। अरवल थाना क्षेत्र के जसमई गांव में शनिवार की सुबह एक युवती संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे पर झूल गयी। जिससे उसकी मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अरवल थाना क्षेत्र के जसमई गांव निवासी बबली 19 वर्ष पुत्री सुरेंद्र का शव शनिवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर छत के कुंडे में दुपट्टे से फंदे पर झूलता मिला। परिजनों के मुताबिक करीब एक वर्ष पूर्व कन्नौज जिले के पैंदापुर गांव में उसकी शादी तय हुई थी। शुक्रवार की शाम उसकी मंगेतर से मोबाइल फोन पर वात हुई। इसके बाद उसने फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना पाकर फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की है। मृतका अपने दो भाइयों से बड़ी थी। थानाध्यक्ष विवेक वर्मा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### किसानों ने एसडीएम को सौंपा पत्र

कोंच/उरई, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। किसानों ने अपने खेतों में मूंग की फसल बोई हुई है और फसल भी अच्छी उगी है लेकिन अगर फसल को पानी नहीं मिलता है तो वह सूख जाएगी और किसान की मेहनत बर्बाद हो जाएगी क्योंकि कैलिया फीडर बंद होने से विद्युत सप्लाई ट्यूबवेलों में नहीं मिल पा रही है। जिसके कारण किसान फसल में पानी नहीं लगा पा रहा है और जब विद्युत कार्यालय फीडर खोले जाने की बात कहते हैं तो कोई जबाव नहीं मिलता है। तब खैरी किशुनपुरा देवगांव के किसानों ने दिन शनिवार को उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह को एक पत्र सोंपते हुए विद्युत एसडीओ को अभिलम्ब कैलिया फीडर चालू किये जाने के निर्देश दिए जाने की मांग की है। इस दौरान आशीष कुमार, मयंक सिंह, कृष्ण औतार, रणजीत सिंह, पवन सिंह, कमलेश तिवारी, हरी प्रकाश, जितेंद्र, अमित, शिवम, दीपक, नंद किशोर, भानु, रामकेश, ओमकार, रामानंद, छोटेराजा, राम स्वरूप निरंजन सहित तमाम किसान मौजूद रहे।

## सवारियों से टप्पेबाजी करने वाले दो युवक कार सहित गिरफ्तार




हरदोई, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में महिला के साथ 17 अप्रैल को हुई टप्पेबाजी की घटना में कार सहित दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।पुलिस ने घटना में प्रयुक्त कार को सीज कर दिया है।

17 अप्रैल को करुणा देवी पत्नी कमलेश निवासी ग्राम गैदरा थाना बेहटा गोकुल द्वारा कोतवाली देहात पर तहरीर दी गई कि वह अपने घर जाने हेतु ढोलिया चौराहा थाना सुरसा से कार में बैठ गयी, जिसके उपरांत कार में सवार दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चेकिंग होने का बहाना बनाते हुए उसको अपना कीमती सामान रखने के लिये लिफाफा दिया गया तथा कुछ दूर चलने के बाद कार खराब होने का बहाना बनाते हुए उसके पास रखे लिफाफे को बदलकर मौके से फरार हो गये। इस संबंध में पीड़िता की तहरीर के आधार पर कोतवाली देहात पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की थी।कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह निरीक्षक ध्रुव कुमार व पुलिस बल और स्वाट टीम द्वारा उपरोक्त अभियोग में विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान प्रकाश में आये शोहव पुत्र इदरीश निवासी मोहल्ला कैरौगंज थाना कोतवाली चौक जनपद शाहजहाँपुर और दीपक उर्फ राकेश पुत्र पंचूराम निवासी ग्राम पिपौरा थाना मादगुआ जनपद छतरपुर मध्य प्रदेश को 21300 रुपये नगदी व घटना में प्रयुक्त एक कार सहित गिरफ्तार किया गया है।पुलिस टीम को पूछताछ करने पर गिरफ्तार अरोइयों ने बताया दोनों वाहन के इन्तजार में खडी सवारी को चिन्हित कर उन्हे अपनी कार में बैठा लेते थे तथा कुछ दूर चलने के बाद आगे चेकिंग होने का बहाना बनाते हुए सवारी को अपना कीमती सामान रखने के लिये लिफाफा देते थे। जिसके उपरांत दोनों उक्त लिफाफे को बदलकर मौके से फरार हो जाते थे।पुलिस ने गिरफ्तार दोनों टप्पेबाजों को जेल भेज दिया है।

## लावारिस मिली बच्ची को पुलिस ने परिजनों के किया सुपुर्द



हरदोई, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र के प्रताप नगर चौराहा बस स्टैंड के पास मिली लावारिस बच्ची को पुलिस ने थाने लाकर परिजनों को ढूंढकर उनके सुपुर्द किया है। शनिवार को थाना बेनीगंज पुलिस को प्रतापनगर बस स्टैंड के निकट एक 12 वर्षीय बच्ची मिली जोकि अपने परिजनों से बिछड गयी थी। थाना बेनीगंज पुलिस द्वारा गुमशुदा बच्ची को थाने पर लाया गया एवं चाइल्ड हेल्पलाइन को सूचित किया गया।

थाना बेनीगंज के उपनिरीक्षक गोपाल मणि शुक्ला व पुलिस बल द्वारा स्थानीय व्यक्तियों व सोशल मीडिया आदि के माध्यम से बच्ची के परिजनों का पता लगाया गया तथा विधिक कार्यवाही पूर्ण होने के उपरांत बच्ची को सकुशल परिजनों को सुपुर्द किया गया ।परिजनों द्वारा थाना बेनीगंज पुलिस टीम का धन्यवाद व्यक्त एवं आभार प्रकट किया गया।

## आतंकी हमले में मृतकों को दी श्रद्धांजलि

रामपुर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। शनिवार को रामपुर पब्लिक स्कूल में पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई और स्कूली बच्चों ने स्कूल में 2 मिनट का मौन धारण किया। शनिवार को रामपुर पब्लिक स्कूल में प्रार्थना सभा में कहा कि रामपुर पब्लिक स्कूल का हर सदस्य पहलगाम में हुई दुखद घटना से बहुत आहत है। इस घटना में जिन लोगों ने अपनी जान गंवाई है उनके परिवारों के प्रति हमारी गहरी संवेदनाएं हैं। हम इस कठिन समय में उनके साथ हैं यह बहुत ही दुखद समय है और हम उन सभी लोगों के बारे में सोच रहे हैं जिन्होंने इस घटना में अपनों को खोया है हमारी प्रार्थनाएं उनके साथ हैं।

## तेज रफ्तार ऑटो की टक्कर से बाइक सवार की मौत

### बहन के विवाह के निमंत्रण पत्र बांटने शाहाबाद आया था युवक

शाहाबाद/हरदोई, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। कोतवाली क्षेत्र के आंझी चौकी क्षेत्र के ओवरब्रिज के निकट एक तेज रफ्तार ऑटो चालक ने बहन के विवाह के निमंत्रण बांट रहे बाइक सवार को टक्कर मार दी।घायल बाइक सवार को सीएचसी के डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

प्राप्त विवरण में कोतवाली शहर थाना क्षेत्र के ग्राम भगतापुर भिठारी निवासी विशाल का 20 वर्षीय पुत्र अजय कुमार अपने भाई की बाइक संख्या यूपी 30बीपी 4293 से अपनी बहन के विवाह के निमंत्रण पत्र बाटने शाहाबाद की तरफ गया था।25 अप्रैल की शाम उसका पुत्र स्टेशन पर किसी को कार्ड देने जा रहा था।रेलवे ओवर ब्रिज के निकट सामने से रहे तेज रफ्तार ऑटो संख्या यूपी 30 सीटी 0880 के चालक ने तेज रफ्तार में सामने से उसके पुत्र की बाइक में टक्कर मार दी।लोगों द्वारा उसके पुत्र को 108 एंबुलेंस से सीएचसी शाहाबाद भिजवाया गया।जहां डाक्टरों ने उसके पुत्र को मृत घोषित कर दिया।सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हरदोई भेजा है।प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश राय ने बताया मृतक के परिजनों की तहरीर के आधार पर ऑटो चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## दो बच्चों की मां फरार, प्रेमी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

शाहाबाद /हरदोई, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता अपने दो बच्चों सहित प्रेमी के साथ फरार हो गई। पीड़ित पति की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर विवाहिता की तलाश शुरू की है। पीड़ित पति के अनुसार उसकी तीस वर्षीय पत्नी मोबाइल पर किसी से बात किया करती थी।20 अप्रैल को दिन में तीन बजे वह 5 वर्षीय और दो वर्षीय दोनों बच्चों को लेकर घर से दवा लेने के बहाने कहीं चली गई है।उसने पत्नी और बच्चों को काफी तलाश किया लेकिन कोई पता नहीं चल सका है।उसे शक है वही मोबाइल नंबर वाला अज्ञात युवक उसकी पत्नी को बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया है।कोतवाली पुलिस ने पति की तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर विवाहिता की तलाश शुरू कर दी है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्र को विकास के विजन के साथ बढ़ा रहे आगे : आकाश

रामपुर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्र को विकास के विजन के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। एक राष्ट्र,एक चुनाव देश के विकास की गति को और तेज करने में सहायक होगा। वह हाइवे स्थित एक होटल में आयोजित भाजपा के व्यापारी सम्मेलन बोल रहे थे। शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। उसी को ध्यान में रखते हुए सभी योजनाएं बनाई जा रही हैं। कहा कि वर्तमान व्यवस्था में देश में हर वक्त कोई न कोई चुनाव हो रहा होता है, जिससे प्रशासनिक दक्षता का काफी अधिक समय चुनाव संपन्न कराने में लग जाता है।


## कार्यालय : ग्राम पंचायत पिपरहवा विकास खण्ड जोगिया, जनपद-सिद्धार्थनगर

पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2025-26 दिनांकः 26.04.2025

### अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत पिपरहवा विकास खण्ड जोगिया द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/तेरहवा वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, वायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक-29.04.25 को 12.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय पिपरहवा के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक-29.04.25 को 2.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपराचिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु0-5000/ रुपए (पाँच हजार) होगी।

**नियम व शर्तेः-**

1. जिस आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुन दरें वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायत, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी व रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/ एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत पिपरहवा कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

(मनमोहन)
प्रधान
ग्राम पंचायत पिपरहवा
विकास खण्ड जोगिया
जनपद-सिद्धार्थनगर

(मोहम्मद मुस्तफा)
सचिव
ग्राम पंचायत पिपरहवा
विकास खण्ड जोगिया
जनपद-सिद्धार्थनगर


## श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल में हनुमान चालीसा का नियमित पाठ और भारतीय परंपराओं का अभ्यास बन रहा उदाहरण





हरदोई, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ यदि बच्चों को संस्कार और संस्कृति की सीख भी मिले तो उनके समग्र विकास की नींव मजबूत होती है। इसी उद्देश्य को लेकर श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल ने एक सराहनीय पहल की है, जिसके अंतर्गत विद्यालय में हर सप्ताह मंगलवार और शनिवार को सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ कराया जाता है। इस अनूठी पहल का उद्देश्य बच्चों को भारतीय संस्कृति, सनातन धर्म और मूल्यों से जोड़ना है, जिससे वे न केवल पढ़ाई में आगे रहें, बल्कि एक अच्छे इंसान भी बनें।

विद्यालय में प्रतिदिन प्रार्थना सभा के दौरान बच्चों को संस्कार, आचार और व्यवहार की शिक्षा दी जाती है। बच्चों को हाय बाय टाटा के स्थान पर राधे राधे, जय सियाराम बोलना सिखाया जाता है।शिक्षकों द्वारा उन्हें समझाया जाता है कि घर में माता-पिता और बड़ों का सम्मान करना, सुबह उठकर धरती माता को प्रणाम करना, और माता-पिता के चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद लेना हमारे संस्कृति की मूल पहचान है। बच्चों को यह भी बताया जाता है कि स्कूल आने से पहले और घर लौटने के बाद माता-पिता के पैर छूकर आशीर्वाद लेना केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि आत्मीयता और सम्मान का प्रतीक है।

विद्यालय प्रशासन का मानना है कि बच्चों को बचपन से ही यदि धार्मिक और सांस्कृतिक शिक्षा दी जाए तो वे भविष्य में जिम्मेदार, अनुशासित और नैतिक नागरिक बन सकते हैं। हनुमान चालीसा जैसे धार्मिक पाठ बच्चों के मन में भक्ति, साहस और आत्मबल की भावना उत्पन्न करते हैं, वहीं माता-पिता और गुरुजनों के प्रति श्रद्धा का भाव उन्हें विनम्र और कृतज्ञ बनाता है।

इस प्रयास को न केवल विद्यार्थियों बल्कि अभिभावकों और समाज के प्रबुद्धजनों का भी भरपूर समर्थन मिल रहा है। यह पहल शिक्षा जगत में एक प्रेरणादायी उदाहरण बनती जा रही है, जिससे यह साबित होता है कि यदि विद्यालय चाहे तो पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ नैतिकता और संस्कृति की शिक्षा भी बच्चों को प्रभावी रूप से दी जा सकती है। श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल की यह पहल निश्चित ही सनातन मूल्यों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने की एक सशक्त कड़ी बनती जा रही है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
**तरुणमित्र**
श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार
रविवार, 27 अप्रैल 2025
विक्रम संवत्- 2082, बैसाख कृष्ण पक्ष- अमावस्या

# मोदी पर निगाहें

पहलगाम हमले के बाद शक की सुई सीधे पाकिस्तान सेना और उसके चीफ असीम मुनीर की तरफ घूम गई है। हमले से ठीक 6 दिन पहले असीम ने कश्मीर को पाकिस्तान के 'गले की नस' कहा था। पाक आर्मी चीफ असीम मुनीर का दिया बयान कहीं न कहीं इस हमले की ओर इशारा करता है और अब तो पाकिस्तान के रक्षामंत्री ने भी स्वीकार कर लिया है कि पाकिस्तान अमेरिका जैसे देशों के दबाव में आतंकवादी ट्रेनिंग कैम्प चलाता आया है। हालांकि उन्होंने पहलगाम हमले में भारत की संलिप्तता स्वीकार नहीं की है लेकिन हालात चीख -चीख कर यही कह रहे हैं। सर्वदलीय बैठक में नेता प्रतिपक्ष सदन राहुल गाँधी सहित सभी दलों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आतंक मिटाने के लिए हर प्रकार की कार्यवाही के लिए स्वतंत्र कर दिया है। विदेशी राष्ट्र भी आतंकवाद के मामले में भारत के साथ खड़े हैं, ऐसे में यही कयास लगाए जा रहे है कि भारत सरकार डिप्लोमैटिक कदमों के साथ सैनिक कार्यवाही के लिए देर सवेर जरुर जाएगी। प्रधानमंत्री ने बिहार में एक रैली में कहा भी है कि पहलगाम के दोषियों को मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है और आतंकियों को कल्पना से भी बड़ी सजा मिलकर रहेगी। हम उन्हें धरती के अंतिम छोर तक खदेड़ेंगे। पाकिस्तान सीधे युद्ध में भारत के सामने कहीं नहीं टिक सकता, लेकिन उसके पास मौजूद परमाणु शक्तियां हैं, वह इन्हें लेकर भारत को धमका भी रहा है और विश्व को दोनों देशों के पास परमाणु आयुधों का हवाला देकर संभावित जंग टालने के प्रयास में भी है। न्यूक्लियर पावर के मामले में भारत और पाकिस्तान लगभग एक जैसी ताकत रखते हैं। भारत के पास करीब 160 परमाणु हथियार हैं। वहीं पाकिस्तान के पास 170 से 200 तक न्यूक्लियर वेपन बताए जाते हैं। हालांकि, असली संख्या की कोई आधिकारिक जानकारी नहीं है। भारत के पास ट्रायड न्यूक्लियर पावर है, यानी वह जमीन, आसमान और समुद्र तीनों जगह से परमाणु हमला कर सकता है। न्यूक्लियर वेपन्स को भारत पृथ्वी और अग्नि सीरीज की मिसाइल्स (रेंज 700 से 8000 किलोमीटर) से लॉन्च कर सकता है। इसके अलावा आईएनएस अरिहंत जैसी न्यूक्लियर सबमरीन से के -15 सागरिका और के -4 मिसाइल्स लॉन्च कर न्यूक्लियर अटैक किया जा सकता है। वहीं मिराज-2000, जगुआर और राफेल जैसे जहाज न्यूक्लियर मिसाइल लॉन्च कर सकते हैं। पाकिस्तान के पास शाहीन-3, बाबर और राद जैसी क्रूज मिसाइल्स हैं, जो न्यूक्लियर वेपन ले जा सकती हैं। उसके पास एफ -16 और जेएफ -17 जैसे न्यूक्लियर वेपन ले जा सकने वाले जेट्स हैं। हालांकि, अभी पाकिस्तान के पास न्यूक्लियर अटैक सबमरीन नहीं हैं, पर वह बाबर जैसी मिसाइल्स को पनडुब्बियों से लॉन्च करने की तकनीक डेवलप कर रहा है। ग्लोबल फायरपावर इंडेक्स 2025 के मुताबिक, सैन्य क्षमता के मामले में भारत दुनिया भर में चौथे नंबर पर है, जबकि पाकिस्तान बारहवें नंबर पर है। डिजिटल वॉरफेयर के मामले में भी भारत पाकिस्तान से बहुत आगे है। भारत ने पाकिस्तान से लगे बॉर्डर पर निगरानी बढ़ा दी है। भारत के पास उरी की तरह सर्जिकल स्ट्राइक करने का ऑप्शन है। इसके अलावा भारत ने अरब सागर में युद्धपोत भेजकर मिसाइल परीक्षण भी कर लिया है। खास बात यह है कि भारत -पाक के बीच जंग के हालात होने के बावजूद किसी भी देश ने जंग टालने की अपील न कर आतंक से निपटने के मामले में भारत के साथ खड़े रहने का वचन दिया है।

### लिया है हमने ठान !

सोए नहीं मुनीर ।
बिलख रहे शहबाज ।।
अभी तो हमने कुछ भी ।
किया नहीं आगाज ।।
चालू गीदड़भभकी ।
समझ नहीं कुछ आए ।।
आने वाली आफत ।
डर अब यही सताए ।।
नहीं है कोई दोस्त ।
आकर जो बचाए ।।
ऐक्शन वाला पल ।
कब किधर से आए ।।
दुनिया भी अब मान गई ।
लिया है हमने ठान ।।
तय मिट्टी में मिलना ।
नाम पाकिस्तान ।।



कृष्णेन्द्र राय

### सूडोकु नवताल- 7413

✶✶✶✶✶ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7412 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

# पाक समर्थित आतंकवाद को कुचलने का वक्त



रोहित माहेश्वरी

**इसमें दो राय नहीं कि सीमा पार पाक के सत्ता प्रतिष्ठानों की शह पर कट्टरपंथी ताकतों की साजिश के चलते पहलगाम में पर्यटकों पर हुआ हमला बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है, जो आतंकियों की हताशा को ही दर्शाता है।**

पहलगाम में हुआ हमला बीते 6 साल में कश्मीर में सबसे बड़ा टेररिस्ट अटैक है। इससे पहले पुलवामा में आतंकियों के हमले में 40 जवानों की मौत हुई थी। हमले की जिम्मेदारी द रजिस्टेंस फ्रंट यानी TRF ने ली है। बीते कुछ साल में जम्मू-कश्मीर में होने वाले सभी छोटे-बड़े हमलों की जिम्मेदारी कश्मीर टाइगर या द रजिस्टेंस फ्रंट ने ही ली है। जम्मू-कश्मीर में करीब 20 साल तीन आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन सबसे ज्यादा चर्चा में रहे। 2019 के बाद इन आतंकी गुटों ने प्रॉक्सी नाम रखने शुरू किए। टीआरएफ का सुप्रीम कमांडर शेख सज्जाद गुल है। श्रीनगर में पैदा हुआ शेख सज्जाद अभी पाकिस्तान में है।

मीडिया ने हमले के दौरान मौजूद टूरिस्ट, पुलिस और डिफेंस एक्सपर्ट से हमले के तरीके, टाइमिंग और वजहों पर पड़ताल की। एक्सपर्ट मानते हैं कि हमला करने वाले आतंकी पाकिस्तान से आए थे। लोकल मिलिटेंट टूरिस्ट पर हमला नहीं करते। ये हमला उन्होंने हिंदुओं और मुसलमानों के बीच दरार डालने के लिए किया है। मौके पर मौजूद दुकानदारों के मुताबिक, आतंकियों ने दुकानों से कुछ दूर झाड़ियों से फायरिंग की। गोलियां लगने से टूरिस्ट वहीं गिर गए। फायरिंग के बाद आतंकी भाग गए। सोर्स के मुताबिक, हमले में मरने वालों में लोकल कश्मीरी और विदेशी भी शामिल हैं। विदेशी नागरिक नेपाल और सऊदी अरब के हैं।

जानकारों के मुताबिक, कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाए जाने के बाद हालात जिस तरह से सामान्य हुए हैं। उसमें खलल डालने के लिए ये हमला किया गया है। टूरिस्टों पर हमला कर लोकल लोगों का बिजनेस ठप करने की कोशिश की गई है। पूरी वारदात भारत को नीचा दिखाने के लिए और हिंदू-मुसलमानों के बीच दरार डालने के लिए की गई है। आतंकियों ने नाम पूछकर लोगों को मारा है। ये भी काफी कुछ कहता है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद से कश्मीर जाने वाले हिंदू सैलानियों और कामगारों की संख्या में गिरावट आ सकती है। आतंकियों ने हिंदुओं को चुन-चुनकर मारा है। यानी आतंकियों का मैसेज साफ है कि वो कश्मीर में हिंदुओं को नहीं देखना चाहते। चाहे वो टूरिस्ट ही क्यों न हों।

कश्मीर घाटी में 80-90 के दशक में कट्टरता और आतंकवाद हावी था। तब कश्मीरी पंडितों के खिलाफ नफरत 1989 के आखिर में बहुत जहरीली हो गई थी। उन्हें लाउडस्पीकर पर चेतावनी देकर कश्मीर छोड़ने के लिए कहा जाता था। अशोक कुमार पांडे अपनी किताब 'कश्मीर और कश्मीरी पंडित' में लिखते हैं कि उस समय कश्मीरी पंडितों और अखबारों में घर छोड़ने की जो धमकियां दी गई थीं वो हिजबुल मुजाहिदीन के लेटर पैड पर दी गई थीं। जेकेएलएफ और हिजबुल हिंसा की अगुआई कर रहे थे। उनके साथ करीब दो दर्जन छोटे-मझोले इस्लामिक संगठन पंडितों की जान के दुश्मन बने हुए थे। तब चेतावनी दी जाती थी कि पंडित मर्द भाग जाएं, उनकी औरतें यहीं रहें।

कश्मीर की त्रासदी झेलने वाले राहुल पंडिता अपनी किताब 'अवर मून हैज ब्लड क्लॉट' में लिखते हैं कि 19 जनवरी 1990 की रात मस्जिद के लाउडस्पीकर से लगातार आवाजें आ रही थी। मेरे मामा और पिताजी कुछ बात कर रहे थे। तभी बाहर जोर से आवाज आई 'नारा ए तकबीर, अल्लाह हु अकबर'। फिर आवाज आई, हम क्या चाहते..आजादी, ए जालिमो, ए काफिरो, कश्मीर हमारा छोड़ दो। फिर कुछ देर में नारेबाजी थम गई। जब मेरी मां ने इसे सुना तो वो कांपने लगीं। उन्होंने कहा कि भीड़ चाहती है कि कश्मीर को पाकिस्तान में बदल दिया जाए। उसमें पंडित मर्द न हों, लेकिन उनकी औरतें हों। कश्मीर में कश्मीरी पंडितों के पलायन के बाद अब वहां हिंदू आबादी न के बराबर बची है।

जाहिर है, पहले की तरह इस बार भी आतंकी हमले के जरिये भारत को विश्व समुदाय के सामने कमतर या खंडित साबित करने की पाकिस्तान की मंशा बेकार साबित हुई। उल्टे पाकिस्तान की तरफ से आये हुए कुछ बयानात उसे ही संदेह के घेरे में डालते हैं। इस घटना के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कदम उठाए हैं। पहलगाम हमले के दूसरे दिन पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए भारत ने 5 बड़े फैसले लिए हैं। इसमें 65 साल पुरानी सिंधु जल संधि को रोका गया है। अटारी चेक पोस्ट के बंद होने से पाकिस्तान के लोगों की आवाजाही रुकेगी, हाई कमीशन से डिफेंस एडवाइजर्स हटाए और कम किए, भारत ने अपने डिफेंस एडवाइजर्स भी वापस बुलाए हैं। पाकिस्तान ने भी शिमला समझौता रद्द करने के अलावा कई कदम उठाये हैं। पाकिस्तान की पीड़ा सिंधु जल समझौते को लेकर है। भारत के पाकिस्तान से तीन युद्ध हो चुके हैं, लेकिन भारत ने कभी भी पानी नहीं रोका था, लेकिन पाकिस्तान हर बार भारत में आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार होता है।

पहलगाम में आतंकी हमले से जम्मू कश्मीर के लोग भी आहत हैं। इतना ही नहीं, कश्मीर की मस्जिदों से ऐलान किया गया। सरकार से ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की अपील की गई। यह कश्मीर में बदली फिजां का एक और नमूना है। क्योंकि अब वहां आतंकियों के समर्थक नहीं दिखते।

पहलगाम हमले के बाद वहां के लोगों ने कैंडल मार्च निकाला। इसकी गूंज पाकिस्तान तक जरूर पहुंचेगी। हमले के दो घंटे बाद कश्मीर की मस्जिदों से एक ऐतिहासिक ऐलान हुआ। कहा गया, पहलगाम हमला इस्लाम और मानवता के खिलाफ है। आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता और यह हमला कश्मीर की शांति और एकता को नष्ट करने की साजिश है।

जम्मू-कश्मीर के बारामूला में स्थानीय लोगों ने पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ कैंडल मार्च निकालकर विरोध जताया। वहीं श्रीनगर में स्थानीय लोगों ने मोमबत्ती जलाकर विरोध जताया। अगस्त 2019 में मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल-370 हटा दिया था। 10 साल बाद 2024 में जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव हुए। नेशनल कॉन्फ्रेंस की अब्दुल्ला सरकार बनी। हालात सामान्य होने लगे थे। इस दौरान कश्मीर में टूरिज्म बढ़ा है। दूसरे राज्यों से लोग काम के सिलसिले में भी कश्मीर आने लगे। यही वजह रही कि जहां 2020 में कश्मीर में मात्र 34 लाख पर्यटक आए थे, वहीं 2024 में दो करोड़ 35 लाख टूरिस्ट देश-विदेश से आए।

निःसंदेह, पहलगाम की घटना ने पूरे देश को दुःखी किया है। जैसे-जैसे आतंकियों के निर्मम हमले से जुड़ी कहानियां निकल रही हैं, समाज में तल्ख प्रतिक्रिया नजर आ रही है। भारत के जवाब में पाकिस्तान ने भी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की बैठक के बाद भारत के साथ व्यापार पर रोक, वाघा बॉर्डर बंद करने और भारतीय विमानों के लिए पाकिस्तानी वायु क्षेत्र के इस्तेमाल पर रोक लगाने का फैसला किया है। लेकिन जाहिर है, इनका भारत पर कोई खास असर नहीं पड़ने वाला। ऐसे ही, सिंधु जल समझौता स्थगित करने के भारतीय फैसले को पाकिस्तान ने जिस तरह युद्ध का ऐलान बताया है, वह उसकी गीदड़ भभकी ही ज्यादा है। सच तो यह है कि पाकिस्तान आज दुनिया में जिस तरह अलग-थलग पड़ गया है, वैसी स्थिति में वह इससे पहले कभी नहीं था। अमेरिका, अफगानिस्तान, खाड़ी देश- कहीं उसका कोई मददगार नहीं है।

अमेरिकी कारोबारी आक्रामकता का सामना करते चीन के पास भी फिलहाल पाकिस्तान के साथ खड़े होने का अवसर नहीं है। ध्यान रखना चाहिए, अभी तो सिर्फ पाकिस्तान को घेरने की कवायद की गयी है। उसके खिलाफ सख्त सैन्य कार्रवाई का विकल्प भी खुला है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

# झुलसाती लू और धूल के गुबार से जीना दुश्वार



बाल मुकुंद ओझा

गर्मी हो या सर्दी जलवायु परिवर्तन के अजब गजब नजारों से देश को दो दो हाथ करने पड़ रहे है। यह मौसम गर्मी का है। तेज और झुलसाने वाली गर्मी, लू के साथ आंधीए तूफानए बारिश और उड़ने वाले रेतीले गुब्बारों ने जीना दुश्वार कर दिया है। रेतीले टीलों से आच्छादित राजस्थान सहित उत्तर भारत के अनेक प्रदेशों में लू का चलन आम बात है। अप्रैल की शुरूआत से ही गर्मी और लू ने लोगों को झुलसाना शुरू कर दिया है। गर्मी और लू के साथ धूल भरे गुबार उड़ने शुरू हो गए है। धूल भरे गुब्बारे यानि मौसमी आंधियां तब आती हैं जब तेज हवाएँ जमीन से बड़ी मात्रा में रेत और धूल के कण उठाती हैं तथा उन्हें लंबी दूरी तक ले जाती हैं। इन्हें राजस्थान के मरुस्थलीय क्षेत्रों में जन जीवन की सामान्य घटनाएं भी कह सकते है। गर्मी के मौसम में धूल भरी आंधी और लू चलनी शुरू हो जाती है। जिसके कारण हवाओं में धूल के कण मिलकर लोगों के नाक और मुंह में जाते हैं। इससे लोगों को धूल.मिट्टी से एलर्जी होना सामान्य बात है। धूल के गुब्बारे के कारण सड़क पर पैदलए साइकिलए बाइक व बड़े वाहनों से चलने वालों का चलना दुश्वार हो जाता है। धूल के गुब्बारे उड़ने से सड़क पर घने कोहरे जैसा आलम पूरे दिन बना रह रहा है।

इस रास्ते से खासकर बाइकए पैदल व साइकिल से गुजरने वाले लोग गर्द-गर्द हो धूल में नहाये से दिखने लग रहे हैं। वहीं धूल प्रदूषण का खतरा भी उत्पन्न हो जाता है। जिसके कारण इस सड़क किनारे बसी बस्तियों के लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। विशेषकर रेतीले क्षेत्रों में लोगों के घरों में बिस्तर से लेकर भोजन तक सड़क की धूल फैल सी जा रही है। जिससे लोगों का अपने घरों में रहना भी मुश्किल सा हो गया है। इसी के साथ पानी की किल्लत और बिजली की आँख मिचौली ने कोढ में खाज का काम किया है। मौसम विभाग ने लू यानि हीटवेव का अलर्ट जारी कर दिया है। चिकित्सकों के मुताबिक धूल भरी आंधी और गुबार से नाक, नासिका, एलर्जी व रेस्पीरेटरी इंफेक्शन होने का आशंका बढ़ जाती है। धूल के कण सांस के साथ फेफड़ों तक पहुंच जाते हैं। इस कारण दमा व अस्थमा एवं दमा के रोगियों को भारी तकलीफ होती है। यही नहीं धूल के कण आंखों में चले जाने से आँखों की बीमारी का खतरा मंडराता है। गर्मी और गर्म हवाएं शरीर में अक्सर ऐसा असर डालती हैं, जिस वजह से जानलेवा स्थिति उत्पन्न हो जाती है। लू लगना भी इन्हीं स्थितियों में से एक है। धूप, गर्मी और गर्म हवा से शरीर को बचाकर ही हम इस स्थिति से बच सकते हैं। साल-दर-साल लू लगने से मरने वालों के आंकड़े में इजाफा होता ही जा रहा है। इसलिए, खुद को लू से बचाने के लिए लू लगना क्या होता है और इससे संबंधित अन्य सभी जानकारियों के बारे में पता होनी जरूरी है, क्योंकि, इलाज से बेहतर हमेशा बचाव होता है। लू के समय तापमान 45 डिग्री सेंटिग्रेड तक जा सकता है।

लू लगने पर अगर तुरंत उपचार न मिले, तो मृत्यु या स्थायी विकलांगता भी हो सकती है। बड़े बुजुर्ग कहते है गर्मी के दिनों में हल्का व शीघ्र पचने वाला भोजन करना चाहिए। चिकित्सक कहते है लू से बचने के लिए बाहर जाते समय खाली पेट नहीं जाना चाहिए। बार-बार पानी पीना चाहिए ताकि शरीर में जल की कमी नहीं होने पाए। पानी में नींबू व नमक मिलाकर दिन में दो-तीन बार पीते रहने से लू नहीं लगती। गर्मी के दौरान नरम, मुलायम, सूती कपड़े पहनना चाहिए जिससे हवा और कपड़े शरीर के पसीने को सोखते रहते हैं। प्याज का सेवन भी अधिक करना चाहिए एवं बाहर जाते समय कटे प्याज को जेब में रखना चाहिए। गर्मी में खूब तरल पदार्थ का सेवन करें। घर से बाहर निकल रहे हैं, तो अपने साथ पानी की बॉटल रखें। प्रतिदिन 8 से 10 गिलास पानी जरूर पिएं। नारियल पानी, फलों से तैयार जूस पीना भी फायदेमंद होगा। दिन के समय खासकर 12 बजे से लेकर 3 बजे दिन तक घर से निकलने से बचें। धूप में बाहर बिना काम के ना घूमें। बहुत जरूरी काम से बाहर जाना पड़े तो छाता, टोपी, चश्मा, स्कार्फ पहनकर ही निकलें। घर आते ही ठंडा पानी पीने से बचें। इससे आपको सर्द-गर्म लग सकता है। सर्दी, जुकाम, बुखार भी हो सकता है। हल्का, पौष्टिक और आसानी से पचने वाला भोजन करें। उन मौसमी फलों का सेवन करें, जिसमें पानी की मात्रा अधिक होती है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

# भारत व हिंदुओं के प्रति शत्रुता



पंकज जगन्नाथ जयस्वाल

यह पहली बार नहीं है जब आतंकवादियों ने हिंदुओं और भारतीय रक्षा बलों पर कायराना हमला किया है। यह कई दशकों से नियमित बर्बर कार्रवाई रही है। पाकिस्तानी सेना द्वारा प्रशिक्षित आतंकवादियों को भारत में स्थानीय समर्थन प्राप्त है; स्थानीय सहायता के बिना, हमला असंभव है। भारत विरोधी तत्वों और कुछ राजनीतिक दलों के बीच का काला गठबंधन देश और हिंदू समुदाय के खिलाफ मुसलमानों का ब्रेनवॉश कर रहा है। भले ही भारत में मुसलमानों को हिंदुओं की तुलना में समान व्यवहार और लाभ मिले हों, फिर भी कई मुसलमान उनके प्रति शत्रुता क्यों रखते हैं? मैं यह दावा नहीं कर रहा हूँ कि सभी मुसलमान एक जैसे हैं लेकिन बहुसंख्यक अच्छे मुसलमान कभी मानवता और राष्ट्र के खिलाफ इन आतंकवादियों के भयानक कृत्यों का सार्वजनिक रूप से विरोध क्यों नहीं करते? अगर अच्छे मुसलमान और बुद्धिजीवी मानते हैं कि भारत में मौजूदा सरकार मुस्लिम विरोधी है तो उन्हें शोध करना चाहिए और समझना चाहिए कि चीन में मुसलमानों के साथ किस तरह का व्यवहार किया जाता है, जिस विचारधारा को मुस्लिम समुदाय अपने करीब मानता है।

किसी भी इस्लामिक संगठन या इस्लामिक राष्ट्र द्वारा चीनी सरकार के खिलाफ एक भी प्रदर्शन नहीं किया गया है। अच्छे मुसलमानों को इस रणनीति का मूल्यांकन और अध्ययन करना चाहिए ताकि यह समझा जा सके कि विभिन्न राजनीतिक दल, वामपंथी इस्लामिक संगठन और पाकिस्तान, बांग्लादेश और तुर्की जैसे देश व्यक्तिगत लाभ के लिए धार्मिक मान्यताओं का सहारा लेकर कैसे शोषण करते हैं।

चीनी मुस्लिम वयस्कों में से अधिकांश दस जातीय अल्पसंख्यक समूहों से हैं जो इस्लाम का पालन करते हैं, जिनमें से दो सबसे बड़े हैं- हुई और उइगर। चीन के अधिकांश मुसलमान उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में रहते हैं, विशेष रूप से गांसु, किंगहाई, निंगज़िया और झिंजियांग में। चीनी अधिकारियों और अंतरराष्ट्रीय शोधकर्ताओं का अनुमान है कि चीन में 18 मिलियन मुस्लिम वयस्क हैं। अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने चीन की सरकार पर मानवाधिकारों के उल्लंघन और उइगर मुसलमानों के खिलाफ नरसंहार का आरोप लगाया है। कुछ चीनी मुस्लिम प्रोफेसरों को कथित तौर पर जेल में डाल दिया गया है, जबकि चीन में इस्लाम का अध्ययन करने वाले विदेशियों को देश में आने से रोक दिया गया है।

शिनजियांग में चीन की कार्रवाइयों के उनके व्यापक दस्तावेज इस बात की पुष्टि करते हैं कि कम से कम मार्च 2017 से स्थानीय अधिकारियों ने उइगर मुसलमानों और जातीय कजाकों और जातीय किर्गिज सहित अन्य जातीय और धार्मिक अल्पसंख्यकों के सदस्यों के खिलाफ दशकों से चल रहे दमन अभियान को नाटकीय रूप से बढ़ा दिया है। उनकी नैतिक रूप से घृणित नीतियों, प्रथाओं और दुर्व्यवहारों को जातीय उइगरों के साथ एक अलग जनसांख्यिकीय और जातीय समूह के रूप में भेदभाव करने और उन पर नजर रखने, प्रवास करने और स्कूल जाने की स्वतंत्रता को प्रतिबंधित करने और सभा, भाषण और पूजा जैसे अन्य मौलिक मानवाधिकारों से वंचित करने के लिए डिजाइन किया गया है। उइगर महिलाओं का चीनी अधिकारियों द्वारा जबरन नसबंदी और गर्भपात कराया गया, उन्हें गैर-उइगरों से शादी करने के लिए मजबूर किया गया है और उनके परिवार से अलग कर दिया गया है।

मुस्लिम मान्यताओं पर प्रतिबंधः झिंजियांग के आधिकारिक अनुमानों के अनुसार, ह्यूमन राइट्स वॉच ने 2022 में कहा कि 2017 से 500,000 लोगों को दंडित किया गया है। एसोसिएटेड प्रेस के अनुसार, चीन में हर पच्चीस में से एक व्यक्ति को आतंकवाद से संबंधित आरोपों में जेल की सजा सुनाई गई थी और वे सभी उइगर थे।

पुनर्शिक्षा शिविरों में कैद अधिकांश कैदियों पर कभी कोई अपराध का आरोप नहीं लगाया गया था और उनके पास अपने कारावास का विरोध करने का कोई कानूनी सहारा नहीं था। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, बंदियों को कई कारणों से निशाना बनाया गया है, जिसमें तुर्की और अफगानिस्तान जैसे चीन विरोधी 26 संवेदनशील देशों में यात्रा करना या उनसे संपर्क करना; मस्जिद सेवाओं में भाग लेना; तीन से अधिक बच्चे होना और कुरान की आयतों वाले पाठ भेजना शामिल है। मानवाधिकार संगठनों का दावा है कि मुस्लिम होना उनका एकमात्र अपराध माना जाता है, और कई उइगरों को केवल इसलिए चरमपंथी कहा जाता है क्योंकि वे अपने मजहब का पालन करते हैं।

बीजिंग सभी उइगरों को आतंकवादी या आतंकवादी समर्थक मानता है। बीजिंग के तियानमेन स्क्वायर, एक स्थानीय सरकारी कार्यालय, एक रेलवे स्टेशन और एक आउटडोर बाजार पर हुए हमलों के लिए अधिकारियों ने उइगरों को जिम्मेदार ठहराया। शिक्षा, आतंकवाद-रोधी, महिला सशक्तिकरण और गरीबी उन्मूलन पहलों में भाग लेने वाले संतुष्ट उइगरों के बारे में काल्पनिक कहानियाँ गढ़ने के लिए पार्टी के अधिकारियों ने अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षकों को झिंजियांग में प्रवेश करने से रोक दिया है और जमीन पर बिगड़ती स्थिति के बारे में विश्वसनीय रिपोर्टों की निंदा की है। उइगरों को ₹घातक ट्यूमर₹ के रूप में चित्रित किया जा रहा है, उनके विश्वास की तुलना 'संचारी प्लेग' से की जा रही है और वे पार्टी के वफादारों को यह कहकर कुचलने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं कि 'आप खेतों में फसलों के बीच छिपे सभी खरपतवारों को एक-एक करके नहीं उखाड़ सकते; आपको उन सभी को मारने के लिए रसायनों का छिड़काव करना होगा।' वे ऐसे गहरे संदेश भेज रहे हैं।

झिंजियांग के प्रशासन ने 2017 में एक चरमपंथ विरोधी अध्यादेश लागू किया, जिसमें सार्वजनिक रूप से बुर्का पहनने और लंबी दाढ़ी रखने पर रोक लगाई गई। इसके अतिरिक्त, इसने चरमपंथ को मिटाने के लिए प्रशिक्षण सुविधाओं के उपयोग को औपचारिक रूप से स्वीकार किया। झिंजियांग कम्युनिस्ट पार्टी के सचिव चेन क्वांगुओ के नेतृत्व में क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा मनमाने ढंग से कारावास की प्रथा बनाई गई। झिंजियांग के पत्रकारों ने बताया है कि मुस्लिम जीवन के कई पहलुओं को मिटा दिया गया है। 2014 से कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्यों को उइगर घरों में रहने और ₹चरमपंथी₹ माने जाने वाले किसी भी कार्य को रिकॉर्ड करने के लिए भर्ती किया गया है, जैसे कि रमजान का उपवास। अधिकारियों ने हजारों मस्जिदों को ध्वस्त कर दिया। स्थानीय सरकार ने हलाल भोजन के खिलाफ अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने जन्म नियंत्रण आदेशों का उल्लंघन करने वाले या बहुत अधिक बच्चे पैदा करने वाले किसी भी व्यक्ति को जेल में डालने की धमकी दी है और उइगर और अन्य अल्पसंख्यक महिलाओं ने जबरन नसबंदी और अंतर्गर्भाशयी उपकरणों के सम्मिलन की सूचना दी है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

## आज का राशिफल

**मेष** - व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी।

**वृष** - कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी।

**मिथुन**- यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**कर्क** - आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।

**सिंह** - लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**कन्या** - कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी।

**तुला**- समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** - व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, ङ्कूचता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी।

**धनु** - यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी।

**मकर** - मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**कुम्भ** - कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**मीन** - परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी।

पं0 सुभाष पाण्डेय: हस्तरेखा विशेषज्ञ, मो. 8808052918

# लक्ष्य को पूर्ण करें, पुराने वाद न रहें लम्बित : जिलाधिकारी

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में राजस्व कार्यों व सीएम डैशबोर्ड की हुई बैठक

बरेली, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में राजस्व कार्यों व सीएम डैशबोर्ड की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में अवगत कराया गया कि सी0एम0 डैशबोर्ड पर राजस्व में माह मार्च 2025 की रैंकिंग प्रदेश में 26वें स्थान पर रही है। बैठक में अवगत कराया गया कि आबकारी विभाग की रैंक प्रदेश स्तर पर 61 और डी श्रेणी में है। आबकारी अधिकारी ने बताया कि 85 प्रतिशत से अधिक हो गया है इस बार रैंक ठीक रहेगी, जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि 30 अप्रैल को पोर्टल फीडिंग पर विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है, जिससे रैंकिंग कम ना हो। बैठक में डूडा विभाग की समीक्षा के दौरान अवगत कराया गया कि बीडीए अपना लक्ष्य पूरा नहीं कर पा रहा है जिस कारण रैंकिंग प्रभावित है, जिस पर जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी (वि/रा) को बीडीए को निर्देशित करने के निर्देश दिए। बैठक में खनन विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये कि हफ्ते




में तीन दिन फिल्ड में रहते हुए गाड़ियों के जब्तीकरण और जुमार्ना वसूलने की कार्यवाही करें। बैठक में एकीकृत आपदा राहत प्रबंधन की भी जानकारी ली गयी और धारा-116 के लंबित प्रकरणों को भी समीक्षा की गयी।

बैठक में निर्देश दिए गए कि समस्त अधिकारी अपने लक्ष्य को अवश्य पूर्ण करें और पुराने वाद लम्बित ना होने पाए। धारा-24, धारा-34 के लंबित वाद जो पांच वर्ष से अधिक समय से लम्बित हैं अभियान चलाकर उनका निस्तारण कराया जाए, कोई वाद लम्बित नहीं रहना चाहिए।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया ईवीएम व वीवीपीएटी वेयरहाउस का निरीक्षण

बदायूं, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश राय ने शनिवार को प्रशासनिक अधिकारियों व मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट में स्थापित ईवीएम व वीवीपीएटी वेयरहाउस का बाह्य निरीक्षण किया। उन्होंने वहां सीसीटीवी से की जा रही निगरानी को दिखा। वेयरहाउस में कक्षों पर लगाई गई सीलो को चेक किया तथा आगंतुक पंजिका पर हस्ताक्षर भी किए। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि की गई व्यवस्थाओं से पूर्ण रूप से संतुष्ट नजर आए।



जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश राय ने बताया कि ईवीएम व वीवीपीएटी पूर्ण रूप से सुरक्षित हैं।

वेयरहाउस में 24 घंटे सुरक्षा बल तैनात रहता है तथा मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मासिक व त्रैमासिक आंतरिक व बाह्य निरीक्षण भी भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में किया जाता रहा है। उन्होंने उपस्थित पुलिस कार्मिकों को सजगता से कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने वहां प्रकाश व्यवस्था व साफ सफाई की व्यवस्था को भी जांचा व आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# हाईस्कूल में अंजली, इंटर में नवीन ने किया जिला टॉप

फिरोजाबाद, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। यूपी बोर्ड परीक्षा परिमाण घोषित हो गया है। सुहाग की नगरी फिरोजाबाद जनपद में हाईस्कूल की परीक्षा में अंजली यादव और इंटरमीडिएट में नवीन कुमार ने टॉप किया है। हाईस्कूल टॉपर आईएएस और इंटरमीडिएट टॉपर इंजीनियर बनना चाहते है। फिरोजाबाद की हाईस्कूल टॉपर अंजली यादव ने 95.83 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। वह सिविल सर्विसेज में जाकर आईएएस बनना चाहती हैं। अंजली के पिता सेना से रिटायर्ड हैं और मां गृहिणी हैं। परिवार में दो भाई और तीन बहनें हैं। अंजली को अंग्रेजी और गणित विषयों में विशेष रुचि है।



अंजली का मानना है कि नियमित स्कूल जाना और शिक्षकों की बात ध्यान से सुनना सफलता की कुंजी है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय परिवार, शिक्षकों और भाई को दिया है। हाईस्कूल में जिले में दूसरा स्थान अर्पित ने 94.50 प्रतिशत अंकों के साथ प्राप्त किया है। वह बड़े अधिकारी बनना चाहते हैं। तीसरे स्थान पर रहीं आकृति का लक्ष्य जिलाधिकारी बनने का है। वहीं फिरोजाबाद के एसआरके इंटर कॉलेज के छात्र नवीन कुमार ने इंटरमीडिएट में 91.40% अंक प्राप्त कर जिले में पहला स्थान हासिल किया है। नवीन के पिता टीवी मैकेनिक हैं और मां गृहिणी हैं। नवीन ने पीसीएम विषय से इंटरमीडिएट की परीक्षा दी है। उन्होंने इस सफलता के लिए प्रतिदिन 10 घंटे की कड़ी मेहनत की। नवीन अपने शिक्षक मुकेश पिथौरा को अपना आदर्श मानते हैं। परिवार में दो भाई, एक बहन और माता-पिता हैं। वह भविष्य में इंजीनियर बनना चाहते हैं।

इंटरमीडिएट में जिले में दूसरा स्थान प्राची ने 90.60% अंकों के साथ प्राप्त किया है। वह समाज सेवा के लिए अफसर बनना चाहती हैं। तीसरे स्थान पर अनामिका कुमारी हैं, जिन्होंने 90.40% अंक प्राप्त किए हैं। अनामिका का लक्ष्य सिविल सेवा में जाने का है।

## फिटनेस के करतब बैटल ग्राउंड मुंबई में अदनान का शानदार प्रदर्शन

बरेली, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। फिटनेस की दुनिया में बरेली के लाल ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। आनंद विहार कॉलोनी निवासी और हार्टमैन कॉलेज के पूर्व छात्र अदनान अहमद ने मुंबई में आयोजित हो रहे फिटनेस रियलिटी शो 'बैटलग्राउंड' में शानदार प्रदर्शन करते हुए सबका ध्यान अपनी ओर खींचा है। अमेजन प्राइम और एमएक्स प्लेयर जैसे प्रमुख ओटीटी प्लेटफॉर्म पर टेलीकास्ट हो रहे इस शो में अदनान उत्तर प्रदेश की 'यू.पी. दबंग' टीम से भाग ले रहे हैं। अदनान ने शो से पहले अपनी असाधारण ताकत और मानसिक दृढ़ता का प्रदर्शन करते हुए 2500 किलो वजन की सफारी गाड़ी खींची और 700 पुल-अप्स लगाकर हैरान कर दिया। यह कारनामें के बल पर उन्हें इस रियल्टी शो में भाग लेना अवसर मिला। जिससे यह साबित हुआ है कि भारत के युवा न केवल शारीरिक रूप से मजबूत हैं बल्कि मानसिक रूप से भी बेहद सशक्त हैं। स्कूली दिनों से ही अदनान की खेलों में रुचि रही है। हार्टमैन कॉलेज में वह स्पोर्ट्स कैप्टन रहे और ज़िला फुटबॉल टीम के लिए भी उनका चयन हुआ था, हालांकि पैर की चोट के कारण वह आगे नहीं खेल सके। इसके बाद उन्होंने गोवा स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट से होटल मैनेजमेंट का कोर्स किया और वहीं ग्रैंड हयात जैसे पाँच सितारा होटल में नौकरी भी की।

# एडीएम प्रशासन एवं एसपी ग्रामीण ने थाना भोजीपुरा में सुनी जनसमस्याएं

## फरियादियों की एक-एक कर सुनी शिकायतें, कराया निस्तारण



बरेली, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। शनिवार को एडीएम प्रशासन और एसपी ग्रामीण उत्तरी मुकेश मिश्रा ने थाना समाधान दिवस (थाना दिवस) के अंतर्गत थाना भोजीपुरा पहुंचकर जन समस्याओं को सुना तथा उनके समुचित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह ने सर्वप्रथम थाने में आए फरियादियों की एक-एक कर शिकायते सुनी तथा थाना अध्यक्ष को निर्देश दिए की शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्वक किया जाए। उन्होंने कहा कि जमीनी विवादों में दोनों पक्षों को बुलाकर पुलिस व प्रशासन की टीम के साथ शिकायत का निस्तारण कराएं। इस दौरान नायब तहसीलदार अभिषेक तिवारी, प्रभारी निरीक्षक थाना भोजीपुरा प्रवीण सोलंकी आदि उपस्थित रहे।

# स्कूल चलो अभियान: नये बच्चों का स्कूल में कम हुए दाखिले -जिलाधिकारी

फिरोजाबाद, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। जिलाधिकारी रमेश रंजन ने मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष पांडे और समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों के साथ बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न अभियानों की समीक्षा कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में की जिलाधिकारी रमेश रंजन इस बात पर बेहद नाराज दिखे की स्कूल चलो अभियान के तहत नये बच्चों का स्कूल में कम दाखिला हुआ है, फिरोजाबाद ग्रामीण की बात करें तो यहां 179 स्कूलों में केवल 45 बच्चों का ही नवीन दाखिला हुआ है, उन्होंने मदनपुर की स्थिति सबसे खराब होने पर वहां के खंड शिक्षा अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि देने का आदेश मुख्य विकास अधिकारी को दिया, जिलाधिकारी ने कहा कि सभी खंड शिक्षा अधिकारी ज्यादा से ज्यादा नये बच्चों का नामांकन कराये, अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहे। उन्होंने कहा कि केवल स्कूलों की आधारभूत संरचना में बढ़ोतरी ही नहीं होनी चाहिए,अपितु इसका इस्तेमाल भी होना चाहिये सभी खंड शिक्षा अधिकारी अपना लक्ष्य निर्धारित करें, साथ ही जिलाधिकारी ने सभी डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटरों को निर्देशित किया, कि प्रत्येक स्कूलों का डाटा निकाल



कर प्रतिदिन की रिपोर्ट से अवगत कराये, इसी तरह प्रेरणा पोर्टल पर पंजीकृत छात्राओं के सत्यापन की स्थिति का मूल्यांकन करते हुए उन्होंने पाया कि शिकोहाबाद में सबसे ज्यादा लंबित है, जिलाधिकारी ने इस पर वहां के खंड शिक्षा अधिकारी को चार्ज शीट देने और वेतन रोकने के भी निर्देश दिए उन्होंने समस्त जिला समन्वयकों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि आपके द्वारा समुचित कार्य नहीं किया जाएगा, तो आपके विरुद्ध निष्कासन कार्रवाई की जाएगी, उन्होंने आई0टी0ई0 के अंतर्गत निर्धन छात्र-छात्राओं के प्रवेश को देख रहे डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर का वेतन उस समय तक रोकने के आदेश दिए, जब तक वह निर्धन बच्चों का शत प्रतिशत प्रवेश नहीं करा देते हैं, जिलाधिकारी ने पुस्तकों के वितरण की समीक्षा करते हुए कहा कि, इन पुस्तकों का वितरण एक विशेष इवेंट कराकर कराये, किताबें रखे नहीं समय से इसका वितरण करा दें बच्चों के बैग में किताबें दिखाई पढ़नी चाहिए।

अभिभावक से भी इसकी पुष्टि कर लें, बच्चों के आधार कार्ड जहां-जहां बन रहे हैं, उनमें तीव्रता लाये, मुख्य विकास अधिकारी सभी खंड शिक्षा अधिकारियों से संपर्क कर बच्चों के आधार कार्ड बनाने में मदद कराये, जिलाधिकारी ने कहा कि संपूर्ण विद्यालयों का कायाकल्प अवश्य करा लें।

## संक्षिप्त समाचार

### जिला कारागार में बंदियों को कराया गया योग

बिजनौर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। जेलर रविंद्र नाथ की उपस्थिति में जिला कारागार में इंटरनेशनलनेचुरोपैथी ऑर्गेनाइजेशन के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉक्टर नरेंद्र सिंह के निदेर्शानुसार ओपी शर्मा जिला अध्यक्ष ने योग कराया गया। उन्होंने बंदियों को सूक्ष्म व्यायाम गिरवा संचालन स्कंद चालन वृक्ष आसान कटी संचालन पश्चिमोत्तासन मार्कट आसान भुजंगासन सलभासन एवं सूर्य नमस्कार आदि कराया। सवासन द्वारा सभी कैदियों को उनके घरों का दर्शन कराया। जिलाउपाध्यक्ष रामनाथ सिंह योगाचार्य द्वारा कैदियों को वात पित्त कफ के बारे में बताया गया तथा सभी बंदियों को खान-पीन के संबंध में एवं उनसे होने वाले लाभ हानि के बारे में बताया गया। कैदियों को हास्य आसान कराकर उनका मनोबल बढ़ाया तथा थायराइड के संबंध में उज्जेय प्राणायाम एवं सिंह नाद द्वारा रोग के निराकरण के बारे में बताया। कार्यक्रम के अंत में रविंद्र नाथ जिला जेलर ने सभी योगाचार्यों का धन्यवाद किया तथा बंदियों को योग में हिस्सा लेने के लिए तथा अपने स्वास्थ्य लाभ लेने के लिए आव्हान किया।

### सांड ने बुजुर्ग को पटक-पटक कर मार डाला

पीलीभीत, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। चौराहे पर जाने को निकले वृद्ध पर सांड़ ने हमला कर दिया। कई बार जमीन पर उठाकर पटकने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना को लेकर अफरा तफरी मच गई। मौजूद लोगों ने बामुश्किल सांड को भगाया। गंभीर हालत में घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना से कोहराम मचा हुआ है। सरकार गौशालाओं के लिए भारी भरकम बजट जारी करती है। जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते आवारा गोवंशीय पशु सड़क, खेतों और गांव में घूमते नजर आ रहे हैं। झुंड में शामिल पशु हमला कर बेगुनाहों को मौत की नींद सुला रहे हैं। कोतवाली क्षेत्र के गांव कढ़ेर चौरा निवासी 60 वर्षीय नन्हें लाल पर सुबह बजे 10 बजे गांव के चौराहे पर जाने की बात कह कर निकले थे। तभी आवारा पशुओं के झुंड ने वृद्ध पर हमला कर दिया। घटना को लेकर खलबली मच गई। मौजूद लोगों ने शोर मचाकर बमुश्किल सांड को भगाया। घटना को लेकर काफी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने के बाद कोतवाली पुलिस भी पहुंच गई। गंभीर हालत में वृद्ध को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई घटना से परिजनों का रोकर बुरा हाल है। कोतवाल नरेश कुमार त्यागी ने बताया आवारा पशु के हमले से वृद्ध की मौत की सूचना मिली है। परिजनों से पोस्टमार्टम कराये के लिए कहा गया है।

### गैर इरादतन हत्या के दोषी को 8 वर्ष का कारावास

फिरोजाबाद, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। न्यायालय ने गौर इरादतन हत्या के दोषी को 8 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है ।उस पर अर्थ दंड लगाया है। अर्थ दंड न देने पर उसको अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी ।थाना टूंडला क्षेत्र के कच्चा टूंडला प्रकाश टाकीज गली निवासी ओमप्रकाश अपनी पत्नी बादामी देवी के साथ 7 फरवरी 2019 को घर पर मौजूद थे तभी मौहल्ले का ही योगेश पुत्र प्रमोद घर में घुस आया। उसने दोनों पर हमला कर दिया। हमले में ओमप्रकाश को गंभीर चोट आई। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान ओमप्रकाश की मौत हो गई। मृतक के पुत्र उमाशंकर ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने विवेचना के बाद योगेश के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। मुकदमा अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश पोक्सो राजीव सिंह की अदालत में चला। अभियोजन पक्ष की तरफ से मुकदमे की पैरवी सहायक जिला शासकीय प्रियप्रताप चौहान ने की। मुकदमे के दौरान कई गवाहों ने गवाही दी।

# ब्लूमिंगडेल में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन



बदायूं, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)। शनिवार को ब्लूमिंगडेल स्कूल में कक्षा 3 से कक्षा 5 तक के विद्यार्थियों हेतु अन्तर्सदनीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें क्रिकेट, चेस, फैन्सी ड्रेस, पोस्टर मेकिंग आदि स्पद्धाओं में सभी सदन के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए स्वनिहित खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगियों ने अपने-अपने प्रतिद्वदियों को कड़ी टक्कर दी। श्रृंखला में ब्लू हाउस ने रेड हाउस को क्रिकेट में परास्त किया, चेस में ब्लू हाउस ने यलो हाउस को हराकर जीत अपने नाम की। पेन्टिंग एवं फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता का भी आयोजन किया। जिसमें बच्चों ने पेन्टिंग प्रतियोगिता में अपनी कलात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता में बच्चे अत्यंत ही मनमोहक रूप में उपस्थित हुए। स्कूल अध्यक्षा पम्मी मेंहदीरत्ता ने कहा कि इस प्रकार की स्पद्धाओं का समय समय पर आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य बच्चों में परस्पर प्रतियोगी भावना का विकास करना है। इस अवसर पर स्कूल निदेशक ज्योति मेंहदीरत्ता, मैनेजिंग हेड ईशान मेंहदीरत्ता व श्वेता मेंहदीरत्ता, एकेडमिक हेड सौरभ गांगुली कॉर्डिनेटर मृणाल सक्सेना, एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने उपस्थित रहकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

# सीईटी में तकनीकी वार्षिक उत्सव 'टेकव्योम-2025' का सफल आयोजन

## कम होती नौकरी में इंटरप्रिन्योरशिप ही विकल्प : देव मूर्ति

बरेली, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। श्रीराम मूर्ति स्मारक कालेज आर्फ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी (एसआरएमएस सीईटी) में आयोजित तकनीकी वार्षिक उत्सव 'टेकव्योम-2025' में संस्थान के चेयरमैन देव मूर्ति जी ने विद्यार्थियों को सिर्फ जॉब के लिए पढ़ाई न कर इंटरप्रिन्योर बनने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि एआई के दौर में लगातार जॉब कम हो रही हैं ऐसे में युवाओं के पास टेक्नोलाजी में दक्ष होकर इंटरप्रिन्योर बनने का सुनहरा मौका है। खुद का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि आज आप जहां पढ़ाई कर रहे हैं। उस स्थान पर इंजीनियरिंग कालेज बनाने का सपना देखा था। मेरे संकल्प पर तमाम लोगों ने हंसी उड़ाई। लेकिन हौसला न हारने से कालेज बना और 1996 में यहां पढ़ाई शुरू हुई। हालांकि यह इतना आसान नहीं था। मुश्किलें भी आईं। आर्किटेक्ट ने बिल्डिंग निर्माण का बजट ही 50 करोड़ बताया। इतनी पूंजी न होने से



खुद ही इसे बनाने का फैसला किया और 5 करोड़ में बिल्डिंग बन कर तैयार हो गई। देव मूर्ति जी ने विद्यार्थियों को हमेशा न या सोचने और हौसला रखने का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि एआई के दौर में टेक्नोलॉजी में विशेषज्ञता ही आपको आगे रखेगी। टेकव्योम जैसे कार्यक्रम आपके लिए बड़ा मंच हैं। यहां एक दूसरे से सीखिए और आगे बढ़िए। उन्होंने विद्यार्थियों से परीक्षा में अच्छे नंबर लाकर एसआरएमएस ट्रस्ट की स्कालरशिप हासिल करने का भी आह्वान किया। टेकव्योम में विजयी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट और ट्राफी के साथ ही 50,000 रुपये की पुरस्कार राशि भी प्रदान की गई। श्रीराम मूर्ति स्मारक कालेज आर्फ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी (एसआरएमएस सीईटी) में शनिवार (26 अप्रैल 2025) को राष्ट्र स्तरीय तकनीकी महोत्सव 'टेकव्योम-2025' का आरंभ हुआ।

'ए.आई. संचालित भारतः नवाचार, समावेशन, प्रभाव' विषय पर विद्यार्थियों के ग्रुप टायरो क्लब द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में टेकगैलरी, टैक्निकल टाक, आविष्कारक, रोबो युद्ध, रिसर्च पेपर एवं पूर्व छात्र मिलन समारोह समेत 32 इवेंट आयोजित हुए। देर शाम सभी इवेंट के विजयी प्रतिभागियों की घोषणा हुई। सरस्वती वंदना के साथ आरंभ हुए इसके उद्घाटन समारोह में एसआरएमएस ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति ने कहा कि 23 साल पहले वर्ष 2002 से पहली बार टेकव्योम का आयोजन टायरो क्लब की ओर से किया गया। बैकबेंचर्स को भी अपनी स्किल दिखाने और आगे लाने में सहयोग करने की वजह से यह सफलतापूर्वक जारी है।

# विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर लगाया निः शुल्क एंटी रेबीज टीकाकरण शिविर

बरेली, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान में रेफरल वेटनरी पॉलीक्लिनिक द्वारा विश्व पशु चिकित्सा दिवस समारोह के अवसर पर एक निः शुल्क एंटी-रेबीज टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 83 श्वानों का टीकाकरण किया गया।

इस वर्ष पशु चिकित्सा विषय 'पशु स्वास्थ्य के लिए एक टीम की आवश्यकता होती है' था। इस कार्यक्रम का आयोजन संयुक्त रूप से आईवीआरआई तथा रोटरी क्लब (3110), इज्जतनगर द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए रोटरी क्लब, इज्जतनगर के अध्यक्ष डॉ डी. सी. शुक्ला ने विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर अपनी शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि प्रत्येक दिवस का कुछ न कुछ महत्व होता है यह एक विशेष दिन है जिसका उद्देश्य पशु चिकित्सकों और उनके महत्वपूर्ण योगदान को सम्मानित करना तथा इसके साथ ही यह दिन पशुओं के स्वास्थ्य और अधिकार के बारे में जागरूकता बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होने रबीज को मानव एवं पशुओं के घातक बीमारी बताया तथा समय




पर टीकाकरण की सलाह दी। इस अवसर पर क्लब की सहअध्यक्ष डॉ शशि दुग्गल ने भी विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर अपनी शुभकामनाएँ दी और मानव एवं पशु कल्याण के उतथान के लिए कार्य करने की बात कही। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए संस्थान के डा. अभिजीत पावड़े, प्रभारी रेफरल पोलिक्लीनिक ने बताया कि विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं जिनमें क्लिनिकल केस प्रतियोगिता, ग्रुप प्रेजेंटेशन तथा बिना तैयारी के तत्काल भाषण प्रतियोगिता (एक्सटेमपोर स्पीच) प्रतियोगिता में कुल 37 छात्रों ने भाग लिया जो भिन्न भिन्न विषय से थे । क्लिनिकल केस प्रतियोगिता में शल्य चिकित्सा विभाग से डॉ कृषनेन्द्र, औषधि विभाग से डॉ उदय श्री तथा पशु पुनरुत्पादन विभाग के डॉ उत्तम कुमार साहू प्रथम स्थान पर रहे। इसी प्रतियोगिता में शल्य चिकित्सा विभाग के डॉ कृष्णा किरण झद्वितीय तथा डॉ प्रवीण कुमार झतृतीय स्थान पर रहे। औषधि विभाग से डॉ अक्षिता झद्वितीय तथा डॉ हर्षित- तृतीय स्थान पर रहे। पशु पुनरुत्पादन विभाग से इस प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान डॉ तबीन धा तथा तृतीय स्थान डॉ विपुर ने प्राप्त किया । इस अवसर पर मीरगंज के विधायक डॉ डी सी वर्मा ने सभी वैज्ञानिकों एवं छात्रों को विश्व पशुचिकित्सा दिवस की शुभकामनाएँ दी। ग्रुप प्रेजेंटेशन जो बीवीएससी के चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों के लिए आयोजित कि गयी थी में प्रथम स्थान मानव कंसल तथा कशिक प्रतीक की टीम ने झप्रथम, अंबिका सिंह, सप्तऋषि, आकाश वर्मा तथा लक्षय कुमार की टीम झ द्वितीय तथा यादया, कल्पना बघेल, कृरेश शर्मा की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता डॉ आयोन तरफदार, डॉ अंजु काला, डॉ अनिशा, डॉ देवोपम रचित, डॉ अथिरा, डॉ अभिषेक सक्सेना तथा डॉ यू के डे के दिशा निर्देशन में आयोजित की गयी।

इस अवसर पर औषधि विभाग के डॉ डी. बी. मण्डल, शल्य चिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ किरंजीत सिंह, पशु पुनरुत्पादन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ मीरज खान सहित संस्थान के डॉ संजीव महरोत्रा, डॉ एस के घोष, डॉ नीरव श्रीवास्तव डॉ बृजेश कुमार, डॉ यूकेडे, डॉ अखिलेश, डॉ रघुवरन, डॉ रोहित कुमार, रोटेरियन डॉ डी के द्विवेदी, रोटे. संदीप गुप्ता, रोटे.अशोक मेहरा, रोटे. एस पी तेजपाल, रोटे. दिलीप सक्सेना, रोटे डॉ डी के सक्सेना सहित संस्थान के छात्र छात्राएँ उपस्थित रहे ।

# पहलगाम हमले की निंदा कर मृतकों को अर्पित की श्रद्धांजलि

फिरोजाबाद, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। समाजवादी पार्टी के दबरई स्थित जिला कार्यालय पर पहलगांव में आतंकवादियों द्वारा कायरता पूर्ण किये गये हमले की घटना की निंदा की गई और मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष शिवराज सिंह यादव की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन भी किया गया।

श्रद्धांजलि अर्पित करने वालो में पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सामाजिक कार्यकर्ता सतेन्द्र जैन सौली, पूर्व एमएलसी डॉ दिलीप यादव, जसराना विधायक इजी0 सचिन यादव ,सिरसागंज विधायक सर्वेश यादव, शिकोहाबाद विधायक डा मुकेश वर्मा, पूर्व विधायक रामवीर सिंह यादव, पूर्व विधायक रमेश चंचल ,जिला महासचिव श्रीमती मीना राजपूत , जिला उपाध्यक्ष रघुराज सविता ,राष्ट्रीय सचिव महिला प्रकोष्ठ डॉ रोमा यादव , योगेश गर्ग , महाराज सिंह धनगर, पूर्व जिला अध्यक्ष सुमन देवी सविता, पूर्व अध्यक्ष मुकेश कुमार उर्फ टीटू, विजेंद्र यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष राम सेवक यादव, उमा शंकर यादव , हरिशंकर यादव , वीरी सिंह प्रधान, मोहित राठौर, के वी यादव ,जमोहन यादव ,कल्लू गुर्जर, राजकुमार राठौर , रोहित नंदवंशी, दिलीप सिंह ,चरण सिंह, संजय कुशवाहा , बंटू कटेरिया ,अशोक यादव ,शम्मी कपूर सहित काफी संख्या में सपा के लोग उपस्थित रहे।

# पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में युवाओं ने निकाला कैंडल मार्च

**फतेहपुर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** पहलगाम में हुए नृशंस आतंकी हमले में शहीद हुए निर्दोष भारतीयों की याद में अल्पसंख्यक समाज के युवाओं ने एक मार्मिक कैंडल मार्च निकाला। यह जुलूस सदर अस्पताल से शुरू होकर बाकरगंज होते हुए चैक लाला बाजार तक पहुंचा। जहां लोगों ने पाकिस्तान मुदार्बाद और आतंकवाद मुदार्बाद के नारे लगाए। शहीदों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थनाएं की और सरकार से आतंकियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

कैंडल मार्च में शामिल युवाओं ने हाथों में मोमबत्तियां थामीं और शहीदों को श्रद्धांजलि दी। कुछ प्रदर्शनकारियों ने आतंकवाद मुदार्बाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे के साथ पाकिस्तान के झंडे को आग के हवाले किया। शाद फतेहपुरी ने कहा कि यह हमला न सिर्फ. भारत, बल्कि पूरी मानवता पर हमला है। हम अपने सैनिकों के साथ खड़े हैं और चाहते हैं कि सरकार पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दे। मार्च के दौरान स्थानीय हफिज सूफियान ने कहा कि जब इस्लाम में वजू के पानी को ज्यादा बहाने को मना किया है तो इस्लाम किसी निर्दोष की हत्या की इजाजत नहीं देता। यह आतंकवादियों का कृत्य है, जिसका किसी धर्म से कोई लेना-देना नहीं। कहा कि हमारे बच्चों का भविष्य सुरक्षित हो, इसके लिए आतंकवाद का सफाया जरूरी है। शहीदों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए प्रदर्शनकारियों ने दो मिनट का मौन रखा और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आग्रह किया कि इस हमले के दोषियों को सख्त सजा दी जाए और पाकिस्तान को उसकी करतूतों का जवाब दिया जाए। यह कैंडल मार्च न सिर्फ. शहीदों को श्रद्धांजलि थी, बल्कि आतंकवाद के खिलाफ जनआक्रोश और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक भी बन गया। जिस तरह अल्पसंख्यक समुदाय के युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, वह देश की साझी मानवीय विरासत को रेखांकित करता है।




**पाकिस्तान व आतंकवाद मुर्दाबाद के नारों से गूंजा क्षेत्र**

## फैमिली आईडी की प्रगति को ले विद्यालय प्रधानाचार्यों की बैठक आयोजित

**एटा, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह के निर्देश पर शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में फैमिली आईडी की प्रगति बढ़ाने को लेकर बैठक आयोजित हुई।

जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. इंद्रजीत सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में जनपद के सभी माध्यमिक स्कूलों राजकीय, सहायता प्राप्त, संस्कृत, वित्तविहीन, सीबीएसई व आईसीएसई बोर्ड के प्रधानाचार्य शामिल हुए।

सीडीआईओ ने कहा कि एक परिवार एक पहचान योजना के तहत हर परिवार की फैमिली आईडी बनना आवश्यक है।

यह राज्य में परिवारों का प्रमाणिक डेटाबेस तैयार करने की दिशा में अहम कदम है। प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया गया कि वे अपने विद्यालयों में कार्यरत सभी शिक्षकों तथा राशन कार्ड से वंचित छात्र-छात्राओं व उनके अभिभावकों की फैमिली आईडी बनवाना सुनिश्चित करें।

## पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में कांग्रेस ने फूंका पाकिस्तान का पुतला

**एटा, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले के विरोध में किसान कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने एटा में पाकिस्तान का पुतला फूंककर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने 'पाकिस्तान मुदार्बाद' और 'आतंकवाद मुदार्बाद' के नारे लगाते हुए देश की एकता और अखंडता के लिए एकजुट रहने का संदेश दिया।

यह विरोध प्रदर्शन किसान कांग्रेस एटा के जिला अध्यक्ष सुनील गौतम एडवोकेट और प्रदेश उपाध्यक्ष ठाकुर अनिल सोलंकी के नेतृत्व में किया गया। ठाकुर अनिल सोलंकी ने कहा कि पहलगाम में हुआ हमला न सिर्फ दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि यह कायरता की पराकाष्ठा है, जिसकी जितनी निंदा की जाए, कम है।

सुनील गौतम ने कहा कि निहत्थे और निर्दोष पर्यटकों पर हमला मानवता के खिलाफ एक जघन्य अपराध है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। पुतला दहन में शहर अध्यक्ष विनीत पाराशर बाल्मीकि, अरुणेश गुप्ता, आदर्श मिश्रा डैनी, ओमप्रकाश सिंह तोमर, नैना शर्मा, सुभाष सागर, रणधीर सिंह, आमिर अली, अभिषेक मिश्रा, हर्ष सोलंकी, नदीम कुरैशी, विनीत कुमार सहित अनेक अधिवक्ता और कार्यकर्ता शामिल रहे।

## फर्जी रोडवेज बसों पर बड़ी कार्रवाई, चार वाहन सीज

**एटा, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** फर्जी रोडवेज रंग की बसों से सवारियों को धोखा देने वालों पर परिवहन विभाग की सख्ती जारी है। शनिवार को एआरटीओ सतेंद्र कुमार ने अलीगंज क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाकर चार वाहनों को सीज कर दिया। इनमें एक रोडवेज रंग में रंगी बस, एक ट्रॉला, एक ट्रक और एक मारुति ओमनी शामिल हैं। सभी वाहन परिवहन नियमों का उल्लंघन करते पाए गए।

एटा-अलीगंज और अलीगंज-फर्रूखाबाद मार्ग पर फर्जी रोडवेज बसें आम हो चुकी हैं। इन पर एटा टू दिल्ली या कौशाम्बी जैसे रूट लिखे होते हैं, जिससे यात्री भ्रमित हो जाते हैं। रास्ते में ही सवारियों को उतार दिया जाता है, जिससे उन्हें भारी परेशानी होती है।

एआरटीओ ने बताया कि सीज किए गए वाहनों पर 1.70 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। जब तक जुमार्ना अदा नहीं होगा, वाहन सीज ही रहेंगे।

## डीएम ने एसएसपी संग कोतवाली जीयनपुर में सुनीं जनसमस्याएं



**आजमगढ़, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** शनिवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा के साथ जीयनपुर कोतवाली में आयोजित थाना दिवस में जनसुनवाई की। डीएम ने वहां उपस्थित लेखपालों को सरकारी भूमि से अवैध कब्जा हटाने के निर्देश दिए, साथ ही एक बार पैमाइश करके कब्जा हटाने के बाद दोबारा उसी जमीन पर कब्जा करने को लेकर विधिक कार्रवाई के निर्देश दिए। डीएम ने थाना जीयनपुर कोतवाली में जन समस्याओं को सुना तथा उनके समुचित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। डीएम ने सर्वप्रथम थाने में आए फरियादियों की एक-एक कर शिकायते सुनी तथा प्रभारी निरीक्षक को निर्देश दिए की शिकायतकर्ताओं की शिकायतो निस्तारण गुणवत्ता पूर्वक किया जाए। उन्होंने कहा कि जमीनी विवादों में दोनों पक्षों को बुलाकर पुलिस और प्रशासन की टीम के साथ मिलकर शिकायत का निस्तारण कराएं। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

**फरियादियों की एक एक कर सुनी शिकायतें, कराया निस्तारण**

## आज व्यापारिक प्रतिष्ठानों को बंद रखने की अपील

**फतेहपुर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में शहीद सैलानियों को न्याय दिलाने की खातिर कल (आज) काला दिवस मनाकर व्यापारिक प्रतिष्ठानों को बंद किए जाने की अपील करते हुए उद्योग व्यापार मंडल के संस्थापक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा ने कहा कि एकजुट होकर आतंकियों को कड़ी सजा देने की सरकार से मांग कीजाएगी।

व्यापार मंडल के संस्थापक अध्यक्ष श्री मेहरोत्रा ने व्यापारियों का आहवान करते हुए कहा कि रविवार को अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर आतंकी देश का बहिष्कार करें। प्रदेश संयोजक अनिल वर्मा ने कहा कि राष्ट्र हित में भारत को मजबूत बनाने हेतु राष्ट्र धर्म को मजबूत करना होगा। काली पट्टी बांधकर व काले झंडे लगाकर विरोध प्रदर्शन करें। शाम सात बजे पटेलनगर चैराहे पर श्रद्धांजलि सभा में मोमबत्ती व दीप जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित करें। उद्योग व्यापार मण्डल उत्तर प्रदेश व संयुक्त व्यापार मण्डल घटना की निन्दा करता है। जनपदवासियों से अपील किया कि अपने घरों में दीप जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित करें। इस अवसर पर हंसराज सोनी, अनिल वर्मा, चन्द्र प्रकाश, बब्लू गुप्ता, विनोद साहू, अभिषेक रायजादा, वकील अहमद, माधवेंद्र प्रताप सिंह, संजय श्रीवास्तव, मो0 इमरान, नरेश गुप्ता, रमेश सोनी, अनिल सोनी, प्रभाकर सिंह चौहान भी मौजूद रहे।



**एकजुट होकर आतंकियों को कड़ी सजा देने की सरकार से होगी मांग**

## युवक का नहर में मिला शव

**करमा/सोनभद्र, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** स्थानीय थाना अंतर्गत पुरखास निवासी गिरीश पुत्र राम सजीवन गुप्ता उम्र करीब 35 वर्ष शुक्रवार की रात करीब 7,30, बजे घर से खाना खाकर पुरखास गांव में आई बारात में जाने के लिए निकला था देर रात तक घर न पहुंचने पर घर वालों ने फोन किया परंतु संपर्क नहीं हो पाया बारात में आने जाने वाले लोगों से पुछ ताछ की परन्तु पता नहीं चला आज सुबह गाँव का कोई व्यक्ति पुलिस मुख्यालय फोन करके बताया कि पुरखास नहर में एक लाश पड़ी है पुलिस मुख्यालय से सुबह करीब 9,30 बजे थाना करमा को सुचना मिली की आपके क्षेत्र पुरखास नहर में एक लाश पड़ी है।

## दबंगों पर किशोरी के साथ छेड़छाड़ व मारपीट का मढ़ा आरोप

**फतेहपुर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करसुवा में गांव किनारे अपने परिवार के आने की राह देख रही एक किशोरी के साथ दबंग ने छेड़छाड़ करते हुए बलात्कार का प्रयास किया। इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया, लेकिन कार्रवाई न होने व अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी न होने से आहत पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक की चौखट पर न्याय की गुहार लगाई है। एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में करसुवा गांव के रहने वाले एक पीड़ित ने बताया कि चैबीस अप्रैल को वह व उसकी पत्नी खागा बाजार गए थे। उनकी नाबालिग पुत्री शाम सात बजे गांव किनारे उनके आने का इंतजार कर रही थी। तभी गांव के ही दबंग शेरखान ने पुत्री को पीछे से दबोच लिया और उसके साथ छेड़छाड़ करते हुए उसके कपड़े फाड़ दिए। तभी वह व उसकी पत्नी खागा से वापस आ गए और पुत्री के शोर मचाने पर शेरखान से छुड़ाया। पुत्री को लेकर घर जा रहे थे तभी रास्ते में शेरखान अपने भाईयों सोहेल, मुन्ना, नसीम मिस्टर व मां सीमा को लाठी-डण्डा से लैस होकर आए और मारने-पीटने लगे। धमकी दिया कि अभी तो कपड़े फाड़े हैं जबरन ले जाकर शादी कर लेंगे। शोरगुल सुनकर ग्रामीण मौके पर आ गए।

## दीवार से टकराई बाइक, युवक की मौत

**फतेहपुर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** खखरेरू थाना क्षेत्र के ग्राम शिवपुरी के समीप अनियंत्रित होकर बाइक दीवार से जा टकराई। जिससे 18 वर्षीय युवक घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए सीएचसी लाया गया। जिसकी इलाज दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार थाने के मानूपुर गांव निवासी मुकेश यादव का पुत्र सोनू यादव बाइक से घरेलू सामान लेने जा रहा था। जब वह शिवपुरी गांव के पास पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर बाइक रोड किनारे दीवार जा टकराया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए परिजनो ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां इलाज दौरान उसकी मौत हो गयी।

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार दो की मौत

**बिंदकी, फतेहपुर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** दूध के पीपे से लदी तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दिया। अनियंत्रित पिकअप सड़क किनारे पलट गई। दुर्घटना में बाइक में सवार दोनों लोगों की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। हालांकि जीवित रहने की आशा पर दोनों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां पर चिकित्सक ने मृत्यु घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार बिंदकी कस्बे के निकट खजुहा रोड पावर हाउस के समीप शुक्रवार/शनिवार की मध्य रात्रि लगभग बारह बजे तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप ने सामने से आ रही बाइक में तेज टक्कर मार दिया और पलट गई। दुर्घटना में बाइक सवार भूपेंद्र सिंह उर्फ सोनू 42 वर्ष पुत्र शिव सिंह निवासी नौधीखेड़ा मदनपुर कोतवाली बिंदकी व श्याम प्रताप सिंह 38 वर्ष पुत्र रामसजीवन सिंह गौर निवासी सठऊ पुरवा थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना के बाद हड़कंप मच गया। भारी भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। हालांकि जीवित रहने की आशा पर भूपेंद्र सिंह उर्फ सोनू व श्याम प्रताप सिंह को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी ले जाया गया जहा पर चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि भूपेंद्र सिंह उर्फ सोनू व श्याम प्रताप सिंह बिंदकी कस्बे के खजुहा रोड एक स्थित एक गेस्ट हाउस में तिलक समारोह में शामिल होने के बाद वापस नौधीखेड़ा मदनपुर गांव जा रहे थे। जबकि दूध के पीपो से लदी पिकअप गाड़ी खजुहा कस्बे से बिंदकी की ओर आ रही थी। तभी रास्ते में दुर्घटना हो गई।

**घटना के बाद से परिवारीजन रो-रोकर बेहाल**

## आज आएंगे मुख्यमंत्री हापुड़





**हापुड़, 26 अप्रैल (तरुण मित्र)।** आज उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गढ़मुक्तेश्वर आएंगे मुख्यमंत्री करीब 1:30 बजे गढ़मुक्तेश्वर आएंगे और प्रदेश में चल रही योजनाओं के बारे में बताएंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिलाधिकारी आशुतोष पांडे व पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह चपके-चपके पर नजर बनाए हुए इसी को देखते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री के आगमन से पहले गढ़ का दौरा कर वहां की व्यवस्थाओं को जांचा परखा।

## फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन, 350 मरीजों का हुआ इलाज

**अमरोहा, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** मुस्लिम कमेटी (रजि0) अमरोहा के तत्वावधान में वेंकटेश्वर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के सहयोग से एक फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन मौहल्ला कुरैशी स्थित अलीजान मंज़िल में हुआ जिसका विधिवत उद्घाटन नगर पालिका परिषद अमरोहा की चेयरपर्सन श्रीमति शशि जैन व आई एम ए के अध्यक्ष डॉक्टर शकील फारूक, डॉक्टर सिराजुद्दीन हाशमी, मास्टर असलम उस्मानी, डायरेक्टर डॉक्टर मौ0 एजाज चौधरी ने फीता काटकर किया।

फ्री मेडिकल कैंप में लगभग 350 मरीजों का इलाज हुआ जिनको फ्री मेडिसन वितरित की गाजिन्होने मुस्लिम कमेटी(रजि0) को दुआओं से नवाजा। मुस्लिम कमेटी (रजि0( के अध्यक्ष हाजी खुरशीद अनवर व चेयरमैन मंसूर अहमद एडवोकेट ने सभी डॉक्टर्स व अतिथियों का स्वागत किया तथा मरीजों का हालचाल जाना और शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

मुख्य अतिथि चेयरपर्सन श्रीमति शशि जैन ने मुस्लिम कमेटी की प्रशंसा करते हुए कहा कि फ्री मेडिकल कैंप से आम लोगों को कई फायदे हुए हैं, खासकर उन लोगों के लिए जो नियमित रूप से डॉक्टर के पास नहीं जा सकते हैं।

## कोऑपरेटिव बैंक एम्पलाइज यूनियन यूनिट की बैठक आयोजित

**सहारनपुर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** केंद्रीय पदाधिकारी एवं संगठन संरक्षकों का माल्यार्पण का स्वागत किया गया। सहारनपुर यूनिट अध्यक्ष अमित कुमार सैनी ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए हम सभी को प्रयास करने चाहिए क्योंकि एकता के बल पर ही संगठन को अधिक क्रियाशील किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत होने के पश्चात भी संगठन के संरक्षक संगठन को मजबूत बनाने में अपना योगदान दे रहे हैं जो सबके लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहां की संगठन ही सर्वोपरि है और सभी संगठन को और अधिक मजबूत करने में अपना योगदान दें। इस अवसर पर प्रांतीय महामंत्री सुधीर कुमार सिंह. प्रांतीय अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, प्रांतीय उपाध्यक्ष अजय बर्मन, प्रांतीय उपाध्यक्ष शेषनाथ यादव, मंडलीय मंत्री कीर्तिपाल सिंह चौहान,यूनिट उपाध्यक्ष नवीन सैनी, संगठन मंत्री रामप्रसाद, मुजफ्फरनगर यूनिट अध्यक्ष नीरज शर्मा, मुजफ्फरनगर यूनिट मंत्री संदीप कुमार ने कहां की कोऑपरेटिव विभाग की मजबूती के साथ-साथ हमें संगठन मजबूती बेबी कार्य करना चाहिए जो हमारी ताकत को और अधिक बढ़ाने का काम करेगा।

इस अवसर प्रांतीय संरक्षक राजेश्वर सिह, प्रांतीय संरक्षक बी एन चौबे ,सुरेंद्र सिंह प्रांतीय ऑडिटर मौजूद रहे। मंच का संचालन संजय कुमार यूनिट मुजफ्फरनगर यूनिट ने किया ' बैठक मे अमित कुमार सैनी, यूनिट अध्यक्ष नवीन सैनी,यूनिट उपाध्यक्ष अजय बर्मन, प्रांतीय उपाध्यक्ष कीर्तिपाल सिंह, मंडलीय मंत्री और राम प्रसाद यूनिट संगठन मंत्री, सुधीर सिंह प्रांतीय महामंत्री, महेशप्रताप प्रांतीय संरक्षक, राजेश्वर सिंह प्रांतीय संरक्षक, बी एन चौबे प्रांतीय संरक्षक,संदीप कुमार,मु.नगर यूनिट मंत्री,नीरज शर्मा ,मु.नगर यूनिट अध्यक्ष आदि उपस्थित रहे '




**कार्यालय : ग्राम पंचायत वरमभारी, वि.ख. उतरौला बलरामपुर**

पत्रांकः-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा पत्रा०/2025-26 दिनांकः-16.04.2025

**अल्प कालीन निविदा**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत वरमभारी, विकास खण्ड- उतरौला, जनपद- बलरामपुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा (कच्चा एवं पक्का कार्य)/पंचम राज्य वित्त आयोग पन्द्रहवां वित्त आयोग (केन्द्रीय वित्त आयोग)/ आर.जी.एस.ए./ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)/ एस.एल.डब्लू.एम.एवं अन्य शासकीय योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों हेतु सामग्री आपूर्ति (ईंट प्रथम श्रेणी/एसओबी, इण्टर लाकिंग, ईंट बालू/मोरंग बालू सफेद / बालू महीन, 20 एम.एम./ 40 एम.एम. डाला गिट्टी, स्टोन ब्लास्ट 20 एम.एम., शौचालय सामग्री, मॉडल शॉप, एन.पी.3 सूम पाईप कालर सहित, हैण्ड पम्प मरम्मत सामग्री, खेल सामग्री, स्टेशनरी साईन बोर्ड, सरिया, सीमेन्ट, स्टोन बोल्डर, पटिया, हैडपम्प रिबोर, टाईल्स, पेन्ट पुट्टी, डस्टबिन, सीमेन्टेड बेच सोलर लाईट, अमृत सरोवर निर्माण, घूर गडढ़ा, कूड़ा गाड़ी, सोलर लाईट स्थापना / मरम्मत कार्य, पानी की टंकी /एस्बेस्टस सीट, कायाकल्प सामग्री एवं अन्य आवश्यक सामग्री आवश्यकतानुसार), की दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता/ फर्म दिनांकः 17/04/2025 से दिनांकः 22/04/2025 समय दोपहर 2.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी- अपनी दरें तथा वांछित संलग्न बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निविदा दिनांकः 22/04/2025 को अपरान्ह 2.00 बजे के बाद ग्राम पंचायत के कार्यालय पर खोली जायेगी।

नोट :- निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

(अवकात अली)
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत- वरमभारी
वि0ख0 उतरौला, बलरामपुर।

(मनोरमा सिंह)
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत- वरमभारी
वि0ख0 उतरौला, बलरामपुर।

**कार्यालय : ग्राम पंचायत वरमभारी, वि.ख. उतरौला बलरामपुर**

पत्रांकः-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा पत्रा०/2025-26 दिनांकः-17.04.2025

**अल्प कालीन निविदा**

वित्तीय वर्ष (2025-26) में ग्राम पंचायत वरमभारी में संचालित स्थाई /अस्थाई गौआश्रय केन्द्र पर भूसा, दाना, चूनी, चोकर, खली, हरा चारा, सोलर पैनल सिस्टम, कुट्टी मशीन. इलेक्ट्रिक मोटर, समर सेबल पम्प, फैंसिंग तार, ठण्ड में प्रयोग में लाने हेतु जूट के बोरे, त्रिपाल, साफ सफाई हेतु प्रयोग में लायी जाने वाली सामाग्री, राबिश इत्यादि की आपूर्ति की आवश्यकता है। सामाग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्ता / पंजीकृत फर्मों से निविदा/कुटेशन आमंत्रित किया जाता है। निविदा प्रपत्र तथा विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा दिनांक- 17.04.2025 को अपराहन 12:00 बजे तक कार्यालय के टेण्डर बाक्स में जमा किया जायेगा। तत्पश्चात् उसी दिन अपराहन 3:00 बजे गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी। सामाग्री की मात्रा स्वीकृति प्राक्कलन के अनुसार अलग-अलग होगी। किसी भी निविदा/कुटेशन को स्वीकृत करने का या सम्पूर्ण प्रक्रिया को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

(अवकात अली)
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत- वरमभारी
वि0ख0 उतरौला, बलरामपुर।

(मनोरमा सिंह)
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत- वरमभारी
वि0ख0 उतरौला, बलरामपुर।


## श्रीराम कॉलेज में 'जनता की अदालत' कार्यक्रम आयोजित

**मुजफ्फरनगर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार रहे कठघरे में श्री राम ग्रुप ऑफ कालिजेज और बात बिंदास के संयुक्त तत्वावधान में आज श्रीराम कॉलेज के सभागार में 'जनता की अदालत' कार्यक्रम का दूसरा भव्य संस्करण आयोजित किया गया। इस अनूठे और विचारोत्तेजक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार उपस्थित रहें।

कार्यक्रम का संचालन श्री राम कालेज के पत्रकारिता विभाग के पूर्व छात्र मोहम्मद शहजाद गौर ने किया। उनके कुशल संचालन में जनता और मेजबान द्वारा तीखे सवाल, आरोप-प्रत्यारोप लगाए गए, जिनका मंत्री महोदय ने बेबाकी और स्पष्टता के साथ जवाब दिया। जनता की अदालत के इस मंच पर अनिल कुमार ने अपने विभाग से जुड़े कार्यों, भविष्य की योजनाओं, और जनता की अपेक्षाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश सरकार की उपलब्धियों और नवाचारों को रेखांकित करते हुए बताया कि उत्तर प्रदेष में अभी तक केवल तीन नक्षत्रषालायें थी और वर्तमान तक सात नक्षत्रषालायें ओर खोली जा रही है। उन्होंने बताया कि एक नक्षत्रषाला मुजफ्फरनगर में बनायी जा रही है। मंत्री अनिल कुमार ने बताया कि उनके विभाग द्वारा शीघ्र ही साईंस पार्क एवं जुरासिक पार्क की स्थापना की जायेगी। उन्होंने श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज में विज्ञान केन्द्र खोलने की बात कही। जनता द्वारा पूछे गये विभिन्न सवालों का मंत्री जी ने बडी ही बेबाकी से जवाब दिया और उनके समस्याओं का समाधान किया। कार्यक्रम में जनता ने विभिन्न मुद्दों जैसे शिक्षा, तकनीकी विकास, रोजगार, और सामाजिक कल्याण योजनाओं पर अपने विचार रखे। अनिल कुमार, कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार ने इन सभी मुद्दों पर अपनी सरकार की नीतियों और योजनाओं को स्पष्ट करते हुए जनता को आश्वस्त किया कि उनकी सरकार जन-केंद्रित विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर न्यायाधीश की भूमिका श्री राम ग्रुप ऑफ कालिजेज के संस्थापक चेयरमैन डॉ. एस. सी. कुलश्रेष्ठ ने निभाई। उन्होंने निष्पक्षता और तार्किक दृष्टिकोण के साथ जनता, और संचालक द्वारा उठाए गए मुद्दों को सुना और कार्यक्रम के अंत में अपना फैसला सुनाते हुये कहा कि अनिल जी प्रतिभाषाली व्यक्तित्व के धनी है।

# गौ आश्रय स्थलों के लिए अधिक से अधिक भूसा दान कराएं अधिकारी: डीएम



बहराइच, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। जिले में संचालित स्थायी एवं अस्थायी गौ आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशों के लिए भूसा क्रय की समीक्षा हेतु शुक्रवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान डीएम ने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि तत्काल टेण्डर की प्रक्रिया को पूर्ण कराएं। उन्होंने कहा कि टेण्डर की प्रक्रिया तत्काल पूर्ण कराएं इसके साथ ही प्रयास करें कि भूसे के दाम बहुत मुनासिब होने चाहिए। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारियों व पशु चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिया कि क्षेत्र के बड़े कृषकों को भूसादान करने के लिए प्रेरित करें। डीएम ने कहा कि वर्तमान में गेहूं की फसल तैयार हो गई है इसलिए कृषकों से दान स्वरूप अधिक से अधिक भूसा प्राप्त कर उसका संग्रह कर लिया जाय। ग्रीष्म ऋतु को मद्देनजर रखते हुए डीएम ने बीडीओ व पशु चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिया कि गो आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशों को गर्मी, धूप व लू से बचाव के लिए सभी आवश्यक प्रबन्ध सुनिश्चित कर लिये जायें। डीएम ने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए सभी गो आश्रय स्थल पर ताजे पानी, भूसा, हरे चारे व छांव की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये ताकि कोई भी पशु धूप में न रहने पाये। डीएम ने पशु चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिया कि नियमित रूप से गो आश्रय स्थलों का निरीक्षण करते रहें और सभी दुर्बल एवं बीमार पशुओं को समुचित चिकित्सा उपलब्ध करायी जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि सभी गो आश्रय स्थलों को सीसीटीवी कैमरे से आच्छादित कर उसका लिंक मुख्य पशु चिकित्साधिकारी अपने में रखकर गो आश्रय स्थलों की डे-बाई-डे मानीटरिंग करते रहें। डीएम ने बीडीओ को निर्देश दिया कि क्रिटीकल गैप योजना से कराये गये कार्यों विशेषकर सोलर पैनल को क्रियाशील रखा जाय ताकि जलापूर्ति में कोई समस्या न उत्पन्न हो। डीएम ने खण्ड विकास अधिकारियों को यह भी सुझाव दिया कि मा. जनप्रतिनिधियों से सहयोग प्राप्त करते हुए गो आश्रय स्थलों संसाधनों का विकास कराएं। इसी प्रकार जीरो पावर्टी लाइन सर्वे कार्य की समीक्षा के दौरान डीएम ने ग्रामवार रिव्यू करते रहने का सुझाव दिया। डीएम ने निर्देश दिया कि सूची जारी करने से पहले पात्र व अपात्र लोगों को चिन्हित कर लिया। सर्वे के दौरान ग्राम के सभी मजरों को शामिल करें। सर्वे में पात्र पाये गये लोगों की सूची एक्सल शीट पर तैयार की जाय। डीएम ने कहा कि शासन के निर्देश हैं कि जीरो पावर्टी लाइन सर्वे में चिन्हित लोगों को सरकार की सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं जैसे मनरेगा जाबकार्ड, स्वच्छ शौचालय, आयुष्मान कार्ड, अन्त्योदय कार्ड, विभिन्न प्रकार की पेंशन योजनाओं से भी आच्छादित किया जाय। डीएम ने कहा कि जीरो पावर्टी लाइन सर्वे का मुख्य उद्देश्य यही है ।

# 1 मई को शिक्षक मांगों के समर्थन में होगा जोरदार प्रदर्शन

बैतालपुर, देवरिया , 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ इकाई बैतालपुर की एक आवश्यक कार्यकारिणी बैठक बीआरसी बैतालपुर परिसर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता इकाई अध्यक्ष संजय मिश्रा ने की तथा संचालन मंत्री जयप्रकाश मणि त्रिपाठी ने किया।बैठक में आगामी 1 मई को प्रदेश भर में आयोजित शिक्षक धरना-प्रदर्शन को लेकर रणनीति तैयार की गई। यह प्रदर्शन प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा के नेतृत्व में शिक्षकों की वर्षों से लंबित मांगों के समाधान हेतु आयोजित होगा। कार्यक्रम के तहत जिला मुख्यालय स्थित बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक धरना दिया जाएगा, तत्पश्चात शांतिपूर्ण रैली के माध्यम से जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस दौरान अध्यक्ष संजय मिश्रा ने कहा कि शिक्षक समाज की मांगें पूरी तरह न्यायोचित हैं और संघ इनके समर्थन में पूरी शक्ति से संघर्ष करेगा। उन्होंने सभी शिक्षकों से एकजुट होकर आंदोलन को सफल बनाने की अपील की।वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश चौबे ने कहा कि बैतालपुर ब्लॉक के शिक्षक अपने बैनर तले पूरी एकजुटता के साथ जिला मुख्यालय पर आयोजित रैली में भाग लेंगे और सरकार तक अपनी आवाज मजबूती से पहुंचाएंगे।ब्लॉक मंत्री जयप्रकाश मणि त्रिपाठी ने कहा, संघ ने हमेशा शिक्षकों के हितों के लिए निर्णायक सफलताएं हासिल की हैं। हमें विश्वास है कि संगठनात्मक एकता से सभी मांगें पूरी करवाई जाएंगी। उन्होंने सोशल मीडिया और जनजागरण अभियानों के माध्यम से सभी शिक्षकों से संपर्क कर बैतालपुर ब्लॉक से 100% उपस्थिति का आह्वान किया।संघ की संघर्ष समिति के अध्यक्ष सूर्यकांत पांडेय ने कहा कि जब तक शिक्षकों की जायज मांगों पर सरकार द्वारा सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।बैठक में शिक्षक प्रतिनिधि विशाल यादव, त्रिलोकी यादव, शिवानंद तिवारी, संदीप शेखर सिंह, जयप्रकाश आजाद, दिलीप गौड़, लाल साहब, योगेंद्र चौरसिया, अरुण यादव, केडी पांडेय, कीर्ति देव पांडे, मिथिलेश सिंह, संगीता गुप्ता, नीरज कुमार श्रीवास्तव, संतोष कुमार सिंह, हरेंद्र पाल, सुषमा सिंह, रागिनी सिंह, अनमोल मणि त्रिपाठी, अभिषेक गुप्ता, नितेश श्रीवास्तव अशोक चौरसिया सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।बैठक के अंत में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में शहीद हुए भारतीय नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का की शांति हेतु प्रार्थना की गई।

# फर्जी दस्तावेजों से नौकरी का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई, पुलिस ने लोगों से की यह अपील**

आजमगढ़, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। जिले के अहरौला थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक संगठित अपराधी गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जो जाली दस्तावेजों के जरिए नौकरी दिलाने के नाम पर लोगों से लाखों रुपये ठग रहा था। इस गिरोह के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई शुरू की गई है। पुलिस के अनुसार, गिरोह का सरगना शशिकांत पाण्डेय उर्फ सोनू (निवासी आतापट्टी भीमलपट्टी, अहरौला) था। अन्य सदस्यों में दिनेश कुमार पाण्डेय (गहजी, अहरौला, हाल पता लखनऊ), मंजू पाण्डेय (शशिकांत की पत्नी), अमन पाण्डेय, विकास पाण्डेय (दोनों आतापट्टी भीमलपट्टी), और मानधाता पाण्डेय (देखरी विजौरा कॉलोनी, कंधरापुर) शामिल हैं। यह गिरोह जाली दस्तावेज तैयार कर उन्हें असली के रूप में पेश करता था और नौकरी का लालच देकर लोगों से मोटी रकम वसूलता था। इसकी गतिविधियों ने जिले में लोक व्यवस्था को प्रभावित किया और लोग डर के कारण शिकायत करने से कतराते थे।अहरौला थाने में गिरोह के खिलाफ 15 मुकदमे दर्ज किए गए हैं, जिनमें धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात, जालसाजी और कुछ मामलों में अपमान व धमकी की धाराएं शामिल हैं। इन मामलों में आरोप पत्र 6 और 7 अगस्त 2024 को अदालत में दाखिल किए गए, जो वर्तमान में विचाराधीन हैं।पुलिस ने 16 फरवरी 2025 को गैंगचार्ट तैयार कर पुलिस अधीक्षक और जिला मजिस्ट्रेट को भेजा था, जिसे 15 अप्रैल 2025 को संयुक्त बैठक में अनुमोदित किया गया। इसके आधार पर गिरोह के सभी सदस्यों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम, जिसमें कांस्टेबल प्रशांत कुमार, मुकेश वर्मा, महिला कांस्टेबल बंदना सिंह, और चालक झब्बू शामिल थे, ने ग्राम आलमपुर में गश्त के दौरान स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के आधार पर इस गिरोह का खुलासा किया। पुलिस ने जनता से अपील की है ।

## डेक्सन टेक्नालॉजी इण्डिया लिमिटेड आयोजित करेगा भर्ती शिविर

बहराइच , 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। डेक्सन टेक्नालाजी इण्डिया लिमिटेड, नोएडा, उ.प्र. द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नानपारा रोड़ निकट चौपाल सागर बहराइच स्थित कौशल विकास मिशन कार्यालय में 28 से 30 अप्रैल 2025 तक भर्ती शिविर का आयोजन किया जा रहा है। भर्ती शिविर में साक्षात्कार के माध्यम से चयनित अभ्यर्थियों को पद एवं योग्यता के अनुसार न्यूनतम रू. 11,198=00 से रू. 18,000=00 तक वेतन तथा अन्य भत्ता का भुगतान किया जायेगा। चयन प्रक्रिया पूर्णतः निः शुल्क होगी तथा कार्यस्थल नोएडा तथा कार्यावधि 08 घण्टे होगी।यह जानकारी देते हुए कौशल विकास मिशन, बहराइच के जिला समन्वयक ने बताया कि 18 से 30 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे महिला एवं पुरूष जिनकी शैक्षिक योग्यता आईटीआई, इण्टरमीडिएट, स्नातक, डिप्लोमा, बीटेक है साक्षात्कार में प्रतिभाग कर सकते हैं। जिला समन्वयक ने बताया ।

## पुलिस मुठभेड़ में इनामिया 2 अंतर्जनपदीय शातिर गौ तस्कर गिरफ्तार

बस्ती , 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। पुलिस पिकेट व चेकिंग के दौरान थाना छावनी, थाना हर्रैया, थाना परसरामपुर पुलिस टीम की संयुक्त कार्यवाही में पशु तस्करी के संबंध में थाना हर्रैया पर पंजीकृत मु0अ0स0 109/2025 धारा 109(1) इठर, धारा 3/25 आर्म्स एक्ट, धारा 3/5अ/8 उ0प्र0 गोवध निवारण अधिनियम व धारा 11 पशु क्रूरता अधिनियम, धारा 207 ट.ए. अ्3 में वांछित रु0 25,000-25,000/- के इनामिया 02 अंतर्जनपदीय शातिर गौ तस्करों यथा क्रमशः संजय पुत्र विजय शंकर निवासी करेहका थाना सकरन जनपद सीतापुर (उ0प्र0),मुनव्वर पुत्र जाहिद उर्फ अब्बूला निवासी पीला तालाब चौराहा थाना गंज जनपद रामपुर (उ0प्र0) जोकि छुप-छुपा कर जा रहे थे, जिन्हें थाना छावनी क्षेत्रान्तर्गत अमौलीपुर नहर पुलिया के पास घेराबंदी कर पकड़ने का प्रयास किया गया, जिस पर शातिर गौ तस्करों द्वारा पुलिस टीम को जान से मारने की नीयत से फायर करते हुए भागने का प्रयास किया जिसके जवाबी कार्यवाही में पुलिस टीम द्वारा अपना बचाव करते हुए फायरिंग किया गया, जिस दौरान बदमाश/ पशु तस्कर संजय पुत्र विजय शंकर के बाएं पैर में गोली लगी एवं अभियुक्त मुनव्वर पुत्र जाहिद को मौके से समय करीब 22:20 बजे अमौलीपुर नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक अदद अवैध देसी तमंचा 12 बोर, 01 अदद जिंदा व 02 अदद खोखा कारतूस 12 बोर,एक अदद नाजायज चाकू, दो अदद मोबाइल फोन व रुपये 1,800/- नगद बरामद किया गया ।

## संक्षिप्त समाचार

### दिव्यांगता की विभिन्न श्रेणियों में प्रदान किये जायेंगे राज्य स्तरीय पुरस्कार

बहराइच, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। विश्व दिव्यांग दिवस 03 दिसम्बर 2025 के अवसर पर दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा 12 विभिन्न श्रेणियों में राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान करने की व्यवस्था की गयी है। योजनान्तर्गत दक्ष दिव्यांग कर्मचारी/स्वनियोजित दिव्यांगजन, दिव्यांगजन हेतु सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता, प्लेसमेंट अधिकारी या एजेंसी के लिए सेवायोजकों, दिव्यांगजन के निमित्त कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति तथा सर्वश्रेष्ठ संस्था, प्रेरणास्रोत, दिव्यांगजन के जीवन सुधारने के निमित्त सर्वश्रेष्ठ नवीन अनुसंधान या उत्पाद विकास, दिव्यांगजन हेतु बाधामुक्त वातावरण के सृजन हेतु सर्वश्रेष्ठ कार्य, दिव्यांगजन को पुनर्वास सेवाएं प्रदान करने वाले, सर्वश्रेष्ठ सृजनशील दिव्यांग वयस्क व्यक्तियों एवं सर्वश्रेष्ठ बालक/बालिका, सर्वश्रेष्ठ ब्रेलप्रेस, दिव्यांगजन के लिए सर्वोत्तम अनुकूल वेबसाइट, सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग खिलाड़ियों तथा दिव्यांगजन के सशक्तीकरण हेतु कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए अर्ह होंगे।यह जानकारी देते हुए जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी वी.पी. सत्यार्थी ने बताया कि राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए इच्छुक व्यक्ति एवं स्वैच्छिक संस्थान अपने आवेदन पर वांछित अभिलेखों एवं प्रपत्रों के साथ विकास भवन स्थित जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी बहराइच के कार्यालय में कक्ष संख्या 10 में जमा कर सकते हैं।

### सन्दर्भ निस्तारण में शिथिलता पर कार्मिक को मिली चेतावनी

बहराइच , 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। आई.जी.आर.एस. संदर्भ संख्या 40018025019530 दिनांक 07 अप्रैल 2025 का उपायुक्त स्वतः रोजगार कार्यालय के कम्प्यूटर सचिन कुमार द्वारा नियत तिथि/निर्धारित समयान्तर्गत निस्तारण/कार्यवाही न करने के कारण उक्त प्रकरण डिफाल्टर की श्रेणी में प्रदर्शित हुआ है। जिससे जनपद की रैंकिंग प्रभावित हुई। इस स्थिति का संज्ञान लेते हुए उपायुक्त स्वतः रोजगार द्वारा सम्बन्धित कार्मिक को चेतावनी जारी करते हुए सचेत किया है कि भविष्य में पुनरावृत्ति होने पर आपके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जायेगी, जिसके लिए आप स्वयं उत्तरदायी होंगे।

### डीएम व एसपी की मौजूदगी में थाना कोतवाली नगर में थाना समाधान दिवस सम्पन्न

बलरामपुर, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)। माह के चतुर्थ शनिवार पर जनपद के सभी थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ।इस अवसर पर डीएम पवन अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार की अध्यक्षता में थाना कोतवाली नगर में थाना समाधान दिवस सम्पन्न हुआ।थाना समाधान दिवस में डीएम ने जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना एवं उनके समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण का निर्देश संबंधित को दिया।उन्होंने भूमि विवाद एवं लॉ एंड ऑर्डर की दृष्टि से संवेदनशील मामलों में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया।उन्होंने पैमाईश के संबंध में भी आवश्यक दिशानिर्देश दिए। इस दौरान अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

### मुख्यमंत्री से अवैध कब्जा रोकने की मांग

उतरौला/ बलरामपुर, 26 अप्रैल (तरुणमित्र) । उतरौला के ग्राम अमाया देवरिया निवासी मोहम्मद असगर, वसी हैदर व गुलामुन मशरकैन ने विवादित भूमि पर जबरन किया जा रहा अवैध कब्जा को रोकने की मांग मुख्यमंत्री से किया है। आरोप है कि भारत भूषण द्वारा उतरौला ग्रामीण के बरदही बाजार स्थित नवीन परती की जमीन पर जबरन अवैध कब्जा किया जा रहा है। भारत भूषण जिस भूमि पर जबरन अवैध कब्जा कर रहा है वह जमीन नवीन परती के नाम खतौनी में दर्ज है। और इस भूमि से संबंधित वाद सिविल जज (जूनियर डिवीजन) उतरौला के न्यायालय पर मुकदमा आजादर हुसैन बनाम भारत भूषण विचाराधीन है। जिसकी सुनवाई एक मई को होनी है। न्यायालय में मामला विचाराधीन होने के बावजूद भी भारत भूषण द्वारा बिना किसी स्वत्य व अधिकार के विवादित भूमि पर जबरन कब्जा किया जा रहा है। पीड़ितों ने मांग किया है कि न्याय हित में आवश्यक है कि दौरान मुकदमा विपक्षी को निषेधित किया जाये ताकि वह विवादित भूमि की प्रकृति न बदले।

### निरस्त किया गया निवास प्रमाण-पत्र

बहराइच , 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। उप जिलाधिकारी महसी ने बताया कि मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय के पत्र संख्या 222 दिनांक 19 अप्रैल 2025 के क्रम में नायब तहसीलदार जैतापुर द्वारा प्रस्तुत जांच आख्या 24 अप्रैल 2025 के आधार पर शीलम देवी पुत्री रामसनेही, निवासी ग्राम भौरी जनपद बहराइच का 21 मई 2024 को अंकित पुत्र बृजेश, निवासी जनपद सीतापुर से विवाह हो जाने के परिणाम स्वरूप श्रीमती शीलम देवी के पक्ष में निर्गत निवास आवेदन संख्या 251800020002099 व प्रमाण पत्र संख्या 502252000210 को निरस्त किया जाता है। उप जिलाधिकारी महसी ने बताया ।

# ऐतिहासिक होगी कांग्रेस की प्रदेश स्तरीय संविधान बचाओ रैली

बस्ती , 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। कांग्रेस द्वारा आगामी 28 अप्रैल को पं. अटल बिहारी बाजपेई प्रेक्षागृह के परिसर में दिन में 11 बजे से प्रदेश स्तरीय संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया गया है। शनिवार को कांग्रेस कार्यालय पर जिलाध्यक्ष विश्वनाथ चौधरी के संयोजन में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कार्यक्रम की रूप रेखा के साथ ही पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों में दायित्वों का वितरण किया गया।तैयारी बैठक को सम्बोधित करते हुये कार्यक्रम संयोजक केशव चन्द यादव ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार संविधान को बदलने की तैयारी में है और संसद से लेकर सड़क तक संविधान को कमजोर करने के साथ ही संविधान निमार्ता बाबा साहब को भी अपमानित करने का सुनियोजित षड़यंत्र निरन्तर जारी है। देशा वासियों को जगाने और संविधान बचाने की दिशा में 28 अप्रैल की कांग्रेस की रैली महत्वपूर्ण है। कहा कि पार्टी के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता रैली की सफलता के लिये अपनी पूरी ताकत झोंक देंकांग्रेस कार्यालय पर हुई बैठक में आलोक प्रसाद पूर्व विधायक अम्बिका सिंह, राम जियावन, अनूप पाण्डेय, वीरेन्द्र प्रताप पाण्डेय बबलू जय करण वर्मा, देवेन्द्र श्रीवास्तव, कौशल त्रिपाठी, नर्वदेश्वर शुक्ल, अनिल भारती, अमित सिंह, वाहिद सिद्दीकी, अलीम अख्तर, राम बचन भारती, राणा सिंह, लाल जी पहलवान, शौकत अली, नन्हू, संदीप श्रीवास्तव गंगा मिश्रा, राजन सिंह, आनंद के साथ ही पार्टी के अनेक नेताओं ने संविधान बचाओ रैली को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिया।

# 48 घंटे में की लूट की घटना का खुलासा,2 गिरफ्तार



अम्बेडकरनगर , 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। थाना बसखारी पुलिस व एसओजी/स्वाट/सर्विलान्स की संयुक्त टीम द्वारा 24 अप्रैल 2025 थाना बसखारी क्षेत्र अन्तर्गत हुई लूट की घटना का सफल अनावरण करते हुए 02 अन्तर्जनपदीय लूटेरों को 23000/- रू व मोबाइल के साथ 48 घंटों के अंदर गिरफ्तार किया गया। शनिवार को रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी विशाल पांडेय ने पत्रकारों को घटना के सम्बन्ध में बताया कि 24 अप्रैल 2025 को वादिनी सावित्री देवी उम्र करीब 50 वर्ष पत्नी स्व0 राजाराम निवासी बसहिया थाना बसखारी जनपद अम्बेडकरनगर द्वारा थाना स्थानीय पर तहरीर दिया गया कि मोटरसाइकिल सवार 02 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा वादिनी का पर्स छीन लिया गया था जिसमें 25 हजार रुपए व 01 मोबाइल था। वादिनी द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर पंजीकृत किया गया था। बताया कि थाना स्थानीय पर पुलिस टीम गठित कर अभियुक्तों की सीसीटीवी फुटेज आदि के माध्यम से अभियुक्तों की पहचान/तलाश की जा रही थी। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिम विशाल पांडे ने बताया किपुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निदेर्शानुसार जनपद अम्बेडकरनगर पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बसखारी व एसओजी/स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत से सम्बन्धित अभियुक्तगण की तलाश की जा रही थी तभी मुखबिर द्वारा सूचना पर लूट की घटना से सम्बन्धित दो अभियुक्तों को नव दुर्गा डिग्री पीजी कालेज ग्राम खुसरोपुर थाना बसखारी के पास मोटरसाइकिल पर आ रहे थे जिनको पुलिस टीम द्वारा घेराबन्दी कर पकड़ लिया गया। पुलिस टीम द्वारा पुछताछ करने पर अपना नाम नसीम पुत्र करिया नट उर्फ सुरेन्द्र निवासी डोडोपुर थाना निजामाबाद जनपद आजमगढ़ दूसरा करिया नट उर्फ सुरेन्द्र पुत्र स्व0 कन्हैया नट निवासी डोडोपुर थाना निजामाबाद जनपद आजमगढ़ बताया। अभियुक्तों की तलाशी लेने पर नसीम उपरोक्त के पास से लूट की सम्बन्धित फर्जी नंबर प्लेट के साथ बरामद किया गया ।

## आभा ' आईडी बनाने में तेजी लाएं सभी जिम्मेदार-सीएमओ

महराजगंज, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। जिले में करीब 78 प्रतिशत लोगों का ही आभा आई ( आयुष्मान भारत हेल्थ एकाउंट) बन सका है। इतने खराब प्रदर्शन पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ श्रीकांत शुक्ला ने असंतोष व्यक्त करते हुए सभी लोगों का ( जिनके पास आधार कार्ड) आई बनाने में तेजी लाने के लिए सभी जिम्मेदारों को सख्त निर्देश दिया है।मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जूम मीटिंग के जरिए सभी ब्लाकों के प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधकों, ब्लॉक कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर्स को कड़े निर्देश दिए है। सीएमओ ने कहा कि सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों, एएनएम और आशा कार्यकताओं को जोर देकर आभा आई बनाना होगा। सभी एमओआईसी इसकी प्रतिदिन समीक्षा भी करते रहें।सीएमओ ने यह भी निर्देश दिया कि आशा कार्यकर्ता इन दिनों दस्तक अभियान के तहत घर घर जा रहीं। जहां कहीं भी बुखार के मरीज मिले तो उन्हें इलाज के लिए नजदीक के सरकारी अस्पताल पर जाने के लिए प्रेरित करें।उन्होंने यह भी कहा कि मलेरिया रोग उन्मूलन के लिए जन समुदाय को मच्छरों के स्त्रोतों को नष्ट करने के लिए प्रेरित करें।

## अज्ञात कारणों से लगी आग में छः घरों की गृहस्थी जल कर राख


मेहनवन (गोंडा) , 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। शनिवार को मुजेहना विकास खंड के ग्राम पंचायत खौदी में दोपहर तीन बजे के आस पास आग लगने छ घरों की गृहस्थी जल कर राख हो गई है। अज्ञात कारणों से लगी आग में कन्नू शर्मा पुत्र सोमई की गाय और बछिया जल कर मरी हैं। राघवराम मौर्या पुत्र राम लोचन मौर्या का जनरेटर टेबल कुर्सी व टेंट का अन्य सामान जल कर राख हुआ है। इसके साथ राज कुमार मौर्या पुत्र रामलोचन, प्रीतम सिंह पुत्र मुन्ना सिंह की मोटर साइकिल जली है इनके अलावा पारस नाथ पुत्र रामफेर की गृहस्थी प्रभावित हुई है। अजान खाने के पीने का सामान कपड़ा नगदी अहित तमाम सामान इस अग्निकांड में जल कर रख हुए है। मौके पर मौजूद ग्राम प्रधान ओम प्रकाश पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि तीन बजे के आस पास आग लगने के शोर मची तो तुरंत फायर स्टेशन पर फोन करके सूचना दी गई लेकिन गांव के सकरे रास्ते की वजह से घटना स्थल तक नहीं पहुंच पाई ग्रामीणों ने मिल कर पंपिंग सेट नल इत्यादि से पानी फेंक कर आग बुझाने की कोशिश की काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस अग्नि कांड में पशुहानि के अतिरिक्त किसी प्रकार जनहानि नहीं हुई है। हल्का खेलपाल अभय यादव ने मौके पर पहुंच घटना में प्रभावित परिवारों की जानकारी जुटाई है उन्होंने कहा है क्षति आकलन की रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेजी जाएगी। हेडकांसटेबल आनंद यादव शामिल रहे।

## डीएम ने की सड़क सुरक्षा समिति की बैठक अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश

**सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उपस्थित न होने वाले विद्यालय के प्रबंधकों को जारी की गई नोटिस**

गोण्डा , 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा प्रशासन की उच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इसकी जिम्मेदारी शिक्षण संस्थानों एवं अभिभावकों की भी होगी, अतः यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जनपद के 30 विद्यालयों के प्रबंधकों को बैठक में प्रतिभाग करने के लिए पत्र जारी किया गया था, जिसमें कुछ विद्यालयों के प्रबंधकों ने बैठक में प्रतिभाग नहीं किया, जिसके लिए उनको नोटिस जारी की गई है। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद के सभी विद्यालयों के प्रबंध को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी लोग अपने-अपने विद्यालयों के गाड़ियों का फिटनेस आगामी 10 मई, 2025 तक अनिवार्य रूप से करवा लें, अन्यथा की स्थिति में जिम्मेदारी तय करते हुए विभागीय कार्यवाही की जाएगी।जिलाधिकारी ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में ऑन रोड सेफ्टी द्वारा दिए गए नवीनतम दिशा निदेर्शों के अनुपालन में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में निर्देश दिए है कि संयुक्त भ्रमण करते हुए दुर्घटना बाहुल्य ब्लैक स्पॉट को चिन्हित किया जाय, साथ ही वहां पर दुर्घटनाओं को प्रभावी ढंग से रोकने के लिए होर्डिंग एवं बैनर के माध्यम से कार्यवाही की जाय। बैठक अधिकारियों को निर्देश दिये है।

# जिला विकास समन्वय व अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न




अंबेडकरनगर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। सांसद अंबेडकर नगर लालजी वर्मा की अध्यक्षता में विधायक कटेहरी धर्मराज निषाद, विधायक अकबरपुर राम अचल राजभर, विधायक आलापुर त्रिभुवन दत्त, विधायक टांडा राम मूर्ति वर्मा व जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला सहित समिति के अन्य सदस्यों की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति( दिशा) की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला द्वारा जिला विकास समन्यव एवं अनुश्रवण समिति के गत बैठक की अनुपालन व्याख्या समिति के समक्ष प्रस्तुत की गई। तदोपरांत सांसद द्वारा ग्राम्य विकास विभाग, समाज कल्याण, कृषि विभाग, राजस्व विभाग, पंचायती राज, नगर विकास विभाग, पशुपालन, महिला एवं बाल विकास विभाग, महिला कल्याण विभाग, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, बेसिक शिक्षा, खनन, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, खाद एवं सार्वजनिक वितरण विभाग, श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं यथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, एकीकृत बाल विकास योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, सर्व शिक्षा अभियान/ मध्यान्ह भोजन योजना आदि योजनाओं की विभागवार एवं योजनावार विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक के दौरान सांसद द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त धनराशि के समुचित एवं समयबद्ध सदुपयोग सुनिश्चित करने तथा जन सामान्य तक समस्त योजना की पहुंच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में प्राप्त समस्याओं का व्यावहारिक रूप से समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने तथा प्राप्त सुझावों पर गंभीरता से अमल करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सभी लोग मिलकर जिले के विकास में महत्वपूर्ण योगदान कर सकें इसके लिए जरूरी है कि समस्त कार्यों को समयबद्ध समय में गुणवत्ता पूर्ण ढंग से पूरा किया जाए। इस अवसर पर समिति द्वारा नगर पालिका परिषद अकबरपुर के मीरानपुर मोहल्ला में वर्षा काल के दौरान जल भराव से होने वाली समस्या से अवगत कराया गया।

## शुचितापूर्ण सम्पन्न करायें आंगनबाड़ी कार्यकत्री भर्ती प्रक्रिया: डीएम

बहराइच, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। शुक्रवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में चयन समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक के दौरान जनपद में रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पदों पर प्रचलित चयन में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण एवं अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन कराये गये आवेदन पत्रों में त्रुटिपूर्ण आय, जाति, निवास प्रमाण पत्रों का क्रमाक सीएससी द्वारा अंकित किये जाने की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्री के चयन से सम्बन्धित प्राप्त होने वाली शिकायतों की संयुक्त सम्बन्धित तहसीलदार, खण्ड विकास अधिकारी एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा करते हुए संयुक्त रूप से जॉच आख्या प्रेषित की जायेगीं। अभ्यर्थियों द्वारा ऑन लाइन कराये गये आवेदन फार्मों में त्रुटिपूर्ण आय/जाति एवं निवास प्रमाण पत्र का क्रमांक अंकित करने वाली सी.एस.सी. की जॉचोपरान्त दोषी पाये जाने की स्थिति में कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये गये।

डीएम ने जिला कार्याक्रम अधिकारी को निर्देश दिया कि ब्लाकों में आय, जाति व निवास में गड़बड़ी है तो सम्बन्धित लेखपाल को हटाये जाने की कार्यवाही करते हुए मुख्यालय अटैच किया जाय। आफ लाइन शिकायतों के विवरण का रजिस्टर भी तैयार किया जाय। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद के अन्तर्गत वर्तमान में प्रचलित आंगनबाड़ी कार्यकत्री पद पर चयन हेतु बाल विकास परियोजना फखरपुर में तैनात प्रधान सहायक मनोज कुमार द्वारा अभ्यर्थी से उत्कोच लिये जाने के कारण प्रेषित जॉच आख्या के क्रम में निदेशक बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार द्वारा मनोज कुमार को निलम्बित कर दिया गया है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, जिला कार्यक्रम अधिकारी राज कपूर, डीएसओ नरेन्द्र तिवारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी बी.पी. सत्यार्थी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, तहसीलदार, एवं समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया है।

# योगी सरकार में सुदृढ़ हो रहे नदियों के तटबंध, बाढ़ से बचेंगे गांव

## योगी सरकार ने राप्ती, रोहिन, घाघरा, कुआनो व गुर्रा नदियों के तटबंध पर कराए हैं कार्य



गोरखपुर, 26 अप्रैल(तरूणमित्र)। दशकों तक बाढ़ की विभीषिका को झेलने के लिए अभिशप्त रहे गोरखपुर को बाढ़ बचाव के लिए संवेदनशील योगी सरकार की समयबद्ध कार्ययोजना का सकारात्मक परिणाम साल दर साल दिख रहा है। 2017 के बाद से लगातार हो रहे बाढ़ सुरक्षा के कार्यों से नदियों के तटबंध सुरक्षित होते गए और जिले में होने वाली व्यापक हानि में अभूतपूर्व कमी आई है। योगी सरकार में नदियों के तटबंधों को सुरक्षित करने का सिलसिला लगातार जारी है और इससे बड़े पैमाने पर गांवों को बाढ़ की त्रासदी से बचाने में कामयाबी मिली है। इसी सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए इस साल भी बाढ़ की दस्तक से काफी पहले ही गोरखपुर में 119 करोड़ रुपये से अधिक की बाढ़ बचाव परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं। आगामी दिनों में इन कार्यों का लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों संभावित है। गोरखपुर में बाढ़ खंड, बाढ़ खंड-2 और ड्रेनेज खंड ने कुल मिलाकर बाढ़ सुरक्षा की 27 परियोजनाओं को पूर्ण कर लिया है। सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता विकास सिंह के अनुसार ये परियोजनाएं राप्ती, रोहिन, घाघरा, गुर्रा, कुआनो नदियों के तटबंधों और इन तटबंधों के आसपास बसे गांवों को मानसून में बाढ़ की त्रासदी से बचाने की हैं। इन परियोजनाओं का लाभ जिले की सात विधानसभा क्षेत्रों गोरखपुर ग्रामीण, चौरीचौरा, खजनी, बांसगांव, सहजनवां, कैम्पियरगंज और चिल्लूपार की जनता को मिलेगा। उल्लेखनीय है कि बीते कुछ सालों से गोरखपुर में बाढ़ की स्थिति पर काफी नियंत्रण पा लिया गया है। जबकि एक लंबे समय तक बाढ़ की त्रासदी इसकी पहचान से जुड़ गई थी। 1998 की प्रलयंकारी बाढ़ तो आज भी लोगों को याद है। बाढ़ पर काबू पाने का सिलसिला तब शुरू हुआ जब 2017 में योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री बने। अपने संसदीय कार्यकाल से ही वह जिले में आने वाली बाढ़ से वाकिफ थे। लिहाजा मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने कार्ययोजना बनवाकर जहां जरूरत हुई वहां नदियों की ड्रेजिंग कराई, नदियों की धारा को चैनलाइज कराया, बड़े पैमाने पर बंधों पर बोल्डर पिचिंग के काम कराए।

# एक राष्ट्र एक चुनाव से और मजबूत होगा देश का लोकतंत्र - दयाराम



बस्ती , 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। लोकतंत्र को और सबल बनाने के लिये पूर्व की भांति एक राष्ट्र एक चुनाव कराया जाना समय की मांग है। इससे समय, संसाधन की बचत तो होगी ही, मतदाताओं को भी रोज-रोज के चुनाव से मुक्ति मिलेगी। यह विचार भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक दयाराम चौधरी ने व्यक्त किया। वे शनिवार को भाजपा द्वारा गनेशपुर स्थित शंकर नगर चौराहे के एक मैरेजहाल के सभागार में आयोजित प्रबुद्ध समागम कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे।पूर्व विधायक दयाराम चौधरी ने कहा कि संविधान को अंगीकार किए जाने के बाद, 1951 से 1967 तक लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ आयोजित किए गए थे। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के पहले आम चुनाव 1951-52 में एक साथ आयोजित किए गए थे। यह परंपरा इसके बाद 1957, 1962 और 1967 के तीन आम चुनावों के लिए भी जारी रही। बाद में यह क्रम टूट गया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने इसे पुनः लागू कराने का जो संकल्प व्यक्त किया है वह सराहनीय है।कार्यक्रम समन्वयक भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पवन कसौधन, भाजपा नेता जगदीश शुक्ल, कार्यक्रम संयोजक मण्डल महामंत्री आलोक श्रीवास्तव ने कहा कि कहा कि हमारा देश एक लोकतांत्रिक देश है। देश में बार-बार चुनाव होने से हमें कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है,क्योंकि चुनाव प्रक्रिया बहुत महंगी हो गई है और चुनावों को संपन्न कराने में समय एवं भारी धनराशि की बर्बादी होती है। वन नेशन, वन इलेक्शन के लागू होने से संसाधनों के साथ समय की भी बचत होगी, विकास तेजी से होगा। अलग-अलग तिथियों में चुनाव होने से आचार प्रभावित होता है और व्यापारी पर सीधे तौर पर आर्थिक चोट पड़ती है। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि ह्यएक देश, एक चुनाव प्रणाली से न केवल समय और होगी, ।

# डीएम एसपी ने थाना समाधान दिवस पर सुनी समस्याएं




संतकबीरनगर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। जिलाधिकारी आलोक कुमार व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा संयुक्तरुप से थाना कोतवाली खलीलाबाद पर आयोजित थाना समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरता से सुनते हुए गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध समाधान करने के लिए सम्बन्धित को निर्देश दिया गया। थाना समाधान दिवस की शिकायतों को सुनते हुए अधिकारीद्वय द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि थाना समाधान दिवस में आये लोगों की शिकायतों को गम्भीरता से सुना जाए तथा स्थलीय निरीक्षण करके समस्या का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा अधिकारीद्वय द्वारा राजस्व/पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए तथा जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करें, जिससे समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जा सके इस अवसर पर उप जिलाधिकारी खलीलाबाद शैलेश कुमार दूबे, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका अवधेश भारती सहित राजस्व/पुलिस अधिकारी एवं फरियादी आदि उपस्थित रहे।

## डीएम व एसपी ने किया जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण,दिए निर्देश

बस्ती , 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। जिलाधिकारी बस्ती रवीश गुप्ता व पुलिस अधीक्षक बस्ती अभिनन्दन द्वारा आज शनिवार को जिला कारागार बस्ती का आकस्मिक निरीक्षण किया गया` निरीक्षण के दौरान जेल के बैरक, अस्पताल, मेस आदि का निरीक्षण कर कैदियों से वार्ता कर स्थिति का जायजा लिया गया एवं मौजूद सभी जेल कर्मियों को सख्त हिदायत दिया गया कि उनसे अपेक्षित समस्त कार्यवाहियों का निर्वहन सही तरीके से करें` किसी प्रकार की अवांछनीय गतिविधि या अवांछनीय तत्व न पाये जाने के सम्बन्ध में हिदायत दी गयी। निरीक्षण के दौरान पी0आर0ओ0 पुलिस अधीक्षक बस्ती व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें ।

# महिला की हत्या करने वाले तीन अभियुक्त 12 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार

बस्ती , 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा थाना कोतवाली क्षेत्र में हत्या के सनसनीखेज घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्तगण नोहर चौधरी पुत्र झिनकान निवासी सरायघाट मिश्रौलिया थाना कोतवाली जनपद बस्ती, विद्यावती उर्फ संतोला पत्नी नोहर चौधरी निवासी सरायघाट मिश्रौलिया थाना कोतवाली जनपद बस्ती, लक्ष्मी पत्नी शिवसहाय चौधरी पुत्री नोहर चौधरी निवासी बेलाड़ी थाना नगर जनपद बस्ती हाल पता सरायघाट मिश्रौलिया थाना कोतवाली जनपद बस्ती को राजाचक मोड पुलिया थाना कोतवाली जनपद बस्ती से गिरफ्तार किया गया। उक्त के सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर मु0अ0सं0 149/2025 धारा 103(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया है। अभियुक्तगण को बाद विधिक कार्यवाही न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा।पूछताछ में बताया की सुनीता के पति की मृत्यु के बाद सुनीता और नोहर का बात व्यवहार बनने के कारण दोनों द्वारा भदेश्वरनाथ मंदिर में जाकर शादी कर लिया गया तथा पति पत्नी के तरह रहने लगे और जैसे ही कुछ समय व्यतीत हुआ की सुनीता अस्वस्थ रहने लगी और दवा इलाज के लिए नोहर के घर अक्सर आने जाने लगी और पैसे खर्च होने के कारण नौहर की पत्नी विद्यावती उर्फ विद्या उर्फ दिव्या उर्फ संतोला व पुत्री लक्ष्मी विद्यावती काफी नाराज हो गये थे और घर में कलह होने लगा। सुनीता दिनांक 23.04.2025 को नोहर के घर आकर पुनः 24.04.2025 को पैसा लेकर गयी, जिसपर विद्यावती व लक्ष्मी द्वारा कहा गया।

# संक्षिप्त समाचार

## थाना समाधान दिवस का किया आयोजन

देवरिया, 26 अप्रैल(तरूणमित्र)। जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समस्त थानों पर राजस्व व पुलिस अधिकारी ने जनता की समस्याओं को सुना एवं मौके पर पहुंच कर कई समस्याओं का निस्तारण भी कराया। पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर के निर्देशन में जनपद में बेहतर जनसुनवाई एवं पुलिस के उत्तरदायित्व निर्धारण करने, संवेदनशीलता बढ़ाने, एवं बेहतर पारदर्शिता बढ़ाने के लिए थाना दिवस पर डेस्क सिस्टम के तहत समस्त थानों पर हल्का प्रभारी व बीट पुलिस अधिकारी द्वारा अपने-अपने हल्का/ग्राम/बीट की डेस्क लगाकर जनसमस्याओ को सुना और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया। इस अवसर पर पुलिस विभाग एवं राजस्व विभाग के सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे। समाधान दिवस के अवसर पर जनपद के समस्त थानों पर कुल 141 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 32 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया।

## एएसपी ने किया थाना कोतवाली का आकस्मिक निरीक्षण

बस्ती , 26 अप्रैल(तरूणमित्र)। शनिवार को अपर पुलिस अधीक्षक बस्ती ओम प्रकाश सिंह द्वारा थाना कोतवाली का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय,मेस,मालखाना, उउळठर कार्यालय ,बैरक, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क व परिसर की साफ-सफाई एवं अभिलेखों के उचित रख-रखाव हेतु संबंधित को आवश्यकता दिशा-निर्देश दिया गया तथा लंबित विवेचनाओं को पूर्ण कर अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु समीक्षा की गयी तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

## व्यापार बन्धु की बैठक का हुआ आयोजन

देवरिया , 26 अप्रैल(तरूणमित्र)। जनपद के व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर शुक्रवार को विकास भवन स्थित गांधी सभागार में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में व्यापार बंधु की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि व्यापारियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित और प्रभावी समाधान किया जाए, जिससे उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो और व्यापारिक गतिविधियां सुचारु रूप से संचालित हो सकें। व्यापारियों ने स्ट्रीट वेंडरों के लिए भूमि चिन्हित किए जाने का मुद्दा उठाया, जिस पर जिलाधिकारी ने उन्हें व्यवसाय के लिए उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। पकड़ी बाजार क्षेत्र में नाली निकासी की समस्या पर व्यापारियों ने ध्यान आकर्षित किया। व्यापारियों ने बताया कि कुछ लोग नए मकान बनाते समय नाली व सड़क को ढक दे रहे हैं, जिससे जल निकासी में समस्या उत्पन्न हो रही है। इस पर जिलाधिकारी ने क्षेत्राधिकारी सदर को इस तरह की गतिविधियों को तत्काल रोकने के निर्देश दिए। मालवीय रोड के कुछ स्थानों पर क्षतिग्रस्त होने का प्रकरण उठाया गया , जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग को मरम्मत कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने का निर्देश दिया। साथ ही, पार्किंग व्यवस्था को लेकर भी चर्चा हुई, जिस पर जिलाधिकारी ने पार्किंग के लिए टेंडर प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने का आदेश दिया।

## निर्मम हत्या के विरोध में हुई श्रद्धांजलि सभा

गोन्डा , 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। में अभी 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने देश के अलग अलग राज्यों से आये हुए पर्यटकों की गोली मारकर नृशंश हत्याकर दी थी। उसी निर्मम हत्या के विरोध में आज शनिवार 26 अप्रैल को विद्यालय परिसर में विद्यालय के शिक्षक /शिक्षिकाओं तथा विद्यालय के छात्र -छात्राओं ने पहलगाम में मारे गए सभी नागरिकों को श्रद्धांजलि दिया ,और ईश्वर से प्रार्थना किया सभी मृतकों की आत्मा को शांति प्रदान करें। श्रद्धांजलि सभा के दौरान स्कूल के सह -प्रबंधक माया शंकर जोशी ,प्रधानाचार्य अशोक कुमार मिश्रा, उप प्रधानाचार्य एस एन चतुवेर्दी, सुनीत श्रीवास्तव ,एम.एन. शुक्ला, सहित सभी शिक्षक शिक्षकाएं एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## प्रदेश स्तरीय संविधान बचाओ रैली का बस्ती में आयोजन 28 को

देवरिया, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने भाजपा सरकार द्वारा भारत के संविधान, लोकतांत्रिक संस्थाओं एवं समाजीक तथा आर्थिक न्याय के आदर्शों पर सुनोयोजित ढंग से किये जा रहे हमलों के विरोध में आगामी 28 अप्रेल को अटल प्रेक्षागृह का मैदान झंडा वाला चौराहा बस्ती में प्रदेश स्तरीय संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया गया है। देवरिया जनपद से हजारों की संख्या में कांग्रेसी जायेंगे। उक्त बातें टाउन हॉल स्थित पार्टी कार्यालय पर कांग्रेस जनों की बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने कहा। कि देश में लगातार संविधान और संविधान द्वारा गठित संस्थानों पर हमलें हो रहें है, लेकिन संविधान की रक्षा के प्रति कांग्रेस प्रतिबद्ध है।

# पहलगाम हमले के विरोध में पाक का पुतला फूंका, कहा- भारत सरकार आतंकी ठिकानों को तत्काल करें नष्ट

देवरिया, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। लार नगर पंचायत के हरिराम चौराहा पर हिन्दू युवा वाहिनी के नेता अरुण सिंह के नेतृत्व मे बीते दिनों जम्मू कश्मीर के पहलगाम में निहत्थे पर्यटको का हत्या करने के विरोध मे पाकिस्तान का पुतला फूंका गया।अरुण सिंह ने कहा कि हम पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी से कड़ी निंदा करते हैं।भारत सरकार आतंकी ठिकानों को तत्काल नष्ट करे। साथ ही पर्यटकों के साथ जिस तरह से कायरतापूर्ण घटना को अंजाम दिया है।इसका हिसाब भारत लेगा। उन्होंने भारत सरकार से मांग करते हुए कहा कि अविलंब आतंकवादी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें और आतंकवादी को पनाह देने वाले पाकिस्तान देश को भी करारा जवाब दें।उन्होंने कहा कि इस तरह के आतंकी हमले फिर दोबारा ना हो, इसके लिए ठोस कदम उठाया जाना चाहिए।मण्डल प्रभारी बलबीर सिंह दादा ने कहा कि पाकिस्तानी आतंकवादियों ने हमारी सहनशीलता और संयम की सारी हदें पार कर दी है। पाकिस्तान को करारा जवाब देने के लिए भारतीय सेना उनके घर में घुस कर सबक सिखाने का काम करे और पहलगाम का बदला ले।उक्त अवसर पर रामजीवन चौहान, अभिमन्यु चौरसिया, दया तिवारी, जीतेन्द्र सिंह, प्रिंस सिंह आदि मौजूद रहे।

# डीएम नेहा शर्मा की पहल :भूसा दान महादान अभियान को मिली नई ऊर्जा

गोण्डा, , 26 अप्रैल(तरूणमित्र)। जिलाधिकारी गोण्डा श्रीमती नेहा शर्मा ने जनपद में संचालित ₹भूसा दान महादान₹ अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए एक बार फिर जनपदवासियों से इस पुनीत कार्य में सहभागिता की भावुक अपील की है। उन्होंने कहा कि निराश्रित गोवंशों की सेवा करना हमारी संस्कृति और मानवीय दायित्व का महत्वपूर्ण हिस्सा है, और इससे बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं हो सकता।जनपद गोण्डा में वर्तमान में कुल 132 गो आश्रय स्थल संचालित हैं, जिनमें लगभग 19,648 निराश्रित गोवंश संरक्षित हैं। शासन द्वारा इनके भरण-पोषण की व्यवस्था निर्धारित मानकों के अनुसार की जा रही है, किंतु गर्मी के मौसम में भूसे और चारे की आवश्यकता में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए 15 अप्रैल से 31 मई 2025 तक विशेष ₹भूसा दान महादान₹ अभियान संचालित किया जा रहा है।श्रीमती नेहा शर्मा ने कहा कि अभियान के तहत अब तक कई जागरूक नागरिकों ने भूसा, चारा और सहायता राशि दान कर पुण्य अर्जित किया है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि इस नेक कार्य में और अधिक संख्या में लोग आगे आएं और अपने नजदीकी गो आश्रय स्थलों पर भूसा, हरा चारा, चोकर, पशु आहार आदि का दान करें।

उन्होंने यह भी बताया कि जो व्यक्ति सामग्री दान करने में असमर्थ हैं, वे ₹गो संरक्षण एवं संवर्धन कोष₹ में ऑनलाइन अथवा बैंक खाते के माध्यम से धनराशि दान कर सकते हैं। दान की गई राशि का उपयोग न केवल गोवंश के भरण-पोषण में किया जाएगा, बल्कि रेडियम पट्टी जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं में भी किया जाएगा, जिससे निराश्रित गोवंश की सुरक्षा और पहचान सुनिश्चित हो सकेगी।

## मुख्य विकास अधिकारी ने किया विकास भवन के विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण

गोण्डा , 26 अप्रैल(तरूणमित्र)। शनिवार को विकास भवन के विभिन्न कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पी0ओ0 डूडा कार्यालय में मात्र एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी उपस्थित मिला, और शेष कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये तथा सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई अनुपस्थित पाये गये। गत निरीक्षण में दिये गये निदेर्शों यथा-साफ-सफाई, नाम पट्टिका आदि का अनुपालन कुछ विभागों द्वारा किया गया है, परन्तु कुछ विभाग जैसे कि- लघु सिंचाई, पशुपालन, भूमि संरक्षण, सहकारिता, डूडा, अल्प संख्यक, युवा कल्याण विभाग एवं डी0आर0डी0ए0 आदि द्वारा नहीं किया गया। कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों को निर्देश दिया गया है कि अपने नाम/पद नाम/पटल के नाम सहित नाम पट्टिका लगायें तथा कार्यालय एवं आप-पास की साफ -सफाई हेतु सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया, तथा इसका अनुश्रवण करने हेतु नाजिर विकास भवन को जिम्मेदारी दी गयी। निरीक्षण के समय जिला विकास अधिकारी/उपायुक्त, श्रम रोजगार/परियोजना निदेशक,उपस्थित रहे।

# किसी अन्य को आवास देने पर आयुक्त ने दिए जांच के निर्देश

देवीपाटन मण्डल गोण्डा , 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। प्रधानमंत्री आवास का लाभ अनियमित ढंग से दिये जाने को लेकर आयुक्त को दिये गये शिकायती पत्र पर आयुक्त ने उप निदेशक पंचायत देवीपाटन मण्डल गोण्डा को जांच सौंपी है। दरअसल मामला बहराइच की नानपारा तहसील के विकास खण्ड नवाबगंज के एक ग्राम शीतलगांव का है। यहां ग्राम के एक निवासी कुलदीप कुमार मिश्र पुत्र कैलाशनाथ ने आयुक्त को शिकायती पत्र देते हुए शिकायत की है कि आवास प्लस सूची के कमांक 25 पर आवास प्लस आईडी -140656216 पर दर्ज मीना देवी पत्नी राजाराम निवासी चौगोई के स्थान पर मीना देवी पत्नी बराती लाल निवासी सबुना को प्रधानमंत्री आवास का लाभ दिया गया है। उन्होंने आयुक्त से इस मामले की जाँच कराकर ग्राम प्रधान व सचिव के विरूद्ध कार्यवाही कराये जाने का अनुरोध किया है। शिकायती पत्र पर आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने देवीपाटन मण्डल गोण्डा के उपनिदेशक पंचायत को निर्देश दिए हैं कि वह प्रार्थी के शिकायती प्रार्थना-पत्र में उल्लिखित तथ्यों की स्वयं जॉच कर अभिलेखीय साक्ष्यों पर आधारित तथ्यात्मक जॉच आख्या दस दिवस में प्रस्तुत करें।आयुक्त देवीपाटन मण्डल शशि भूषण लाल सुशील ने सभी मण्डलीय अधिकारियों को निर्देश दिये है कि सरकारी योजनाओं के लाभ देते समय पूरी पारदर्शिता बरती जाये। योजनाओं का लाभ केवल पात्र व्यक्ति को ही मिलना चाहिए। किसी भी अपात्र को लाभ न मिलें, यदि किसी अधिकारी द्वारा पात्र व्यक्ति को योजना का लाभ न देकर अपात्र को लाभ दिया जाता है तो सम्बंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। आयुक्त देवीपाटन मंडल ने सभी मंडलीय अधिकारियों के निर्देश दिए कि शासन के निदेर्शानुसार प्रत्येक कार्य दिवस में अपने कार्यालय में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक बैठकर जनसुनवाई करें। यदि कोई अधिकारी अनुपस्थित मिलता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सदस्य राज्य महिला आयोग ने धनघटा में की जनसुनवाई

संतकबीरनगर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। प्रदेश सरकार द्वारा महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने हेतु उ0प्र0 राज्य महिला आयोग द्वारा चलाये जा रहें महिला जन सुनवाई/निरीक्षण कार्यक्रम के क्रम में इस माह दिनांक 30 अप्रैल 2025 को पूर्वान्ह 11.00 बजे उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की सदस्य जनक नंदिनी की अध्यक्षता में महिला उत्पीडन के घटनाओं की समीक्षा/महिला जनसुनवाई का आयोजन धनघटा तहसील सभागार में किया जाएगा।जनसुनवाई के उपरान्त राज्य महिला आयोग की सदस्या द्वारा सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, तथा बालिका/महिला गृह व आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया जाना है।

जन सुनवाई कार्यक्रम में महिला उत्पीड़न से सम्बंधित घटनाओं की विस्तृत आख्या एवं अद्यतन स्थिति की समीक्षा उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की सदस्या श्रीमती जनक नंदिनी द्वारा की जाएगी।

# जो भी आतंकियों को शरण दे रहा हो उसे भी हो फांसी - अंकुर

बस्ती, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। कश्मीर के पहलगाम की आतंकी हमला के विरोध में आक्रोश ब्यक्त करते हुए सामाजिक संस्था बस्ती विकास समिति की उपसमिति छात्र युवा दल ने सरदार भगत सिंह चौक पर कल शाम 7बजे शोक सभा का आयोजन कर आतंकवादी हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों के लिए मोमबत्ती जलाकर नमन करते हुए 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी।संस्थापक राहुल श्रीवास्तव ने कहा कि सुनने में आ रहा कि आतंकवादियों ने गोली मारने से पहले धर्म पूछा, वस्त्र उतारकर जानने की कोशिश की कि वह हिन्दू है या मुसलमान निंदनीय है, इसकी जितनी निंदा की जाए कम है।प्रदेश उपाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने गहरा आक्रोश ब्यक्त करते हुए कहा कि इस आतंकवादी हमले ने सभी को झकझोर दिया है। जो भी आतंकियों को शरण दे रहा हो उसे भी फांसी हो।जिलाध्यक्ष पवन वर्मा ने कहा कि सरकार को आतंकवादी हमले का कठोर जबाव देना होगा।इस दौरान संरक्षक संतोष सिंह, ऋषि मिश्रा, अखिलेश त्रिपाठी, रोहन श्रीवास्तव, दिलीप कुमार, विनय कुमार राजपूत, सत्येंद्र कुमार मिश्रा, बच्चू लाल निषाद, रजनीश शर्मा, नरेंद्र प्रताप सिंह, प्रिंस श्रीवास्तव, आदर्श पाठक, पवन अग्रहरि, मनोज भारद्वाज, विवेक श्रीवास्तव, विक्रम चौहान, इंद्रेश यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# छात्राओं को मिठाई खिलाकर कालेज परिवार ने सफलता पर दी बधाइयां



बस्ती , 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। बनकटी ब्लाक मुख्यालय पर स्थित सम्राट अशोक प्रभावंश बालिका इण्टर कालेज में हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिऐट का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। प्रबंधक डा. अनिल कुमार मौर्य एवं प्रधानाचार्य श्रीमती नीलम मौर्य, संस्थापक राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित वंशराज मौर्य ने छात्राओं को बधाइयां व शुभकामनायें देते हुये उनके उज्वल भविष्य की कामना किया है।परीक्षाफल घोषित होने के उपरान्त कालेज परिसर में छात्राओं को विद्यालय परिवार की ओर से मिठाई खिलाकर छात्राओं का मुंह मीठा कराया गया। जानकारी देते हुये प्रधानाचार्य श्रीमती नीलम मौर्य ने बताया कि हाईस्कूल परीक्षा में अंशिका 79.4 प्रतिशत, प्रीती 75 प्रतिशत, कोमल शुक्ला 70 प्रतिशत तथा इण्टरमीडिएट में अनन्या अग्रहरि 79.4 प्रतिशत, चन्दा 76.8 प्रतिशत तथा अंशिका गौतम 73.16 प्रतिशत अंक पाकर क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृती स्थान पर रही। श्रीमती मौर्य ने कहा यह कालेज का पहला सत्र था। पहले ही सत्र में छात्राओं का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा। अध्यापिकाओं ने भी भरपूर सहयोग प्रदान किया। हम आगले सत्र के लिये इससे बड़ा लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहे हैं। निश्चित रूप से आगामी सत्र में हमारी छात्रायें इससे बड़ा कीर्तिमान हासिल करेंगी।

# एक राष्ट्र एक चुनाव पर हुआ जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन




उनवल,गोरखपुर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। नगरपंचायत उनवलमें एक राष्ट्र एक चुनाव के मुद्दे पर एक जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें शिक्षक,अधिवक्ता, चिकित्सक आदिइं समाज के कई बुद्धिजीवी लोग उपस्थित हो अपना तर्क के साथ अपना पक्ष भी रखें।भाजपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह जी ने बताया की 'एक राष्ट्र, एक चुनाव का विचार भारत में लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के चुनावों को एक साथ कराने का प्रस्ताव है। इस पर भारत में लंबे समय से बहस चल रही है। वर्तमान में, लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव अलग-अलग समय पर होते हैं, जिसके कारण चुनाव पूरे वर्ष चलते रहते हैं। सरकार ने इस मुद्दे पर विचार करने और सिफारिशें देने के लिए पूर्व राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविंद जी की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया है। इस समिति ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है, लेकिन अभी तक सरकार ने इस पर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया है।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि छोटेलाल मौर्या जी ने कहा की एक साथ चुनाव कराने से चुनाव खर्च में काफी कमी आएगी। बार-बार चुनाव होने से प्रशासनिक मशीनरी का उपयोग चुनाव कार्यों में होता है, जिससे विकास कार्यों में बाधा आती है।वही मुख्य अतिथि प्रदीप शुक्ला विधायक सहजनवा ने बताया की एक साथ चुनाव कराने से प्रशासनिक दक्षता बढ़ेगी। बार-बार चुनाव होने से सरकारें अल्पकालिक नीतियों पर ध्यान केंद्रित करती हैं। एक साथ चुनाव कराने से सरकारों को दीर्घकालिक नीतियों पर ध्यान केंद्रित करने का अवसर मिलेगा। बार बार चुनाव होने से आदर्श आचार संहिता लागू होने से विकास कार्य रुक जाते हैं। एक साथ चुनाव कराने से इस समस्या से मुक्ति मिलेगी।उक्त कार्यक्रम का संचालन नगरपंचायत के अध्यक्ष एडवोकेट महेश कुमार दूबे जी ने किया अध्यक्षता स्वामी विवेकानंद शिक्षण संस्थान के प्रबंधक डॉ. राकेश त्रिपाठी जी ने किया वही कार्यक्रम में नवयुग उनवल समाज सेवा संस्था के प्रबंधक रविन्द्र चौहान,अध्यक्ष रविशंकर गौड़, कोषाध्यक्ष दिनेश मद्धेशिया, व्यापारी नेता ओमप्रकाश जी, व्यापारी नेता इन्द्र कुमार निगम,जगदीश वर्मा जी, अखिल भारतीय फार्माशिष्ट एसोसिएशन के बाँसगांव ब्लॉक अध्यक्ष बजरंगी लाल निषाद,फार्माशिष्ट संदीप तिवारी, के साथ ही सैकड़ो की संख्या में सम्मानित प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

## बैतालपुर चीनी मिल चलाने को लेकर धरना 151वें दिन जारी

देवरिया, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। बैतालपुर चीनी मिल चलाने के लिए चीनी मिल चलाओ संघर्ष समिति के तत्वावधान में कलेक्ट्रेट परिसर में चलाया जा रहा धरना आज 151 वें दिन जारी रहा। धरना सभा को संबोधित करते हुए मुकेश कुमार बैरागी ने कहा मुख्यमंत्री ने बैतालपुर चीनी मिल को चलाने के लिए देवरिया जिले में चार-चार बार घोषणा की और आंदोलन के नवे वर्ष भी किसानों की मांग और मुख्यमंत्री की घोषणा दोनों पूरी नहीं हो सकी जिससे किसानों में आक्रोश है ।धरने पर समिति के अध्यक्ष बृजेंद्र मणि त्रिपाठी, विकास दुबे, राम प्रकाश सिंह, संजीव शुक्ला , शिवराम यादव रत्नेश मिश्रा, रमेश लाल भाटिया ,हेमंत कुमार, मुनीलाल, राम इकबाल चौहान ,विवेक कुमार गुप्ता ,मंजू चौहान , पवन कुमार ,पन्नीलाल चौहान, राजू चौहान, विजय शंकर कर्मयोगी, इत्यादि लोग मौजूद थे ।

# विकास परियोजनाओं को गति दें अधिकारी : सदर विधायक

## नये कार्यों को जनप्रतिनिधियों के सुझाव कार्ययोजना में करें शामिल : जिलाधिकारी

ललितपुर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। जनपद में विकास परियोजनाओं की समीक्षा और उन्हें गति देने के लिए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने जनपद के जनप्रतिनिधियों एवं कार्यदायी विभागों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर तेजी से निर्माण कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये। बैठक में विधायक रामरतन कुशवाहा, राज्यमंत्री प्रतिनिधि नरेश, सांसद प्रतिनिधि दिनेश गोस्वामी, एमएलसी प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी द्वारा नए कार्यों हेतु सुझाव दिए गए और उन्हें नई कार्ययोजना में शामिल करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने जनप्रतिनिधियों को




आश्वस्त करते हुए कार्यदाई संस्थाओं/विभागों को निर्देश दिये कि नए कार्यों को कार्ययोजना में शामिल करते हुए प्रस्ताव बनाकर शासन भिजवाएं, ताकि जल्द से जल्द वे कार्य स्वीकृत हो सकें। बैठक में मुख्य रुप से वाईपास/रिंग रोड, धर्मार्थ कार्य, इंटरस्टेट चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण कार्य, 2011 की जनगणना के आधार पर 150 से अधिक आबादी को जोड़ ? के लिए नवनिर्माण कार्य, ब्लैक स्पोट सुधार कार्य, लघु/दीर्घ सेतु, रेवले उपगामी सेतु, मार्गों की सामान्य मरम्मत आदि योजनाओं के तहत विस्तृत चर्चा की गई और सुझाव मांगे गए। इसके उपरान्त लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग व अन्य विभागों ने नई कार्ययोजना का प्रस्तुतिकरण किया।

राज्यमार्गों के चौड़ीकरण में बताया गया कि गिरार मार्ग का कार्य पूर्ण हो चुका है, इसके अलावा राजकीय मेडिकल कॉलेज से करगन दैलवारा तक एवं बिजरौठा मार्ग को प्रस्ताव में शामिल कर लिया गया है। जनप्रतिनिधियों ने अवगत कराया कि जमौरामाफी तरगुंवा मार्ग जो कई वर्षो से नहीं बनाया गया, उसे कार्ययोजना में शामिल करने का सुझाव दिया गया। साथ ही जराखली मार्ग पर गांव से 1 किमी कच्चे मार्ग को पक्का कराने हेतु प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए गए।

# पराली जलाना दण्डनीय अपराध,दोषी पर होगी सख्त कार्यवाही : एडीएम

ललितपुर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। महरौनी तहसील अन्तर्गत ग्राम सिलावन में फसल अवशेषों में आग लगने की सूचना मिलने पर एडीएम अंकुर श्रीवास्तव ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया और राहत कार्य प्रारंभ कराया। मौके पर अग्निशमन विभाग की गाडियों के द्वारा आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है, साथ ही निकटवर्ती जनपदों से भी अग्निशमन की गाडियां मंगायी गई हैं। निरीक्षण के दौरान फसल अवशेष जलाने के कारण आग के फैलने की जानकारी मिली, जिस पर अपर जिलाधिकारी ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि फसल अवशेष जलाना दण्डनीय अपराध है, जिससे



कभी भी कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है।

इसके साथ ही फसल अवशेष जलाने से प्रदूषण उत्पन्न होता है, जिससे जलवायु पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है और पर्यावरण दूषित होता है। इस दशा में दोषी व्यक्ति पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। मौके पर एसडीएम अनिल कुमार, एसडीएम महरौनी राजबहादुर, तहसीलदार महरौनी, क्षेत्राधिकारी महरौनी सहित अन्य अधिकारी भी पहुंचे।

# विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर गोष्ठी आयोजित

ललितपुर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में



विश्व मलेरिया दिवस पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा इम्तियाज अहमद ने बताया कि इस वर्ष विश्व मलेरिया दिवस की थीम 'मलेरिया : हमारे साथ समाप्त होता है पुनर्निवेश, पुर्नकल्पना, पुर्नजीवन'। यह थीम बताती है कि समय के साथ मलेरिया के खिलाफ जंग के लिए नये सिरे से प्रतिबद्धता, नवाचार और सहयोग की जरुरत है।

यह थीम हमें प्रेरित करती है, कि आम जनता को भी इस अभियान का हिस्सा बनना चाहिए।

जिला मलेरिया अधिकारी अनिल क्रिस्टोफर मैसी ने बताया कि विश्व मलेरिया दिवस को मनाने का महत्व आम लोगों को मलेरिया के लक्षण, बचाव आदि की सम्पूर्ण जानकारी प्रदान करना है।

डा सौरभ सक्सेना ने विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर शपथ दिलाते हुए बताया कि मलेरिया एक संक्रामक रोग है, यह मुख्य रुप से प्लाजमोडियम नामक परजीवी के कारण फैलता है।

गोष्ठी में नोडल अधिकारी वेक्टर बोर्न डा रामनरेश सोनी, वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक हरिश्चन्द्र नामदेव, मलेरिया निरीक्षक एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# एरच : नाव पलटने से पिता- पुत्र बेतवा में डूबे,मौत

## एक दिन पहले ही बारहवीं में फर्स्ट क्लास पास हुआ था बेटा

झांसी, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। एरच में बेतवा नदी में नहाने गए पिता -पुत्र की नाव नदी में पलटने से मौत हो गई, जबकि परिवार के अन्य 3 लोगों और नाविक को बचा लिया गया। सभी लोग बेतवा नदी में नहाने और नाव से घूमने गए थे। इसी दौरान नाव नदी की बीच धार में पहुंचकर असंतुलन बिगड़ने से पलट गई।

घटना का कारण सेल्फी के लिए नाव के किनारे पर खड़ा होना बताया जा रहा जिसके बाद नाव ने संतुलन खो दिया। संतुलन बिगड़ने से बेटा नदी में गिर गया और नाव पलट गई तो बचाने के लिए पिता भी कूद गए। दोनों की डूबने से मौत हो गई। जबकि 4 लोगों को बचा लिया गया। दर्दनाक हादसा एरच कस्बे में हुआ



है। मृतक एरच के कृष्णा नगर निवासी राकेश कुशवाहा (40) पुत्र घनाराम और बेटा अंशुल है। घटना के एक दिन पहले ही घर में शुभ कार्यक्रम था जिसके बाद अगले दिन सभी का नदी में नहाने का कार्यक्रम बन गया था। शनिवार सुबह राकेश, बेटा अंशुल, अंशुल के चाचा विनोद, फूफा कैलाश, मामेरा भाई कमलेश और राकेश का दोस्त राजेश केवट नदी में नहाने और नाव से घूमने गए थे।

राकेश को तैरना आता था, मगर उसके बेटे को तैरना नहीं आता था। जब पानी में बेटा डूबने लगा तो राकेश उसे बचाने के लिए कूद गए। थोड़ी देर तक दोनों नजर आए और फिर दोनों डूब गए। आसपास के लोगों ने किसी तरह रेस्क्यू करके चाचा, फूफा, ममेरे भाई और दोस्त राजेश को बचा लिया। घटना की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंच गए। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

नाव की मदद से गोताखोर नदी में पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद दोनों के शवों को बाहर निकाला गया। अंशुल 12वीं कक्षा में पढ़ता था और शुक्रवार को ही उसका रिजल्ट आया था जिसमें वह सेकंड डिवीजन पास हुआ था।

एरच थानाध्यक्ष नीलेश कुमारी का कहना है कि पंचनामा भरकर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# कल्याण भारती कॉलेज का शत प्रतिशत रहा परिणाम

चित्रकूट, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। कल्याण भारती इंटर कॉलेज कालूपुर पाही का हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा। हाईस्कूल में छात्र भैरव प्रसाद जबकि इंटर में छात्रा पूनम यादव ने कालेज टाप किया। कॉलेज प्रबंधक जागेश्वर प्रसाद राजपूत के मुख्य आतिथ्य में प्रधानाचार्या कल्पना राजपूत ने मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उन्हें और कड़ी मेहनत के साथ लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरित किया। धीरेन्द्र कुमार कक्षा 10 का छात्र निवासी पथरौडी षिवरामपुर ने पूर्णांक 600 मे प्राप्तांक 565 प्रतिषत 94.17 अंक पाकर नाम रोषन किया है। प्रधानाचार्या ने बताया कि उनके यहां हाईस्कूल व इंटर परीक्षा का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है। हाईस्कूल में भैरव प्रसाद श्रवण कुमार, सूरज को सर्वोच्च अंक प्राप्त हुए हैं जबकि इंटर में पूनम यादव ने कालेज टाप किया है दूसरा नंबर काजल प्रजापति और तीसरा नंबर अंकिता विश्वकर्मा को मिला है।

# वल्क ड्रग फार्मा पार्क निर्माण में तेजी लाने के निर्देश

## फार्मा पार्क को मूर्त रुप में लाने को कार्य करें अधिकारी : डीएम

ललितपुर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने जनपद में स्थानीय रोजगार के अवसर मुहैया कराने व आर्थिक रुप से जनपद में समृद्धि लाने वाली प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना बल्क ड्रग पार्क को जल्द मूर्त रुप में लाने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण के जीएम राजीव त्यागी, क्षेत्रीय प्रबंधक संदीप कुमार, अधिशासी अभियंता सिविल एवं जनपद के डीएफओ गौतम सिंह, अधिशासी अभियंता विद्युत, जल निगम, लोक निर्माण विभाग सहित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर सभी सम्बंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये।



सैदपुर में 1472.33 एकड़ भूमि पर निर्मित हो रहे ड्रक पार्क के प्रथम चरण का कार्य प्रारंभ हो गया है।

इस कार्य की मॉनीटरिंग जिलाधिकारी स्वयं कर रहे है, जिसमें प्रथम सड़क के चौड़ीकरण व निर्माण, 33 केवी की लाइन, फीडर वाउंड्री वाल निर्माण, मुख्य गेट निर्माण आदि कार्यों की जानकारी प्राप्त कर उन्होंने सभी को निर्देश दिये कि किसी भी कार्य में रुकावट नहीं आने पाये, इसके लिए सम्बंधित विभाग के अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर फार्मा पार्क निर्माण कार्य को तेजी के साथ पूर्ण कराते हुए मूर्त रुप में लायें।

इस दौरान डीएफओ गौतम सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक सिविल यूपीसीडा सत्यपाल, वरिष्ठ प्रबंधक संदीप भारता, प्रबंधक सिविल जॉनी मिल्टोरिया, जिला सूचना अधिकारी उपस्थित रहे।

# जेल में पढ़कर फर्स्ट क्लास से पास की बारहवीं की परीक्षा

## रेप केस में जेल में बंद है 19 साल का निहाल

झांसी, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। जिला कारागार में रेप के आरोप में जेल में बंद कैदी 19 साल के निहाल वर्मा ने जेल में रहकर न केवल अपनी पढ़ाई पूरी की बल्कि यूपी बोर्ड परीक्षा में 12वीं कक्षा में फर्स्ट डिवीजन प्राप्त कर दूसरे कैदियों के लिए उदाहरण प्रस्तुत किया। शुक्रवार को उसे जेलर विनोद कुमार ने यह समाचार दिया तो वह खुशी से उछल पड़ा।

निहाल जेल से बाहर निकलकर बिजनेसमैन बनना चाहता है। निहाल मोंठ थाना क्षेत्र के अमरा गांव का रहने वाला है। उसके पिता घनश्याम वर्मा की मौत हो चुकी है। वह गांव की एक नाबालिग लड़की को लेकर भाग गया था। पकड़े जाने पर लड़की ने रेप का केस दर्ज करा दिया। तब निहाल भी नाबालिग था। पुलिस ने उसे निरूद्ध करके सितंबर 2023 को बाल सुधार गृह भेज दिया। बालिग होने पर उसे 6 जून 2024 को जिला कारागार में शिफ्ट कर दिया गया।

यहां आने पर उसने जेल प्रशासन ने पढ़ाई जारी रखने की बात कही। जेल अफसरों ने भी उसके भविष्य को देखते हुए 12वीं कक्षा में एडमिशन करा दिया। उसने रक्सा के गवर्मेंट इंटर कॉलेज में प्राइवेट फॉर्म भरा था। उसे जेल में ही किताबें मुहैया कराई गई और टीचर की व्यवस्था भी की गई। निहाल जेल में 4 से 5 घंटे पढ़ाई करता था। उसकी इस उपलब्धि पर जेलर प्रदीप कुमार कश्यप सहित जेल स्टाफ ने बधाई दी।

# संक्षिप्त समाचार

## एसपी ने ग्यारह उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदले

ललितपुर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ बनाये रखने हेतु पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने ग्यारह उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। पुलिस महकमे के सोशल मीडिया सेल से जारी सूचना के अनुसार उ.नि.मानवेन्द्र सिंह को थाना कोतवाली से चौकी प्रभारी तेरई फाटक थाना तालबेहट, उ.नि. मनीष कुमार शुक्ला को चौकी प्रभारी तेरई फाटक थाना तालबेहट से थाना पाली, उ.नि. अनुज कुमार को थाना महरौनी से चौकी प्रभारी कुम्हेणी थाना महरौनी, उ.नि. सुशील कुमार त्रिपाठी को मण्डी चौकी प्रभारी थाना कोतवाली से प्रभारी चौकी सदर थाना कोतवाली, उ.नि. भूपेन्द्र कुमार को प्रभारी चौकी कुम्हैड़ी थाना महरौनी से थाना सौजना, उ.नि. अनिल कुमार को प्रभारी चौकी अमरपुर मण्डी थाना कोतवाली से थाना जखौरा, उ.नि. गौरव कुमार को थाना कोतवाली से चौकी प्रभारी अमरपुर मण्डी थाना कोतवाली, उ.नि. सुरेन्द्र सिंह को चौकी प्रभारी जेल थाना कोतवाली से थाना बानपुर, उ.नि. प्रशान्त राणा को थाना कोतवाली से चौकी प्रभारी जेल थाना कोतवाली, उ.नि. विनीत कुमार सिंह को थाना नाराहट से सोशल मीडिया सेल, उ.नि. प्रवीण कुमार को थाना सौजना से मण्डी चौकी प्रभारी थाना कोतवाली भेजा गया है।

## एक दिवसीय रोजगार मेला 29 को

बांदा, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। जिला सेवायोजन अधिकारी मोहित जायसवाल ने बताया है किनिदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निदेशों के अनुपालन में क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय द्वारा कार्यालय परिसर, प्रधान डाकघर के सामने बंगालीपुरा, में 29 तारीख दिन मंगलवार को प्रातः 10 बजे से एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न कम्पनियों विभिन्न पदों हेतु साक्षात्कार के पश्चात बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन करेंगी ।इच्छुक बेरोजगार अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि अधिकाधिक संख्या में उपस्थित हों तथा मेला स्थल पर साक्षात्कार के समय अपनी समस्त शैक्षिक योग्यता की छाया प्रतियों तथा फोटो अवश्य लावें। अभ्यर्थी इस स्वर्णिम मौके का लाभ अवश्य उठायें एवं अधिकाधिक संख्या में सेवायोजित हो।

## अश्वमेघ महायज्ञ का किया प्रचार-प्रसार

चित्रकूट, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। 16वे अश्वमेध महायज्ञ प्रयाग मे आयोजित 151कुण्डीय गायत्री महायज्ञ चित्रकूट के प्रचार प्रसार के लिये जनपद बाँदा की विभिन्न शाखाओं मे सम्पर्क गोष्ठी मे गायत्री शक्तिपीठ संचालक डॉ रामनारायण त्रिपाठी के साथ बृजेश त्रिपाठी, रामशरण शास्त्री, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के राजकुमार की टोली ने मार्गदर्शन किया। बाँदा मे दीपक पटेल द्वारा गायत्री अध्ययन केंद्र का शुभारम्भ किया। डॉ रामनारायण त्रिपाठी जिला प्रचारक अनुराग ने फीता काटकर शुभारम्भ किया। अलिहा गायत्री मंदिर मे महंत सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन मे गोष्ठी का आयोजन हुआ। बबेरू गायत्री शक्तिपीठ मे मुख्य ट्रस्टी बृजेन्द्र सविता, कोदू राम पटेल, प्रमोद शिवहरे, रामसजीवन मनीष सोनी के संयोजन में गोष्ठी हुई।

# लघु उद्योग भारती का 32वां स्थापना दिवस मनाया

झाँसी, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग संगठन 'लघु उद्योग भारतीॽ ने अपने 32वा स्थापना दिवस का आयोजन सिविल लाइन स्थित प्रांगण में किया। इस अवसर पर शुभारंभ विशिष्ट अतिथि संजय, पटवारी अध्यक्ष राजीव मेहता , जिला महामंत्री मुकेश गुप्ता, मंडल अध्यक्ष सुरिंदर पाल सिंह, विवेक जैन, राजू पुरवार द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया किया। अतिथियों का स्वागत राजीव श्रीवास्तव, विनय अग्रवाल, अजय सिजरिया, सुशील परेचा, आयुष बंसल, आलोक जैन, रामकुमार, सुशील गुप्ता, राजीव बब्बर आदि द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि संजय पटवारी द्वारा लघु उद्योग भारती के एमएसएमई विकास में राष्ट्रीय योगदान को बताया। अध्यक्ष राजीव मेहता ने बताया लघु उद्योग भारती झांसी के निरंतर प्रयास से बिजौली इंडस्ट्रियल एरिया में बिजली की समस्या में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। कार्यक्रम ब्रह्मलीन हुए पूर्व सदस्यों अरुण बंसल, हरीश अग्रवाल ओर पहलगाम हादसे में 26 हिन्दू परिवारो को मौन श्रद्धांजलि दी गईं। इनवेस्टर सेमिनार विवेक जैन, किशन तिवारी द्वारा आईसीआईसीआई प्रूडेन्सिल के तत्वाधान में किया गया। इन्वेस्टमेंट सेमिनार के ओपन हाउस में लघु उद्योग भारती सदस्यो ने अपने उपयोगी सुझाव दिए और अपने सरोकार पूछे।

# डीएम जे.रीभा ने प्राथमिक विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण

बांदा, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। जिलाधिकारी श्रीमती जे0रीभा ने आज प्राथमिक विद्यालय महुआ एवं प्राथमिक विद्यालय बरसडा खुर्द विकास खण्ड महुआ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सर्वप्रथम बरसडा खुर्द विद्यालय का निरीक्षण करते हुए विद्यालय में छात्र/छात्राओं की उपस्थित, शैक्षिक गुणवत्ता का स्तर एवं विद्यालय की अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए शौचालय को ठीक कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने शैक्षणिक स्तर में सुधार लाये जाने तथा छात्र/छात्राओं की उपस्थिति पंजीकरण के अनुसार सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश



विद्यालय के अध्यापकों को दिये। उन्होंने विद्यालय की छात्र/छात्राओं को यूनीफार्म में उपस्थित रहने हेतु अध्यापकों को निर्देशित किया।जिलाधिकारी ने इसके पश्चात प्राथमिक विद्यालय महुआ का निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने विद्यालय में छात्र/छात्राओं की उपस्थित, शैक्षिक गुणवत्ता का स्तर चेक करते हुए बच्चों से गणित व विज्ञान के प्रश्न पूंछे तथा शैक्षणिक स्तर बच्चों का ठीक पाया गया। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी को विद्यालय में पेयजल की समुचित व्यवस्था कराये जाने तथा विद्यालय की चाहर दीवारी में पेन्टिंग आदि कराये जाने के निर्देश दिये।

उन्होंने विद्यालय में छात्र/छात्राओं की उपस्थिति बढाये जाने के निर्देश दिये। मिड डे मील की गुणवत्ता को स्वयं चेक करते हुए मीनू के अनुसार बच्चों को पौष्टिक आहार युक्त भोजन वितरण करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के अध्यापकगण उपस्थित रहे।

# कैंडल मार्च निकालकर भाजपाइयों ने दी श्रद्धांजलि




बांदा, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। कश्मीर की पहलगाम की बेसरन घाटी में आतंकी हमले का शिकार निर्दोष पर्यटकों की हृदय विदारक हत्या के विरोध में भाजपाइयों ने कैंडल मार्च निकाल कर विरोध दर्ज कराया। गुरुवार शाम को कस्बे के रामलीला मैदान से कैंडल मार्च निकाला गया। मार्च बबेरू रोड, बांदा रोड, सिंहपुर रोड से अतर्रा रोड होते हुए तिलहर देवी मंदिर पहुंचा।

यहां शोक सभा की गई और पुलवामा के मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष अनुरागी ने कहा कि निर्दोष पर्यटकों की आतंकवादियों द्वारा हत्या किया जाना बेहद निंदनीय है यह केवल मानवता पर ही नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र की आत्मा पर आघात है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस हृदय विदारक घटना को अत्यंत गंभीरता से लिया है। भाजपा इस कठिन समय में शोकग्रस्त परिवार के साथ खड़ी है। शोक सभा में ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान देने एवं परिवार को असहनीय पीड़ा को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। कार्यक्रम में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश द्विवेदी, रमाकांत त्रिपाठी, राजनरायन द्विवेदी,राम बिहारी शुक्ला, मनोज द्विवेदी,रसिक शिवहरे, श्रीकांत शिवहरे, प्रभाकर द्विवेदी, जिला प्रतिनिधि भाजपा राधेश्याम साहू,आशू शिवहरे, धीरज गुप्ता, केके कुशवाहा,गौरव द्विवेदी, विवेक द्विवेदी, शिवम- द्विवेदी, भोला कोटार्य, रजनीश पांडेय, धनंजय मिश्रा, ओमप्रकाश तिवारी, दिवाकर द्विवेदी,प्रदीप पांडे, हर्षित द्विवेदी,आशीष विकास आदि मौजूद रहे।

# इस्लामी आतंकवाद का विश्व हिन्दू परिषद ने फूंका पुतला

चित्रकूट, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। विश्व हिंदू परिषद प्रखंड पालकों के नेतृत्व में इस्लामी आतंकवाद का पुतला दहन कर विरोध जताया। सभी प्रखंडों में प्रखंड के सनातनी हिंदुओं ने कार्यक्रम में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की।जिला मंत्री नीरज केसरवानी ने कहाकि जीना है तो मरना सीखो इस्लामी आतंकवाद से लड़ना सीखो हम सभी को एक होकर इस इस्लामिक आतंकवाद का डटकर मुकाबला करना होगा व सभी को अलग-अलग जातियों में ना बंटकर एक होने का समय आ गया है हम सभी को पाकिस्तान इस्लामिक आतंकवाद समर्थितो का आर्थिक बहिष्कार करना होगा।

कार्यक्रम में पूर्व सांसद भैरव प्रसाद मिश्रा, पूर्व राज्य मंत्री चंद्रिका




प्रसाद उपाध्याय, पूर्व विधायक आनंद शुक्ला, पूर्व विधायक दिनेश मिश्रा राजापुर नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा, कमलाकांत, लोकेंद्र, अतुल सिंह, विनीता द्विवेदी, साधना सिंह, सुनील मिश्रा, सनी सोनकर, बैजनाथ केसरवानी मौजूद रहे।

# पहलगाम आतंकी हमले पर कांग्रेसियों ने निकाला कैंडल मार्च

चित्रकूट। शहर के पटेल तिराहा से शहीद पार्क तक कांग्रेस जनों ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में कई पर्यटकों के मारे जाने पर कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि अर्पित की।



जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहाकि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर करना आतंकी हमले की खबर एवं शर्मनाक है ऐसे कृत्यों की जितनी कठोर शब्दों में निंदा की जाए कम है। हमले में कई लोगों के हताहत होने की सूचना पीड़ा दायक है आतंकवाद के खिलाफ पूरा देश है सरकार सिर्फ खोखले.भाषण बाजी ना करें सख्त से सख्त कठोर कार्यवाही करने का काम करें।इस मौके पर पूर्व प्रदेश महासचिव ठाकुर पुष्पेंद्र सिंह, पीसीसी सदस्य रंजना बरातीलाल पांडेय, अनिल गुप्ता, विजयमणि त्रिपाठी, गज्जू प्रसाद फौजी, शिवगुलाम वर्मा, जाहिर सिंह पटेल, मानवेंद्र सिंह पटेल, ओमप्रकाश गुप्ता, सविता पाल, बंदना, खुशबू, हरिहर सहाय विश्वकर्मा, राजेश सिंह पटेल उमाशंकर पांडे, चंद्रशेखर सिंह, अर्चित कुमार, पंडित बालकृष्ण, रामगरीब पांडे, जगजीत विश्वकर्मा, महेंद्र सिंह, भूरा साहू, किशोरी पाल, रामगोपाल, विक्रम सेगर, उल्लू सेगर, चुन्नू वर्मा, बारेलाल त्रिपाठी, राजू पाल, रामपाल वर्मा, अरविंद प्रताप वर्मा, सीताराम, आशीष कुमार, मनधीर वर्मा, दिनेश, राजा सलपती, अभिलेश वर्मा, इंदू, रोहित सिंह पटेल, सौरभ कुशवाहा मौजूद रहे।

# किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्त : नायक

## जनपद में संचालित गौशालाओं, पशुपालन एवं मत्स्य पालन योजनाओं की गहन समीक्षा, दिए निर्देश

उरई, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)। प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन, दुग्ध विकास, मत्स्य एवं पशुधन विभाग, रविंद्र नायक ने जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की।

बैठक में उन्होंने जनपद में संचालित गौशालाओं, पशुपालन एवं मत्स्य पालन योजनाओं की गहन समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी गौ आश्रय स्थलों पर भूसा, हरा चारा, पानी, चोकर, सफाई और अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि गौशालाओं की देखभाल मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में शामिल है, अतः इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारियों, ग्राम विकास अधिकारियों, नोडल अधिकारियों और केयर टेंकरों को नियमित निरीक्षण करने और गौवंशों की उचित देखभाल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।




प्रमुख सचिव ने कहा कि नोडल अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र की गौशालाओं का नियमित भ्रमण करें और अव्यवस्था पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। पशु चिकित्सा अधिकारियों को भी गौशालाओं में नियमित रूप से जाकर गोवंश का स्वास्थ्य परीक्षण करने और छोटे बछड़ों के लिए अलग से शेड बनाने के निर्देश दिए। साथ ही, गोवंशों का शत-प्रतिशत टीकाकरण कराना सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। उन्होंने मुख्यमंत्री सहयोगिता योजना के तहत कुपोषित बच्चों के परिजनों को गाय वितरण की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश भी दिए। इसके अतिरिक्त, खण्ड विकास अधिकारियों को समय पर निदेशालय को डिमांड भेजने के निर्देश दिए गए। मोबाइल वेटरनरी यूनिट की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए रविंद्र नायक ने निर्देशित किया कि चिकित्सकों की अनुपस्थिति की पूर्व सूचना सुनिश्चित की जाए, ताकि पशु चिकित्सा सेवाओं में कोई बाधा न आए। मत्स्य विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि नदियों में मत्स्य अंगुलिकाओं के संचयन के बाद ही मत्स्य आँखेट की प्रक्रिया शुरू की जाए, तथा तालाब पट्टों का कार्य तहसील स्तर पर उपजिलाधिकारी के समन्वय से कराया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी मनोज अवस्थी समेत अन्य विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# पीड़ित किसानों को एसडीएम ने वितरित किया चेक

जालौन/उरई, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)। माह के पहले सप्ताह में अज्ञात कारणों से खेतों में आग लग गयी थी। आग लगने के कारण खेत में खड़ी फसल को नुकसान हुआ था। तहसील क्षेत्र के अग्नि दुर्घटना के पीड़ित तीन किसानों को उपजिलाधिकारी ने मंडी परिसर में आर्थिक मदद की चैक वितरित की।

अप्रैल माह के पहले सप्ताह में तहसील क्षेत्र के दो गांवों में अज्ञात कारणों से आग लग गयी थी। आग लगने के कारण खेत में खड़ी गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचा था। ग्राम जहटोली में अज्ञात कारणों से लगी आग में रघुवीर व महेश की गेहूं की फसल को नुकसान हुआ था और सात अप्रैल ग्राम खर्रा निवासी विनोद कुमार की गेहूं की फसल जल गयी थी। अग्नि दुर्घटना के पीड़ित किसानों की मदद के लिए सरकार मुख्यमंत्री खेत खलियान अग्निकांड दुर्घटना सहायता योजना चलाया जा रहा है।

सरकार द्वारा चलायी जा रही योजना के तहत उपजिलाधिकारी विनय कुमार मौर्य ने कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर में किसान विनोद कुमार ग्राम खर्रा को 41000 रुपए, रघुवीर ग्राम जहटोली 2500 व महेश कुमार ग्राम जहटोली को 15000 रुपये वित्तीय सहायता राशि की चैक प्रदान की। इस मौके पर उपजिलाधिकारी विनय कुमार मौर्य ने किसानों से कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के सुख दुख मे हमेशा खड़ी है तथा किसानों की हर सम्भव मदद करती है।

# पहलगाम : भारतीय पर्यटकों की निर्मम हत्या से पूरे नगर में आक्रोश

जालौन/उरई, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में आतंकवादियों द्वारा निर्दोष भारतीय पर्यटकों की निर्मम हत्या से पूरे नगर में शोक और आक्रोश है। भारत विकास परिषद मुख्य शाखा के तत्वावधान में महिलाओं ने आतंकी हमले में जान गंवाने वाले लोगों को कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके अलावा आतंकवाद का समूल नाश करने को राष्ट्रपति को पत्र भेजा गया और हिंदू संगठनों ने देवनगर चैराहे पर पोस्टर के माध्यम से आतंकवाद का खात्मा करने की मांग की।

भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा के तत्वावधान में नगर स्थित द्वारिकाधीश मंदिर परिसर में श्रद्धांजलि सभा में नगर की महिलाओं ने भाग लिया। सभी ने शोकाकुल भावनाओं के साथ मोमबत्तियां जलाकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए मौन रखा। इस अवसर पर राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन भी तैयार किया गया, जिसमें आतंकवाद के विरुद्ध कठोर कार्रवाई और उसकी जड़ों को समाप्त करने की मांग की गई। सभा में उपस्थित नैना साहनी ने कहा, हमारे देश के नागरिकों पर हुआ यह कायराना हमला समूची मानवता के लिए शर्मनाक है। हम सरकार से आग्रह करते हैं कि वह आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़े, ताकि भविष्य में कोई अपने परिजनों को यूं न खोए। उधर, विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने भी घटना पर रोष जताते हुए देवनगर चैराहे पर पोस्टर लगाकर आतंकवाद के खिलाफ देश को संगठित होने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि अब सिर्फ निंदा से काम नहीं चलेगा, ठोस और निर्णायक कदम उठाना जरूरी है। मानवेंद्र परिहार ने कहा, आतंकवाद आज विश्वव्यापी संकट बन चुका है। समय आ गया है कि हम एक राष्ट्र के रूप में एकजुट होकर इसका सामना करें। हमें शांति की नहीं, सुरक्षा की जरूरत है। हमारी भावनाएं सरकार तक पहुंचनी चाहिए। इस मौके पर सरिता कुशवाहा, कंचन अग्रवाल, सुनीता गुप्ता, विधि अग्रवाल, अनिल शिवहरे, मनोज गुप्ता, मानवेंद्र परिहार, अनुराग तिवारी, सोनू सेंगर, अखिलेश बाथम आदि मौजूद रहे।

## एएलवाई की छात्रा 'विभा' का सपना आईएस बनना



उन्नाव, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)। हसनगंज तहसील के मोहान स्थित एएलवाई मैनपुरिया स्कूल में हाईस्कूल की छात्रा विभा तिवारी ने भी प्रथम स्थान प्राप्त किया है और अपने विद्यालय के टॉप टेनर लिस्ट में शामिल हुई। 83.16 प्रतिशत अंक प्राप्त करने की खुशी पर विद्यालय के शिक्षकों के अलावा माता पिता ने मुंह मीठा कराकर हौसला बढ़ाया। विभा ने बताया कि उनका सपना आईएस बनने का है। देश की सेवा करने की इक्षा बचपन से रही।

# थाना समाधान दिवस में आयी मात्र 1 शिकायत, निस्तारण शून्य

कोंच/उरई, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)। दिन शनिवार को कोतवाली परिसर में प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार पांडेय की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें 01 फरियादी ने अपनी-अपनी समस्या से सम्बंधित प्रार्थना पत्र अधिकारियों के समक्ष रखकर उसके निस्तारण की मांग की। जिस पर अधिकारियों द्वारा मौके पर प्रार्थना पत्र का निस्तारण न हो सका और आये हुए प्रार्थना पत्र को सम्बंधित अधिकारी को सौंपते हुए उन्हें जल्द से जल्द निस्तारण का आदेश दिया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि शासन की मंशा के अनुसार शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर गुणवत्ता एवं पारदर्शिता के साथ किया जाए। जिससे किसी भी पक्ष को हानि न हो उन्होंने यह भी कहा कि जो भी शिकायत आयी है। इसका निस्तारण जल्द और पारदर्शिता के साथ किया जाए और जहाँ भी समस्या के निस्तारण में पुलिस बल की जरूरत है समय से पुलिस बल उपलब्ध कराया जायेगा ताकि समस्या का हल निकल सके इस अवसर पर कोतवाल क्राइम लल्लूराम रावत, राजस्व निरीक्षक राजेन्द्र कुमार वर्मा, प्रेम किशोर, दिलीप कुमार पटेल, चन्द्र प्रकाश साहू, नरेंद्र बाबू गुप्ता, वृजराज सिंह, रमेश चन्द्र, महेश चंद्र, दिनेश कुमार, राम, धीरज, बाल कृष्ण, पीयूष वर्मा, अशोक कुमार, हेमलता जोशी, अंकिता श्रीवास्तव, आरती निरंजन, संजना आदि मौजूद रहीं।

# मथुरा देवी बालिका इंटर कॉलेज के छात्रों ने यूपी बोर्ड की परीक्षा में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

जालौन/उरई, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)। मथुरा देवी बालिका इंटर कॉलेज के छात्रों ने यूपी बोर्ड की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मेधावियों को पूर्व मंत्री व राज्यसभा सांसद श्रीराम पाल ने बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।



मथुरा देवी बालिका इंटर कालेज के परीक्षा परिणाम में राजेन्द्र पाल ने 93.57 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय में पहला स्थान प्राप्त किया। सुमित कुमार व दीपशिखा 90 प्रतिशत अंक लेकर संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे। आदित्य सिंह 87.7 प्रतिशत अंक के साथ तीसरे व पियुष वर्मा 84 फीसदी अंक के साथ चौथे स्थान पर रहे। प्रबंधक पूर्व मंत्री व राजसभा सांसद श्रीराम पाल, संचालक संतोष कुमार तिवारी व प्रधानाचार्या शिल्पी गुबरेले ने सभी मेधावियों को मिठाई खिलाई व उन्हें शुभकामनाएं देकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

एनएसटी स्कूल के परीक्षा परिणाम में प्रधानाचार्य भूपेंद्र सिंह सेंगर व निदेशक जसवंत सिंह तोमर ने बताया हाईस्कूल की छात्रा लक्ष्मी तिवारी ने 93.67 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय में टॉप किया है। इसके अलावा मनमोहन सिंह, श्रद्धा पटेल, अंशिका तिवारी, साक्षी तोमर, अनमोल, शिवम गौतम, तन्मय नगाइच व अर्पण द्विवेदी ने 90 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किए। शिवा गौतम ने गणित विषय मे 100 में से 100 अंक प्राप्त किए।

# आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने की है आवश्यकताः व्यापारी

## पाकिस्तान का पुतला फूंककर किया प्रदर्शन, भेजा ज्ञापन

उरई, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल की जनपद इकाई ने शहर के विभिन्न स्थलों से होते हुए बाजार बंद कराके आतंकवाद के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर नगर मजिस्टेट के द्वारा प्रधानमंत्री को लिखित ज्ञापन भेजा।

ज्ञापन में बताया कि विगत 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकवादियों ने निर्दोष सेनानियों व आम नागरिकों की जिस प्रकार से निशंस हत्या की गई वह हर प्रकार से निंदनीय ही नहीं अपितु देश को शोक एवं वेदना दायक है। इस घटना ने पूरे देश में आक्रोश फैला दिया है तथा साथ में जनपद में इस दुर्दांत घटना के विरुद्ध हृदयक्रोश बढ़ रहा है। भारत सरकार उक्त घटना के प्रति उत्तर में आतंकवाद और उसकी सरपरस्ती करने वाले पाकिस्तान को कड़ा जबाव दें। उन्हें निकट भविष्य में इस प्रकार की घटना की कभी भी पुनरावृत्ति न होने के लिए, विश्व को संदेश देते हुए आप के माध्यम से कदम उठाए जाए ताकि पूरा देश और हम सभी अपने आप को शांतप्त व गौरवान्वित महसूस करें। देश के इस जन आक्रोश का सम्मान करते हुए आप के द्वारा आतंकवाद के सम्पूर्ण समापन का अध्याय लिखा जाएगा। इस दौरान ज्ञापन देने में प्रमुख रूप से लक्ष्मणदास बावानी, अरूण गुप्ता, दिलीप सेठ, हरिओम वामवंदी, भरत कुरेले, यादवेन्द्र सिंह, अब्दुल हक मंसूरी, नबाज खान, गौरव हूका, साजिद खान समेत तमाम व्यापारी मौजूद रहे।



# गैबू शाह बाबा के सालाना उर्स चादर व गागर के साथ शुरू

उरई, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)। हिंदू-मुस्लिम एकता के प्रतीक एवं इंसानियत का सदमार्ग दिखाने वाले सूफी बुजुर्ग हजरत सैय्यद गैबू शाह बाबा के दो दिवसीय 31 वें सालाना उर्स मुबारक का चादर व गागर के साथ आगाज किया गया।

बता दे कि बीते दिन शहर के बजारिया रोड पूर्व मंत्री अकबर अली वाली गली स्थित इंसानियत का सदमार्ग दिखाने वाले हजरत सैय्यद गैबू शाह बाबा के सालाना उर्स के पहले दिन करसान रोड से चादर व गागर उठाई गई। जो जेल रोड होते हुए अंबेडकर चैराहा पहुंची। इसके बाद शहीद भगत सिंह चैराहा होते हुए माहिल तालाब, खोयामंडी बजारिया रोड से सूफी संत हजरत गैबू शाह की मजार पर पहुंचकर सभी ने बाबा के अस्ताने पर चादर पेश की। इस दौरान दरगाह खादिम जुम्मन शाह ने मुल्क की सलामती के लिए दुआएं मांगी। इस दौरान उर्स कमेटी के अध्यक्ष इरशाद अहमद उर्फ टिंकू, सलाहकार जब्बार अंसारी, कोषाध्यक्ष नौशे ठेकेदार, पप्पू सुनार, मीडिया प्रभारी इबादत अली शानू, नाजिम खान, शरीफ अंसारी, राजू मेंबर, काजिम खान, कल्लू कुरैशी, मुन्ना खान, साजिद खान, सोनू खान, अमन खान, सैफी खान, आमिर खान, मिस्टर पेंटर आदि लोग मौजूद रहे।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत वितरण मण्डल
पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड। विद्युत कार्यशाला के पास चिलबिला, प्रतापगढ़।

**अल्पकीन ई-निविदा सूचना**

अनुभवी ठेकेदारों/फर्मो से निम्नलिखित कार्य हेतु निविदायें दो भागों में आन-लाइन आमंत्रित की जाती है, आनलाइन निविदा http://etender.up.nic.in पर दिनांक 15.05.2025 को अपरान्ह 16.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है एवं जिसके खुलने की तिथि 16.05.2025 को अपरान्ह 13.00 बजे निर्धारित है। निविदा के प्रथम भाग में निविदा प्रपत्र मूल्य एवं धरोहर धनराशि, जो कि आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0 द्वारा (निविदा प्रकाशित होने की तिथि के बाद का ही आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0 की गयी धरोहर धनराशि एवं निविदा शुल्क मान्य होगी) अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, प्रतापगढ़ के **बैंक खाता संख्या 1869005500020112 (IFSC Code-PUNB0186900, Punjab National Bank, 77/2, Station Road, Pratapgarh)** में दिनांक 15.05.2025 को अपरान्ह 16:00 बजे तक ही जमा की जायेगी तथा बैंक जमा की साक्ष्य यथायोज्य यू0टी0आर0 संख्या पे-इन-स्लिप की मूलप्रति (इश्यू बैंक के कन्फर्मेशन मेल की प्रति) ई-निविदा प्रपत्रों के साथ ऑनलाइन अपलोड की जायेगी, एवं सम्बन्धित बैंक से पुष्टि तथा निविदा के प्रथम भाग की शर्तों के पूर्ण होने के उपरान्त ही निविदा का द्वितीय भाग खोला जायेगा। निविदा खुलने की तिथि को अवकाश होने पर अगले कार्य दिवस में निविदा खोली जायेगी।

**कार्य का विवरण**

ई-निविदा संख्या 02/वि0वि0मं0प्रता0/2025-26 सेमी टर्नकी आधार पर विद्युत वितरण खण्ड प्रतापगढ के क्षेत्रान्तर्गत सांसद/विधायक निधि योजना, पेयजल योजना, एवं अन्य पूर्ण जमा योजना में स्वीकृत विद्युतीकरण का कार्य। निविदा शुल्कः-रू0 1180.00 (1000+180 जी0एस0टी0 सहित) मात्र। धरोहर धनराशिः-रू0 10000.00 (रू0 दस हजार) मात्र।

ई-निविदा संख्या 03/वि0वि0मं0प्रता0/2025-26 सेमी टर्नकी आधार पर विद्युत वितरण खण्ड रानीगंज, प्रतापगढ के क्षेत्रान्तर्गत सांसद/विधायक निधि योजना, पेयजल योजना, एवं अन्य पूर्ण जमा योजना में स्वीकृत विद्युतीकरण का कार्य। निविदा शुल्कः-रू0 3540.00 (3000+540 जी0एस0टी0 सहित) मात्र। धरोहर धनराशिः-रू0 12000.00 (रू0 बारह हजार) मात्र।

विस्तृत जानकारी, डाउनलोड अन्य संशोधनों एवं निविदा प्रस्तुत करने के तिथि तक विस्तार आदि के सम्बन्ध में कृपया http://etender.up.nic.in पर लाग आन करें।

**नियम व शर्तें:-**

1. कार्य एक या कई फर्मो को आवंटित किया जा सकता है।
2. अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये किसी भी निविदा को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।
3. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
4. उपरोक्त निविदा में प्रतिभाग करने वाले निविदादाताओं को उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड/पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड में समान कार्य का अनुभव निविदा के प्रथम भाग में संलग्न करना अनिवार्य होगा।
5. निविदादाताओं द्वारा निविदा के प्रथम भाग में संलग्न समस्त प्रपत्रों पर निविदादाता द्वारा स्वः हस्ताक्षरित (मोहर सहित) करना अनिवार्य होगा।

अधीक्षण अभियन्ता,
विद्युत वितरण मण्डल,
प्रतापगढ़।

पत्रांक-1053/वि0वि0मं0प्रता0/सा0अनु0/टी0-3, दिनांक-26/04/2025

राष्ट्रहित मे बिजली बचायें।

# माँ की हत्या करने वाले पुत्र को किया गिरफ्तार

महोबा, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)। पुलिस अधीक्षक महोबा, प्रबल प्रताप सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद महोबा में आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व ऐसी घटनाओं को कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक महोबा वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई नरेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में गठित की गयी पुलिस टीम ने मु0अ0सं0 126/25 धारा 103(1) बीएनएस थाना कबरई जनपद महोबा से सम्बन्धित एक वांछित अभियुक्त जिसने मामूली विवाद में अपनी ही माँ पर जानलेवा हमला कर हत्या कर दी थी, इस घटना को कारित करने वाले वांछित अभियुक्त हीरालाल कुशवाहा पुत्र स्व0 लाखन कुशवाहा निवासी मुहल्ला विशालनगर कस्बा व थाना कबरई जनपद महोबा उम्र 32 वर्ष मु0 विशालनगर कस्बा व थाना कबरई जनपद महोबा को मोहल्ला विशालनगर से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है, बाद गिरफ्तारी अभियुक्त उपरोक्त को सम्बन्धित न्यायधीश के समक्ष पेशी के उपरान्त जेल भेजा गया है।




## ग्राम भदवां में सोशल ऑडिट कार्यक्रम आयोजित

जालौन/उरई, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)। भदवां गांव में सोशल ऑडिट कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पंचायत भवन में किया गया, जिसमें ग्रामीणों की अच्छी भागीदारी रही। सोशल ऑडिट कार्यक्रम के दौरान जिला खादी एवं ग्रामोद्योग पर्यवेक्षक धीरज राय ने ग्रामीणों को किसान दुर्घटना बीमा योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेरोजगार युवाओं को बिना गारंटी ऋण, तथा स्वरोजगार को बढ़ावा देने वाली विभिन्न योजनाएं की जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों को योजनाओं की पात्रता, लाभ, तथा आवेदन की प्रक्रिया की जानकारी दी। कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि हर ग्रामीण युवा आत्मनिर्भर बने। सोशल ऑडिट जैसे कार्यक्रमों से योजनाओं की पारदर्शिता बनी रहती है। ग्रामीण सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए स्वयं आगे आएं और जागरूक रहें।

# उत्तर प्रदेश सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम योजनान्तर्गत कम पूंजी में उद्यम स्थापना व रोजगार सृजन में अग्रणी

उरई, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)। प्रदेश की अर्थ व्यवस्था में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। प्रदेश के औद्योगिक विकास के साथ-साथ अधिक से अधिक रोजगार सृजित करने हेतु सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यमों के विकास, हस्तशिल्पियों के विकास तथा निर्यात प्रोत्साहन हेतु राज्य सरकार सतत प्रयत्नशील है। सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम कम पूँजी में स्थापित एवं व्यापक स्तर पर रोजगार सृजित करते हैं और पर्यावरण की दृष्टि से भी अधिक अनुकूल होते हैं। इन उद्यमों से प्रदेश का समावेशी एवं बहुआयामी विकास होता है। प्रदेश के औद्योगिक विकास तथा तथा रोजगार सृजन में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के महत्व को ध्यान में रखते हुए इन उद्योगों को प्रोत्साहित करने एवं इस क्षेत्र में अधिक से अधिक रोजगार सृजित किये जाने हेतु प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने नवीन एमएसएमई नीति-2022 घोषित की है। नई नीति में रोजगार सृजन में 15 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि प्रस्तावित है। उद्योग स्थापना के लिए भूमि क्रय किये जाने पर पूर्वान्चल एवं बुन्देलखण्ड क्षेत्र तथा सम्पूर्ण प्रदेश की महिलाओं के लिए 100 प्रतिशत तथा शेष क्षेत्र में 75 प्रतिशत स्टाम्प ड्यूटी में छूट प्रदान की जा रही है।

प्रदेश में निवेश मित्र के माध्यम से उद्यमियों को उद्यम स्थापना के क्रम में वांछित अनापत्ति/ लाइसेन्स/अनुमति आदि को प्राप्त करने की पूर्णतया आनलाइन व्यवस्था की गयी है जिससे उद्यमी समयबद्ध रूप से स्वीकृतियां आदि प्राप्त कर रहे है। तत्क्रम में विभाग की रोजगार परक योजना यथा मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना तथा एक जनपद एक उत्पाद, वित्त पोषण योजना को निवेश मित्र पोर्टल से लिंक करा दिया गया है जिससे आवेदन कर्ताओं को आवेदन करने में और अधिक सुविधा प्राप्त हो गयी है। उक्त के साथ ही पोर्टल के माध्यम से योजनाओं का अनुश्रवण भी अधिक प्रभावी ढंग से सुनिश्चित कराया जा रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा अधिकाधिक उद्यमों की स्थापना हेतु प्रोत्साहनात्मक वातावरण का सृजन किया गया है। एम.एस.एम.ई. अधिनियम के माध्यम से इकाईयों को 1000 दिनों तक किसी भी विभाग के निरीक्षण से छूट प्रदान की गयी है। इसी प्रकार प्रदेश सरकार के इन प्रयासों से उद्यम रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर लाखों उद्यम पंजीकृत हुये तथा प्रदेश में 96 लाख एम.एस.एम.ई. इकाइयां संचालित है, जिनमें लगभग 02 करोड़ लोगों को रोजगार मिला है।

## भगवान श्रीराम का जीवन त्याग, समर्पण, कर्तव्य और धैर्य का प्रतीक : रोहित

जालौन/उरई, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)। नगर के हनुमंत साधना धाम में चल रहे साप्ताहिक धार्मिक आयोजन के सातवें दिन कथा वाचक रोहित कृष्णाचार्य ने भगवान श्रीराम के चरित्र का वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को उनके आदर्शों पर चलने का संदेश दिया। कथा वाचक रोहित कृष्णाचार्य ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए, कहा कि श्रीराम सिर्फ एक राजा नहीं थे, वे मर्यादा पुरुषोत्तम थे। उनका जीवन त्याग, समर्पण, कर्तव्य और धैर्य का प्रतीक है। उन्होंने पिता की आज्ञा का पालन कर वनवास स्वीकार किया, माता सीता की रक्षा हेतु रावण से युद्ध किया, और राज्य का सुख त्याग कर जनकल्याण को सर्वोपरि माना। आज के समाज को श्रीराम जैसे आदर्शों की आवश्यकता है।

# शिक्षकों की मासिक बैठक में पहलगाम में दिवंगत हिन्दुस्तानियों को दी श्रद्धांजलि

उन्नाव, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)। विकासखंड औरास के ब्लॉक सभागार में आज शिक्षकों की मासिक बैठक के दौरान बीईओ ने विभागीय कार्यो को पूरा करने, नामांकन, ऑनलाइन फीडिंग, एवं संचारी रोगों के जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन में वृद्धि के सख्त निर्देश दिए। जिन विद्यालयों में पुस्तकें नहीं पहुंच पाई या संख्या से कम या ज्यादा पहुंची है उन्हें बीआरसी पर सूचित करने को कहा। शिक्षकों की समय भौतिक उपस्थिति एवं शिक्षण कार्य गुणवत्ता पूर्ण मिलने वाले विद्यालयों की सराहना की।

बैठक के उपरांत औरास बीईओ संजय शुक्ल और रामपुर गढ़ौवा के शिक्षक डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। 22 अप्रैल को हुए पहलगाम में हुए आतंकी हमले में दिवंगत हुए 27 हिन्दुस्तानियों के लिए शिक्षकों ने दो मिनट मौन रख, न्याय दिलाने के लिए सरकार से गुहार की। बीईओ ने पहलगाम आतंकी हमले को, देश को अत्यंत पीड़ा पहुंचाने वाला बताया, और वर्तमान की ज्वलंत स्थिति को देखते हुए आपसी एकता बनाए रखने की बात कही। शिक्षक डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने दुख के समय ही व्यक्तित्व की असली पहचान होने की बात कहते हुए अंदर के आतंकवाद को ज्यादा घातक बताया और कहा ऐसे कठिन कदम उठाए जाएं की उनकी पुश्तों को सबक मिले जो देश के बाहर या अन्दर रहकर इसकी जड़ों को सींच रहे हैं। शिक्षकों की बहुलता में उपस्थिति को उन्होंने दुखी परिवारों के लिए सहारा बताते हुए हर संभव मदद एवं साथ होने की बात कही। शिक्षक समुदाय ने मृतकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कैंडल जलाकर सरकार से सख्त कदम उठाने की अपेक्षा की। मजबूत स्थिति वाली सरकार से पूरे शिक्षक समुदाय ने कठिन निर्णय लेकर आतंकवाद के खात्मे को एक साथ हुंकार भरी।



कैंडल जलाकर एवं पुष्प अर्पण करने वाले शिक्षकों में नरेंद्र सिंह, समाजसेवी मुकेश सिंह, राजेश कुमार, मनीष, धनंजय, सचिन कटियार, संदीप, रचित, रईसुल इस्लाम गौहर, मोतीलाल वर्मा, राजबहादुर, गगन दीप कौर, विशाल, बालक राम, उमेश कनौजिया, शिव स्वरूप, धर्मेंद्र, अजय गंगवार, प्रदीप यादव, सूफियान अहमद, राकेश बघेल, पवन कनौजिया, उमेश तिवारी, शशांक भूषण तिवारी, संतोष यादव, संजय दास, अबुजर अब्बास, सौरभ, राबिन, रीता कुशवाहा, कल्पना, लक्ष्मी यादव, शशि देवी, रेखा यादव, आरती कटियार, ज्योति देवी, अर्चना यादव, शिल्पी पटेल, रजनी सोना खन्ना, साहे बुखा, रमनजीत कौर, रमाकांत प्रतिक्षा, विशाल, पूनम सिंह एआरपी, रेहान अली, अनूप मौर्या, इम्तियाज हुसैन, प्रदीप शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, जे पी यादव, अंशुमान शर्मा, सहित लगभग 300 शिक्षक उपस्थित रहे।

# बेइंतजामी: सीवर लाइन के कार्य के दौरान दो की मौत

- कार्यस्थल पर सुरक्षा इंतजाम मिले शून्य
- जिम्मेदार सरकारी विभाग की ओर से कोई अधिकारी कर्मचारी साइट पर नहीं था





वृंदावन, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। बेइंतजामी ने दो लोगों की जान ले ली। रात भर काम और बिना सुरक्षा इंतजाम हादसा होने की संभावना थी लेकिन इसे जिम्मेदार नजर अंदाज करते चले गये। हादसे के बाद भी किसी की जिम्मेदारी तय हो गई इस बात की संभावना बेहद कम है।

परिक्रमा मार्ग श्याम कुटी के समीप सीवर लाइन डालने के दौरान मिट्टी की ढाह खिसकने से दो लोगों की दर्दनाम मौत हो गई। ढाय खिसकने से दोनों मिट्टी के अंदर दब गये। जब तक उन्हें बाहर निकाला जा सकता तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। चिकित्सकों ने मौत की वजह मुहं और नांक में मिट्टी भर जाना बताया है। यह दुखद घटना शुक्रवार की रात्रि करीब 11.30 बजे की है। मिट्टी से निकालने के बाद दोनों को तत्काल सो सैया अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना से दोनों परिवार में कोहराम मच गया है। रात्रि में हुए इस दर्दनाक हादसे की किसी को कानो कान खबर नहीं हो पाई। दोनों मजदूरों को उपचार के लिए आगरा भी ले जाया गया था। नौरंगी लाल पुत्र वीरेंद्र सिंह निवासी फिरोजाबाद मजदूर का शव पोस्टमार्टम के लिए मथुरा ले जाया गया। जबकि मृतक विजय जो ठेकेदार का भाई था उसका शव परिजन फिरोजाबाद ले गये। नगर निगम मथुरा वृन्दावन के अन्तर्गत वार्ड 34 में श्याम कुटी के पास से होकर गौरानगर को जाने वाली गली में सीवर लाईन विस्तार कार्य के समय कृष्णा मशीनरी ट्रेडर्स फिरोजाबाद के लोग काम कर रहे थे। नगर निगम मथुरा वृन्दावन के दो जोनों, औरंगाबाद व वृन्दावन में सीवर लाईन विस्तार का कार्य मय मैटेरियल एवं विभिन्न साइज के मैनहोलों का निर्माण कार्य फर्म मैसर्स कृष्णा मशीनरी ट्रेडर्स, फिरोजाबाद द्वारा कराये जा रहे हैं। घटना होने के दौरान मौके पर कोई भी सुरक्षा उपकरण मौजूद नहीं थे। यह भी बताया जा रहा है कि जिस समय हादसा हुआ सरकारी विभाग के इंजीनियर सहित अन्य कोई विभागीय कर्मचारी भी मौके पर नहीं था। रातभर काम चलने के पीछे कारण बताया जा रहा है कि जलकल विभाग के अधिशासी अभियंता का ठेकेदार पर काम जल्द निपटाने का भारी दबाव था।

# विद्युत करंट लगने से दो लोगों की मौत

- एक घटना राधा वेली में, दूसरी रिफाइनरी क्षेत्र में घटी

मथुरा, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। राधा वैली स्थित एक बिल्डिंग में काम करने के दौरान एक बिल्डिंग के फेस डिजाइन करने वाले कारीगर की हाई वोल्टेज का करंट लगने से मौत हो गई। वहीं विद्युत निगम में काम करने वाला एक संविदाकर्मी 11 हजार की हाईवोल्टेज लाइन से चिपक गया। उसकी भी करंट लगने से मौत हो गई।

बताया गया कि थाना हाईवे की राधा वेली में आर्चिटेक सचिन अग्रवाल का काम कोटी नंबर 79 में चल रहा था। कोठी में लेबर अपने-अपने कामों में लगी हुई थी। सराय रहमत अलीगढ़ निवासी युवक हसनैन मुस्तफा उर्फ सलमान कोठी के फेस की डिजाइनिंग के लिए काम कर रहा था। कोठी के फेस के ऊपर से होकर 11 हजार केवीए की विद्युत लाइन जा रही थी। कारीगर ने जैसे ही काम शुरू किया उसी समय उसे तेज करंट लगा और वह गिर गया। कारीगर के साथ हुई घटना को देख वहां काम करने वाली लेवर में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में हसनैन मुस्तफा उर्फ सलमान को सिटी हॉस्पिटल ले जाया गया। चिकित्सकों ने उसकी चिंताजनक हालत को देखते हुए हायर सेंटर ले जाने को कहा। युवक को कारे बाबू हॉस्पिटल वृंदावन ले जाया गया, लेकिन वहां पर चिकित्सकों ने उसको मना कर दिया। बाद में उसे जिला अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को भी इस बारे में पता लगा। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कारीगर की हुई मौत के बाद उसके स्थानीय अभिभावकों और परिवार के लोगों को भी बताया गया। पोस्टमार्टम पर आए परिवार के लोगों ने बताया कि हसनैन मुस्तफा उर्फ सलमान करीब छह साल से मथुरा में काम कर रहा था। परिवार के लोगों का आरोप है कि काम कराने वाले ठेकेदार ने बिना सुरक्षा इंतजाम के उसे वहां काम करने पर लगाया था। जिस कोठी में काम चल रहा है वो भी घटना के बाद से कहीं चले गए हैं। सचिन अग्रवाल भी अपने को बाहर बता रहे हैं। मृतक के तीन बहन हैं।

# आदर्श राष्ट्रीय आवासीय इंटर कॉलेज का जिले में रहा जलवा

## हाईस्कूल, इंटरमीडिएट में शत-प्रतिशत रिजल्ट, कई छात्रों ने बनाया टॉप-10 में स्थान

- विद्यार्थियों का रिजल्ट, शिक्षक मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम-डा. किरन सौजिया



मैनपुरी, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा परिणामों में आदर्श राष्ट्रीय आवासीय इंटर कॉलेज ने एक बार फिर अपना दबदबा कायम रखा है। इस वर्ष भी विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं, जबकि कई छात्रों ने जिले की टॉप-10 सूची में स्थान बनाया है।

हाईस्कूल के छात्र अर्पित यादव ने 93.67% अंक अर्जित करते हुए शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने गणित में 98, विज्ञान में 96, हिन्दी में पूर्णांक, सामाजिक विज्ञान में 84 और अंग्रेजी में 95 अंक प्राप्त कर कुल 600 में से शानदार अंक हासिल किए। इंटरमीडिएट में तनिष्क राजपूत ने 91.20% अंकों के साथ जिले की टॉप-10 सूची में स्थान बनाया। उन्होंने जीव विज्ञान में 93, भौतिक विज्ञान में 91, रसायन विज्ञान में 95, अंग्रेजी में 90 और हिन्दी में 87 अंक प्राप्त कर कुल 456 अंक अर्जित किए। वहीं, इंटर के रोहित यादव ने भी 447 अंक हासिल कर जिले की टॉप सूची में अपना नाम दर्ज कराया। इसके अतिरिक्त शिवा दुबे, अभिषेक यादव और फहीम अंसारी ने भी टॉप-10 में स्थान बनाकर विद्यालय का नाम रोशन किया।

जैसे ही परीक्षा परिणाम घोषित हुए, छात्र-छात्राओं में हर्ष की लहर दौड़ पड़ी। विद्यालय परिसर में मिठाई वितरण कर मेधावियों का जोशीला अभिनंदन किया गया। प्रधानाचार्या डॉ. किरन सौजिया, चेयरपर्सन डॉ. अशोक कुमार ने उप प्रधानाचार्य अनुज कुमार एवं समस्त शिक्षकों के साथ मिलकर बच्चों को माल्यार्पण कर बधाई दी।

डॉ. किरन सौजिया ने कहा, यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। हम भविष्य में भी इसी उत्कृष्टता को बनाए रखेंगे।

**बधाई देने वालों का लगा तांता**

विद्यालय की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर बधाई देने वालों का देर शाम तक तांता लगा रहा। प्रमुख रूप से डॉ. राघवेंद्र सिंह सिसोदिया, सुभाष यादव एडवोकेट, डॉ. हरप्रसाद यादव, डॉ. ए.के. राठौर, अशोक वाजपेई, ओ.पी.एस. चौहान, डॉ. वी.के. मिश्रा, प्रेमपाल सिंह राठौर समेत दर्जनों गणमान्य नागरिकों ने विद्यालय पहुंचकर मेधावियों को शुभकामनाएं दीं।

पूर्व वर्षों की भांति इस बार भी आदर्श राष्ट्रीय आवासीय इंटर कॉलेज ने जिले में अपना परचम लहराया है और साबित किया है कि यह संस्थान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का पर्याय बन चुका है।

# शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश

मैनपुरी, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह व पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा ने थाना समाधान दिवस पर थाना औंछा पहुंचकर जनशिकायतें सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर त्वरित विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनकर संबंधित कर्मियों को प्राथमिकता से समाधान करने को कहा। डीएम ने कहा कि जनसमस्याओं का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्रशासन की प्राथमिकता है। मौके पर ही कई मामलों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। समाधान दिवस में राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# बच्चों की गिरती उपस्थिति पर डीएम ने जताई नाराजगी, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश



मैनपुरी, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति, निपुण भारत, मध्यान्ह भोजन और जिला स्तरीय टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक के दौरान बेसिक शिक्षा विभाग की कार्यशैली पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की लापरवाही से विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति घट रही है, जिससे जनपद की सीएम डैशबोर्ड पर रैंकिंग प्रभावित हुई है।

उन्होंने शिक्षकों से अनुपस्थित छात्रों के अभिभावकों से संवाद कर बच्चों को नियमित स्कूल भेजने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने विद्यालय निरीक्षण में कोताही पर भी नाराजगी जताते हुए कहा कि प्रत्येक माह तय लक्ष्य के अनुसार निरीक्षण कर रिपोर्ट बेसिक शिक्षाधिकारी को उपलब्ध कराई जाए।

उन्होंने मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता सुधारने, विद्यालय परिसर को स्वच्छ रखने और ऑपरेशन कायाकल्प के तहत सभी विद्यालयों को संतृप्त करने के निर्देश दिए। 11 हजार छात्रों के आधार कार्ड न बनने पर भी असंतोष जताते हुए तत्काल कार्यवाही के आदेश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु समेत सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। संचालन बीएसए दीपिका गुप्ता ने किया।

# ऑपरेशन जागृति अभियान चला लोगों को किया जा रहा जागरुक

अलीगढ़, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन द्वारा थाना सिविल लाइन अन्तर्गत अलीगढ़ पब्लिक स्कूल में ऑपरेशन जागृति 4.0 अभियान कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में ऑपरेशन जागृति अभियान 4.0 के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं, साइबर अपराधों से बचाव एवं विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी गई। महिलाओं व बालिकाओं हेतु शासन एवं पुलिस द्वारा चलाई जा रही विभिन्न सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 आदि की जानकारी दी गई।

छात्रों को ऑपरेशन जागृति के छह मुख्य उद्देश्यों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई और अभियान का जन-जन तक प्रचार प्रसार करने की अपील की गई। ऑपरेशन जागृति-4 के छह मुख्य उद्देश्य महिलाओं के प्रति होने वाले

# पहलगाम घटना के विरोध में सड़क पर उतरे पूर्व सैनिक

मौदहा हमीरपुर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। पहलगाम में घूमने गए टूरिस्टों को नाम पूंछकर गोली मारने की घटना ने देश के सर्वसमाज को झकझोर कर रख दिया है, जिसमें देश के कोने-कोने में सर्वसमाज के लोग पाकिस्तान मुदार्बाद, इस्लामिक आतंकवाद मुदार्बाद के नारे लगाते हुए विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी घटना के फलस्वरूप नगर में शनिवार को चेयरमैन के नेतृत्व में राष्ट्रीय ध्वज लेकर पूर्व सैनिकों ने निर्दोष लोगों की कायरता पूर्ण हत्या करने के विरोध में सड़क पर प्रदर्शन करते हुए कैंडल मार्च निकालते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में घूमने गए 28 निर्दोष सैलानियों को दुश्मन देश के आतंकवादियों ने 22 अप्रैल को उनका नाम पूंछकर गोली मार दी थी। इस घटना के बाद देश के सर्वसमाज के लोगों में जहां उबाल है तो वहीं लोग अपने-अपने तरीके से विरोध प्रदर्शन कर सरकार से पाकिस्तान को नेस्तनाबूद करने की मांग कर रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को दोपहर बाद नगर के बड़ा चौराहा से चेयरमैन के नेतृत्व में पूर्व सैनिकों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए कैंडल मार्च निकाला और मारे गए सभी लोगों की आत्मा की शांति हेतु शहीद स्मारक में मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। विरोध प्रदर्शन के दौरान चेयरमैन रजा मोहम्मद उर्फ श्रीनाथ अपने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लिये नजर आए तो वहीं पूर्व सैनिकों के हाथों में पाकिस्तान मुदार्बाद लिखी तख्तियां समेत पाकिस्तान का पुतला दहन किया। इस दौरान आधा सैकड़ा से अधिक पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

# शहीद हुए लोगों को कैंडल मार्च निकालकर अर्पित की श्रद्धाजंलि

अलीगढ़, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। जम्बू कश्मीर के पहलगॉव में विगत दिन आतंकवादी हमले में शहीद हुए लोगों को राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद की ओर से शहीद हुए लोगों को कैंडल मार्च निकालकर अपनी सच्ची श्रद्धाजंलि अर्पित की और पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगाए। संगठन के पदधिकारियों ने जवाहर पार्क से हाथों मे कैंडल लेकर तस्वीर महल स्थित गणेश शंकर विद्यार्थी पार्क पर आकर शहीदों को भावभीनी श्रद्धाजंलि अर्पित की। इस दौरान राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के जिलाध्यक्ष मुकेश सिंह, सुशील तौमर, आलेश कुमार, संजीव शर्मा, पुष्पेन्द्र सिंह, गौरव रावत, पं0 डी0 के0 गौतम, मनोज चौहान, डी0 के0 शर्मा सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# सुदामा चरित्र सुनकर श्रद्धालु हुए भावविभोर

हाथरस, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। 26 अप्रैल स्थानीय नगला बेलन शाह में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में नगर पालिका परिषद हाथरस के पूर्व अध्यक्ष पंडित आशीष शर्मा ने भागवत जी की पूजा की, व्यास गद्दी पर विराजी श्री धाम वृंदावन से पधारी भगवताचार्य परम श्रद्धेय शिवांगी ठाकुर जी का स्वागत किया तथा उनके मुखारविंद से श्री कृष्ण झ सुदामा चरित्र का वर्णन सुना।

आपको बताते चलें कि स्थानीय नगला बेलनशाह में 21 अप्रैल से 27 अप्रैल तक श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन श्रद्धेय आचार्य शिवांगी ठाकुर जी के परम सानिध्य में हो रहा है, जिसमें पूर्व पालिका अध्यक्ष पंडित आशीष शर्मा जी ने अपार भीड़ के मध्य बैठकर श्रीमद् भागवत कथा का अमृत पान किया। श्रीमद् भागवत कथा में सुदामा चरित्र का वर्णन सुनकर सभी श्रोता भाव विभोर हो गए। श्रीमद् भागवत कथा के आयोजक मंडल के सदस्यों ने पूर्व पालिका अध्यक्ष पंडित आशीष शर्मा जी का जोरदार स्वागत किया।

इस अवसर पर पूर्व पालिका अध्यक्ष पंडित आशीष शर्मा जी ने कहा कि भक्तों ने भक्ति और भावनाओं से ओतप्रोत होकर इस आध्यात्मिक यात्रा का आनंद लिया। छोटे-छोटे बच्चों का आह्वान करते हुए नगर पालिका परिषद हाथरस के अध्यक्ष पंडित आशीष शर्मा जी ने कहा कि बच्चे अपने माता-पिता की सेवा करें यही उनके लिए सच्ची पूजा होगी !

आचार्य शिवांगी ठाकुर जी ने भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता का वर्णन करते हुए कहा कि यह प्रसंग भक्ति, प्रेम और निःस्वार्थ सेवा का आदर्श है।

उन्होंने बताया कि सुदामा ने द्वारका जाकर बिना कुछ मांगे सब कुछ पा लिया। यह प्रसंग सुनकर श्रोताओं की आंखें नम हो गईं।

जनपद में शांति के लिए कराई जा रही श्रीमद् भागवत कथा के आयोजकों को पूर्व पालिकाध्यक्ष पंडित आशीष शर्मा जी ने धन्यवाद दिया।

इस मौके पर पूर्व पालिका अध्यक्ष पंडित आशीष शर्मा के साथ-साथ डोली माहौर, वासुदेव माहौर,नानक चंद माहौर,धर्मेंद्र, मनोज कुशवाह,वीरेंद्र ठाकुर, दिनेश चित्तौड़िया, देवकीनंदन चौधरी, भीकंबर वार्ष्णेय, ओमप्रकाश माहौर, सागर, निरंजन, विजेंद्र, दीपक, महेंद्र, रेनू माहौर,पूजा चित्तौड़िया, अंजना, हेमलता, भगवान सिंह माहौर के अतिरिक्त बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

## पेज 1 का शेष...

### युवा राष्ट्र की प्रगति...

स्टार्टअप्स को निवेशकों और इंडस्ट्री लीडर्स से जुड़ने का अवसर भी मिलेगा। प्रधानमंत्री ने नारीशक्ति की उपलब्धियों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि हमारी बेटियां आज हर क्षेत्र में आगे हैं। ब्यूरोक्रेसी, स्पेस और साइंस में बेटियां नई ऊंचाइयां छू रही हैं। ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण पर भी सरकार का विशेष ध्यान है। बैंक सखी, कृषि सखी जैसी योजनाएं महिलाओं को अवसर दे रही हैं। आज भारत में 90 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूह हैं। इनमें 10 करोड़ से ज्यादा महिलाएं जुड़ी हैं। प्रधानमंत्री ने सिविल सर्विसेज डे का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवा में नागरिक देवो भवः मंत्र सर्वोपरि होना चाहिए। हर अधिकारी को नागरिकों की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने विश्वास जताया कि भारत सामर्थ्य और ईमानदारी से विकसित बनेगा। देश की समृद्धि में हर वर्ग का योगदान रहेगा। भारत दुनिया में नई ऊंचाइयों को छूने के लिए तैयार है।

### लाइसेंसी पटाखे की फैक्ट्री...

जिसमें तीन लोगों की मौत हो गयी। विस्फोट की आवाज से वहां जबरदस्त हड़कंप मच गया, इसके बाद काफी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और बाद में सहारनपुर के आला पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी और फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच गई। मौके पर पहुंचे जिलाधिकारी मनीष बंसल ने पत्रकारों को बताया कि फैक्ट्री के संचालक तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। विस्फोट में करीब तीन लोगों की मौत हो गई हैं जबकि कुछ लोगों को हल्की चोट आई है। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। बताया जा रहा है कि विस्फोट से लोगों के चीथडे उड गए। जिससे मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है।

घटना से आक्रोशित आसपास के गांव के लोगों ने हाईवे पर जाम लगा दिया। पुलिस- प्रशासनिक अधिकारी लोगों को समझाने-बुझाने में लगे हुए है। बताया जा रहा है कि फैक्ट्री ईगल फायर वर्क्स के नाम से संचालित थी, जिसे नफीस पुत्र महमूद कायस्थ बड़ा देवबंद समेत तीन लोग चला रहे थे। फैक्ट्री लालवाला गांव निवासी अंकित राणा पुत्र मामचंद की जमीन पर बनी है। जिलाधिकारी ने बताया कि फैक्ट्री को पटाखों के लिए लाइसेंस मिला हुआ था। वास्तविकता में वहां किस प्रकार के पटाखों का निर्माण किया जा रहा था। वह फोरेंसिक टीम और जांच के बाद पता चलेगा। विस्फोट का कारण अभी पता नहीं चल सका है, जिसकी जांच की जा रही है। हादसे में तीन लोगों की मौत हुई है, जिनकी शिनाख्त भी कर ली गई है। डीएम मनीष बंसल ने के मुताबिक मृतकों की पहचान फतेहपुर में रहने वाले राहुल कुमार (25), गुनरसा निवासी विशाल (22) और जडौदा जट निवासी विकास (20)के रूप में हुई हैं। हादसे में कई लोग घायल हैं, जिनका इलाज आसपास के अस्पतालों में चल रहा है। जिस तहर का विस्फोट हुआ है, उससे यह आशंका है कि मृतकों की संख्या में बढ़ सकती है।

### दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे...

वाहन से उतरे ही थे, तभी गुरुग्राम की ओर से तेजी से आई पिकअप ने इन लोगों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सफाई करने आए लोगों के शव इधर-उधर बिखर गए। कई शव दो टुकड़ों में बंट गए। इस दुर्घटना में छह महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई और एक व्यक्ति और चार महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई। घायलएक व्यक्ति ने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया।

अभी भी दो महिलाओं की हालात गंभीर बनी हुई है। मरने वाली महिलाओं में चार महिलाएं एक ही परिवार की है। हादसा होने के बाद पिकअप गाड़ी का चालक फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पिकअप गाड़ी को अपने कब्जे में ले लिया और शवों को अल आफिया अस्पताल मांडीखेड़ा में रखवा दिया है। खबर लिखे जाने तक मृतकों की पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

### मुख्यमंत्री ने नाव पर बैठकर...

इस दौरान उन्होंने स्टीमर में बैठक बाढ़ नियंत्रण के लिए किए गए कार्य का मुआयना भी किया। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष पलिया व निघासन क्षेत्र के लोगों को बाढ़ से जूझते हुए देखा था, तब मैंने कहा था कि चिंता न कीजिए। इसके स्थायी समाधान का रास्ता निकालेंगे। जनप्रतिनिधियों के सहयोग से जलशक्ति विभाग बाढ़ के स्थायी समाधान के लिए शारदा नदी को चैनलाइज करने जा रहा है। इससे किसान का खेत भी बचेगा और बाढ़ से बस्ती भी बचेगी। सात किमी. लंबा चैनल बनाने का कार्य हो रहा है। अप्रैल के पहले सप्ताह में आना था, लेकिन मैंने कहा कि पहले काम शुरू करो। अब यह कार्य तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने उत्तर प्रदेश को आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का प्रदेश बताते हुए कहा कि बाढ़ हो या बीमारी, नए भारत का नया उप्र इसके समाधान के लिए बखूबी आगे बढ़ा है। योगी ने कहा कि सरकार जो पैसा खर्च करती है, वह मुख्यमंत्री-मंत्री का नहीं, बल्कि यह जनता के टैक्स का पैसा है। इसका सदुपयोग होना चाहिए। पहले प्रस्ताव आया था कि 180 करोड़ से तटबंध बनाया जाए। इससे किसानों की जमीन भी जाती। मैंने पूछा कि शारदा नदी में तीन-सवा तीन लाख क्यूसेक पानी आएगा तो मिट्टी का तटबंध कैसे इसे रोक पाएगा। यह समस्या का समाधान नहीं है। नदी को चैनलाइज कीजिये, ड्रेजर मंगाइये और नदी को एक साथ चलने का रास्ता दीजिये, तब बाढ़ की समस्या का समाधान होगा। यदि 180 करोड़ का काम मात्र 22 करोड़ में हो सकता है तो इस कार्य को 10 जून तक पूरा कर दीजिए।इससे 400 गांव, ढाई लाख आबादी, 10 हजार हेक्टेयर भूमि को बाढ़ से बचाव करने में मदद मिलेगी। उधर बाढ़ नियंत्रण की सकारात्मक पहल के लिए बिजवा व पलिया ब्लॉक के किसानों ने मंच पर आकर मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया।


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शपथकर्ता के पिता छेदीलाल यादव पुत्र स्व. देवीदीन यादव निवासी-ग्राम रानीपुर मजरा चरका, तहसील-बबेरू, जनपद-बांदा की मृत्यु दिनांक 05.04.2024 को रात्रि में बाथरूम जाते समय चेम्बर का ढक्कन खुला होने के कारण अचानक गिर गये थे इस कारण शरीर में काफी चोट आने के कारण उनकी मृत्यु हो गयी थी।

शपथकर्ता नरेन्द्र पुत्र स्व० छेदीलाल यादव निवासी-ग्राम रानीपुर मजरा चरका, तहसील-बबेरू, जनपद-बांदा

## पूर्वोत्तर रेलवे

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर/टी.आर.एस./पूर्वोत्तर रेलवे, लोको शेड, गोण्डा द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु खुली ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैः–

**क्रम सं.-01,** निविदा सूचना संख्याः LS-GD-2025-Repair-CabAC-R, कार्य का नामः "छोटे और बड़े शेड्यूल के दौरान गोण्डा एवं गोरखपुर शेड के लोको की छत पर लगे कैब एसी की मरम्मत और रखरखाव 02 वर्षो के लिये।" अनुमानित लागतः ₹ 56,63,966.14, निविदा की अवधिः 24 माह, अग्रिम धनराशिः ₹ 1,13,300/-,
**क्रम सं.-02,** निविदा सूचना संख्याः LS-GD-24-AMC-Simulator-R3, कार्य का नामः "एक वर्ष के लिये DTTC/गोण्डा में कोरीस मेक डीजल लोको सिम्युलेटर का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध।" अनुमानित लागतः ₹ 88,32,300.00, निविदा की अवधिः 12 माह, अग्रिम धनराशिः ₹ 1,76,700/-,
• ऑफर अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय 16-05-2025, 12:00 बजे। • इस ई-निविदा से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी, न्यूनतम अर्हतायें तथा नियम एवं शर्तें, रेलवे की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। • निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा से सम्बन्धित शुद्धि पत्र (यदि कोई हो) को वेबसाइट पर संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

स.मं.वि. इन्जी./टी.आर.एस., लोको शेड, गोण्डा
मुजाधि/विद्युत-12

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

## कार्यालय : ग्राम पंचायत वैद्यनथा विकास खण्ड जोगिया, जनपद-सिद्धार्थनगर

पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2025-26 दिनांकः 26.04.2025

### अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत वैद्यनथा विकास खण्ड जोगिया द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/तेरहवा वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, वायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक-29.04.25 को 12.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय वैद्यनथा के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक-29.04.25 को 4.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपराचिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु0-5000/ रुपए (पाँच हजार) होगी।

**नियम व शर्तेः-**

1. जिस आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुन दरें वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायत, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी व रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/ एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत वैद्यनथा कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

(दुर्गा चोधरी)
प्रधान
ग्राम पंचायत वैद्यनथा
विकास खण्ड जोगिया
जनपद-सिद्धार्थनगर

(मोहम्मद मुस्तफा)
सचिव
ग्राम पंचायत वैद्यनथा
विकास खण्ड जोगिया
जनपद-सिद्धार्थनगर


स्वत्वाधिकार-श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट जौनपुर संस्थापक, संपादक स्व. कैलाशनाथ। तरुणमित्र मीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक व संपादक योगेन्द्र विश्वकर्मा द्वारा इण्डियन एक्सप्रेस सी-26 अमौसी इण्डस्ट्रियल एरिया, लखनऊ से मुद्रित, 23 जहांगीराबाद मेंशन अशोक रोड हजरतगंज, लखनऊ से प्रकाशित। फोन- 0522-4067598, 2288985, 2288968, फैक्स- 0522-4066898, डाक पंजीयन सं0 GPOLW/NP-128/2023-25 Email-tarunjnp@gmail.com, website. www.tarunmitra.in RNI NO-UPHIN/1999/00103 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।

# पॉवर कॉरपोरेशन से 40 लाख के तार चोरी करने वाले आठ गिरफ्तार






- उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन की हाई वोल्टेज केबल ड्रम बरामद
- केबल चोरी कर भेज रहे थे बिहार, करोड़ो का केबल चोरी कर बेच चुके आरोपी

लखनऊ, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर पॉवर कॉर्पोरेशन के हाईवोल्टेज इंसुलेटेड केबल चोरी करने वाले गिरोह को एसटीएफ की टीम ने धर दबोचा है। गिरोह में शामिल कुल आठ लोगों को एसटीएफ की टीम ने गिरफ्तार किया है। उनके पास से चालीस लाख रुपए कीमत के केबल बरामद हुए हैं। एसटीएफ चोरी करने वाले इस गिरोह की पूरी कड़ी की तलाश में जुटी हुई है।

एसटीएफ एसपी विमल कुमार सिंह ने बताया मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की हाई वोल्टेज इन्सुलेटेड केबल व उपकरण चोरी की सूचना लगातार मिल रही थी। इन सूचनाओं के आधार पर एसटीएफ की विभिन्न इकाईयो और टीमों ने जानकारी हासिल करनी शुरू कर दी। इस मामले में कई टीमें भी गठित की गई थी। इसी बीच एसटीएफ को जानकारी मिली की लखनऊ के दुबग्गा क्षेत्र में मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की हाई वोल्टेज इन्सुलेटेड केबल चोरी करने वाला गैंग मौजूद है। एसटीएफ ने टीम बनाकर आरोपियों की घेराबंदी की। इस दौरान मौके से आठ व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों के पास से चालीस लाख रुपए कीमत के केबल बरामद हुए है। एसटीएफ ने जब आरोपियों से पूछताछ की तो आरोपियों ने बताया उनका एक गिरोह है, जो बिजली विभाग के हाई बोल्टेज सरकारी केबलों को ड्रम सहित चोरी करके उसे उत्तर प्रदेष के बाहर भेजते है। गिरोह का सरगना सिवान बिहार निवासी पवन कुमार तिवारी है। जिसके मुख्य सहयोगी रामफेर यादव व आमीर खान है। आरोपियों ने बताया बिजली विभाग द्वारा क्षेत्रों में हाई बोल्टेज इन्सुलेटेड 33के0वी0ए0 विद्युत केबलो को भूमिगत बिछाने के लिए खुले इलाको में ठेकेदारों के माध्यम से रखवा दिया जाता है। जिसकी रेकी गिरोह के सदस्यो द्वारा की जाती है। मौका देखकर गिरोह के सदस्य ट्रक व क्रेन लेकर जाते है और केबलों को ड्रम सहित ट्रकों में लोड कराकर ऊची कीमतों मे बाहर बेच देते है। पूछताछ मे यह भी जानकारी मिली है कि अब तक लगभग करोड़ो रुपए की सरकारी केबल चुराकर बेच चुके है। बीते ३० मार्च को आरोपियों ने हरदाई जिले में सब्जी मण्डी क्षेत्र में एफसीआई गोदाम के पास से 02 ड्रम 33 के0वी0ए0 केबल और 20 अप्रैल को राजधानी के मड़ियाँव इलाके के घैलापुल के पास से 02 ड्रम 33 के0वी0ए0 केबल चोरी करके बिहार राज्य भेजे थे। आरोपियों के खिलाफ तालकटोरा थाना में चोरी के मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार किये गए आरोपियों में आसिफ पुत्र कम्मू खान निवासी हयातनगर, थाना दुबग्गा, मो0 शादिल पुत्र मो0 मुन्ना बड़ीगढ़ी निवासी बड़ीगढ़ी थाना मलिहाबाद, लखनऊ, हवलदार धूरिया पुत्र रामअभिलाख नि0 पुनिभीपट्टी, थाना चॉदा, सुलतानपुर, अनीस पुत्र वाजिद अली निवासी मोहद्दीपुर, थाना दुबग्गा, बृजलाल गौतम पुत्र बिहारीलाल निवासी बरावनखुर्द कालोनी, दुबग्गा,रामफेर यादव पुत्र राम कृपाल निवासी बालेडीहा, बेसा रामनगर, थाना-हैदरगंज, अयोध्या,इस्तीयाक पुत्र अंसार निवासी छंदुईयाखेड़ा दुबग्गा, अमीर खान पुत्र अनीस अहमद असरफटोला, संडीला शामिल हैं। आरोपियों के पास से एक ट्रक और उसमे लोड चोरी किया हुआ सरकारी 33के0बी0 इन्सूलेटेड केबल, 02 ड्रम, 01 अदद हाईड्रा क्रेन,02 कार,01 अदद मोटर साइकिल,08 अदद मोबाइल फोन और 21,700/- नगद मिले हैं।

## आईसीआईसीआई बैंक ने जमा किये थे नकली नोट

लखनऊ, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। आईसीआईसीआई बैंक में 3 अप्रैल को पांच सौ के 100 नकली नोट जमा हुए। बैंक कर्मचारियों ने नोट जमा होने के दौरान यह गड़बड़ी पकड़ी। जांच में सामने आया है कि यह पैसे रायल किंग लिकर खाते में जमा हुए थे। महानगर पुलिस ने आईसीआईसीआई हेड संदीप श्रीवास्तव ने इसकी एफआईआर दर्ज कराई है। महानगर पुलिस के मुताबिक संदीप श्रीवास्तव की शिकायत पर ग्रेटर नोएडा हंसराज टावर एनआर पार्क स्थित रायल किंग लिकर खाता धारक के खिलाफ मुकदमा लिखा गया है। उनका आरोप है कि 3 अप्रैल को 1.76 करोड़ रुपए रायल किंग लिकर के खाते में कैश जमा हुए थे। जिसमें पांच सौ के 100 नकली नोट गिनती के दौरान पकड़े गए। पुलिस के मुताबिक बैंक में जमा हुए नकली नोट की फारेंसिक जांच कराई जाएगी। इसके साथ ही एक टीम नोट कंपनी के पास कैसे आए और कहां से आए उसकी जांच करेगी।

## केजीएमयू : नेत्र विभाग के पीछे अतिक्रमण हटाने का काम शुरू



लखनऊ, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) प्रशासन द्वारा शनिवार को नेत्र विभाग के पीछे स्थित क्षेत्र में बड़ी मात्रा में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई है। जिस पर वहां अतिक्रमणकारियों ने इसका जमकर विरोध किया। इस दौरान कुछ कर्मचारी व डाक्टर भी चोटिल हुए। हालांकि विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि केवल अतिक्रमित भूमि को ही खाली कराया जा रहा है,जो कि केजीएमयू की संपत्ति है। लेकिन कुछ शरारती तत्वों ने इसको कुछ और अंजाम दे दिया। जिस पर केजीएमयू प्रशासन को भारी पुलिस बुलानी पड़ी। तो वहीं प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि नेत्र विभाग के पीछे स्थित मजार (शाहमीना शाह) को पूर्ववत स्थिति में ही रहने दिया जाएगा और उसके खिलाफ किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी।

अधिकारियों के अनुसार, मजार (शाहमीना शाह) को छोड़कर अन्य सभी अतिक्रमण को तत्काल प्रभाव से हटाया जा रहा है, ताकि इस क्षेत्र का उपयोग मरीजों की सुविधाओं और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए किया जा सके। केजीएमयू प्रबंधन का उद्देश्य इस स्थान को जनकल्याण के कार्यों में लाना है। प्रशासन ने आमजन से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि इस अभियान का मकसद केवल चिकित्सा सेवाओं को बेहतर बनाना और परिसर को अतिक्रमण मुक्त करना है। इस मुद्दे पर केजीएमयू प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने कहा कि केजीएमयू में अतिक्रमण को हटाया जा रहा है,जो कि शांतिपूर्ण तरीके से लोग अपने आप भी हटा रहे हैं। इसमें जो मजार है उसका अतिक्रमण से कोई भी लेना-देना नहीं है, वो अपनी जगह पर पूर्णत सुरक्षित है।

## रोडवेज बस से हो रहा था डीजल चोरी



लखनऊ, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। यूपी रोडवेज बसों से डीजल चोरी करने वाले संविदा चालक के साथ दो ऐसे शातिरों को कैसरबाग क्षेत्र में पकड़ लिया गया। मौके पर संबंधित चालक व डीजल खरीदने वाला बस से डीजल निकालते हुए सरेआर धर लिया गया। स्थानीय रोडवेज अधिकारियों ने इसको लेकर वजीरगंज थाने में मामला दर्ज करवाया गया है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। इस बाबत कैसरबाग डिपो के एआरएम योगेंद्र सेठ ने जानकारी दी कि यह प्रकरण आज शनिवार सुबह साढ़े सात से आठ बजे के बीच का है, इस दौरान बुकिंग क्लर्क आमिर जावेद ड्यूटी पर आ रहे थे। उन्होंने बहराइच डिपो की बस उलटी दिशा में खड़ी देखी तो कुछ शक हुआ, चेकिंग करने पर बस से डीजल चोरी करते हुए पकड़ा गया। बहराइच डिपो की बस संख्या यूपी 40 टी 5510 से डालीगंज निवासी परवेज आलम 50 लीटर की पिपिया में बस से डीजल निकाल रहा था। पास में ही संविदा चालक शरीफ अहमद खड़ा था। वजीरगंज थाने में मामला दर्ज करवाया गया, जहां पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में बताया कि बसों से डीजल चोरी कर अन्य जिलों में भी बेचा जा रहा था। कैसरबाग डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक योगेंद्र सेठ ने बताया कि हर महीने 750 लीटर चोरी किया जा रहा था।



लखीमपुर खीरी के पलिया क्षेत्र में बाढ़ नियंत्रण की अभिनव पहल शारदा नदी के चैनलाइजेशन कार्य का निरीक्षण करते सीएम योगी छाया : तरूणमित्र

## प्रमुख सचिव ने नये आईएफएस अफसरों की ली क्लास

लखनऊ, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम की अध्यक्षता में शुक्रवार को मिशन मुख्यालय में महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में भारतीय विदेश सेवा (2009 बैच) के आठ अधिकारी, जो अपने मिड-कैरियर प्रशिक्षण के दौरान उत्तर प्रदेश के भ्रमण पर हैं, शामिल हुए। इन अधिकारियों ने उत्तर प्रदेश कौशल मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों और योजनाओं पर विस्तृत प्रस्तुति देखी। प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम और मिशन निदेशक पुलकित खरे ने इन आईएफएस अधिकारियों के साथ भविष्य की संभावित गतिविधियों और आपसी सहयोग के अवसरों पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान, प्रदेश में कौशल विकास को और अधिक प्रभावी बनाने तथा युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करने की दिशा में विचारों का आदान-प्रदान हुआ। कार्यक्रम के अंत में, प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने अधिकारियों को मिशन से संबंधित महत्वपूर्ण सामग्री भेंट की, जिससे उन्हें मिशन के उद्देश्यों और कार्यों को गहराई से समझने में मदद मिलेगी। अपने मिड-कैरियर प्रशिक्षण के दौरान उत्तर प्रदेश के भ्रमण पर आए इन भारतीय विदेश सेवा के अधिकारियों ने प्रदेश में चल रहे कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों और युवाओं के लिए उपलब्ध रोजगार के अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

## ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने को फैम ट्रिप का आयोजन



लखनऊ, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। उत्तर प्रदेश के पर्यटन स्थल दुनियाभर के पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। इसी कड़ी में विभाग द्वारा ग्रामीण पर्यटन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक विशेष फैमिलियराइजेशन ट्रिप (फैम ट्रिप) का आयोजन किया गया। फैम ट्रिप के तहत प्रतिभागियों को उत्तर प्रदेश के विभिन्न ग्रामीण पर्यटन स्थलों का भ्रमण कराया गया, जिसमें उन्हें राज्य की सांस्कृतिक विरासत, पारंपरिक शिल्प, स्थानीय खानपान और लोककला की झलक देखने को मिली।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यटन संभावनाओं को उजागर करना एवं स्थानीय समुदाय को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। फैम ट्रिप में शामिल सदस्यों को चार दिवसीय यात्रा (आज से 29 अप्रैल) के पहले दिन मथुरा जनपद के जैत गांव ले जाया गया। प्रतिभागियों ने गांव में सक्रिय स्वयं सहायता समूह, स्थानीय संस्कृति और हस्तशिल्प आदि को करीब से देखा। सदस्यों ने मिट्टी के बर्तन बनाने, पारंपरिक खिलौनों की रचना,लड्डू गोपाल की पोशाक तैयार करने और तुलसी माला बनाने की प्रक्रिया को करीब से अनुभव किया। इन सभी गतिविधियों से जुड़ी स्थानीय महिलाओं से संवाद कर दल ने उनकी भूमिका, कौशल और आजीविका पर विस्तार से जानकारी ली। फैम ट्रिप दल का यह अनुभव ग्रामीण पर्यटन की संभावनाओं को उजागर करने में सहायक सिद्ध होगा। फैम ट्रिप में शामिल ब्रिटेन से आई हुई कम्युनिटी टूरिज्म सलाहकार और कहानीकार एलिसा स्पैम्पिनाटो तथा पत्रकार पूनम गुप्ता ने मथुरा जनपद के ग्रामीण परिदृश्य की सुंदरता को नजदीक से देखा। कालिया नाग मंदिर में एक विशेष गाइडेड स्टोरी टेलिंग सत्र का भी हिस्सा बने। इस सत्र में प्रतिभागियों ने मंदिर के ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व को जानने के

## लखनऊ - कानपुर गंगा ब्रिज पर 29 से दौड़ेंगी ट्रेनें

- उरे डीआरएम ने मंडल टीम के साथ किया जमीनी निरीक्षण



लखनऊ, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के लखनऊ-कानपुर पुल बायां किनारा रेलखंड पर स्थित गंगा पुल (ब्रिज संख्या 110) पर विगत 20 मार्च 2025 से चल रहे रखरखाव व मरम्मत कार्य की निर्धारित अवधि 30 अप्रैल 2025 (कुल 42 दिन) थी। यह कार्य अपने निर्धारित समय से पहले ही संपन्न होने के अपने अंतिम चरण में है तथा इसे 28 अप्रैल 2015 तक पूरा कर लिया जाएगा। सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी ने बताया कि इस

कार्य के तहत 857 मीटर लंबे इस ब्रिज पर 1706 स्लीपर बदले गए हैं। इस कार्य के उपरांत इस ब्रिज पर गाड़ियों के संरक्षित और समयबद्ध परिचालन को एक नई दिशा मिलेगी। आगे बताया कि इस रेलपथ पर 29 अप्रैल 2025 से गाड़ियों का संचालन प्रारंभ हो जाएगा। प्रारंभ में गाड़ियों को 15 किमी. प्रतिघंटा इसके बाद 30 किमी. प्रतिघंटा और उसके बाद 45 किमी. प्रति घंटा की निर्धारित गति से चलाया जाएगा। इसी क्रम में शनिवार को मंडल रेल प्रबंधक एसएम शर्मा मंडल के अन्य अधिकारियों के साथ गंगापुल पर पहुंचे। वहां पहुंचकर उन्होंने इसके रखरखाव एवं इसकी मरम्मत के कार्यों की कार्यप्रक्रिया एवं गुणवत्ता को बारीकी से परखा। उन्होंने ब्रिज संख्या 77 के निर्माण कार्य का निरीक्षण भी किया। इससे पूर्व मंडल रेल प्रबंधक ने लखनऊ से गंगापुल की ओर आते समय विंडो ट्रेलिंग करते हुए लखनऊ-कानपुर पुल बायां किनारा रेल खंड की विंडो ट्रेनिंग करते हुए रेल पथ की संरक्षा को परखा। उन्होंने गर्मी के मौसम में पटरियों में होने वाले बदलाव को ध्यान में रखते हुए रेलपथ के उचित रखरखाव करने की बात कही।

## एक राष्ट्र एक चुनाव आवश्यक : नीरज



लखनऊ, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। आज भारत रिफॉर्म पीरियड से गुजर रहा हैं जहां 2014 से पहले देश की आर्थिक स्थिति 11वे स्थान पर वही आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में 5वे स्थान पर है और जल्द ही चौथे स्थान पर आ जाएगी। वहीं हाईवे पर सड़कों का जाल से लेकर रेलवे लाइनों का विस्तार का कार्य एक नए कृतिमान स्थापित कर रहा हैं। जहां इस देश में एक एम्स हॉस्पिटल हुआ करता था आज सात एम्स हॉस्पिटल स्थापित है। माता बहनों को उज्जवला योजना,जनधन खाता खोलना, महिलाओं को सशक्तिकरण करने के लिए ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी और खेतों में खाद छिड़काव के लिए ड्रोन दीदी जैसी योजनाओं से लाभान्वित हो रही हैं। ये बातें भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह ने कहा।

शनिवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस महिला स्नाकोत्तर महाविद्यालय पर भाजपा युवा मोर्चा द्वारा एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह उपस्थित रहे साथ में महानगर उपाध्यक्ष घनश्याम दास अग्रवाल, प्राचार्य प्रो रश्मि बिश्नोई, भाजपा युवा प्रदेश उपाध्यक्ष अनुभव द्विवेदी, युवा मोर्चा अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह का युवा पदाधिकारियों द्वारा अंगवस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि आज आजाद भारत में महिला पुरुष के कोई फर्क नहीं जब तक 140 करोड़ भारतीय एक दिशा में एक लक्ष्य निर्धारित करके नहीं चलेंगे तब तक श्रेष्ठ भारत की कल्पना को पूरा नहीं जा सकता इस देश में कई ऐसे रिफॉर्म हुए है उन्हीं रिफॉर्म में एक भारत श्रेष्ठ भारत हैं कई ऐसे राजनीतिक दल हैं जिन्होंने अपने स्वार्थ के कारण ऐसे रिफॉर्म होने नहीं दिया।

## एक राष्ट्र-एक चुनाव से लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत होगी : केशव



लखनऊ, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि एक राष्ट्र-एक चुनाव से देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी। एक राष्ट्र -एक चुनाव से आर्थिक बचत, प्रशासनिक दक्षता व राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि बार-बार होने वाले चुनाव के कारण प्रशासनिक कार्यों में व्यवधान और नीतिगत निर्णय में देरी होती है। एक साथ चुनाव करने से यह समस्या दूर होगी। चुनाव में होने वाले खर्च में कमी आएगी ,जिससे जो खर्च बचत आएगी, वह अन्य विकास कार्यों में लगाई जा सकेगी। श्री केशव प्रसाद मौर्य शनिवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में विश्वविद्यालय नूतन पुरातन शैक्षिक परिवार द्वारा आयोजित एक राष्ट्र-एक चुनाव विषय संगोष्ठी को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उपमुख्यमंत्री ने एक राष्ट्र-एक चुनाव से होने वाले फायदों की चर्चा गांवों में सबके बीच करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि बार-बार चुनाव होने से सारा सरकारी सिस्टम इसमें इन्वॉल्व हो जाता है और आचार संहिता लग जाने से विकास कार्यों की गति धीमी पड़ जाती है। शिक्षक चुनाव प्रक्रिया में लग जाते हैं जिससे पढ़ाई में भी अवरोध आता है कर्मचारी लग, जाते हैं तो सरकारी कार्यों में भी गति धीमी हो जाती है।

## लविवि न्यू कैम्पस की कैंटीन में एफएसडीए का छापा



- कैंटीन में बिना लाइसेंस बन रहा है खाना
- आलमबाग की फैक्ट्री में बेसन-बूंदी सड़े मिले; 65 हजार का माल सील

लखनऊ, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने शनिवार को लखनऊ विश्वविद्यालय की कैंटीन पर बड़ी कार्रवाई की। यूनिवर्सिटी के सुभाष छात्रावास और न्यू कैंपस जानकीपुरम के डॉ. बीआर अंबेडकर विधि महिला छात्रावास की कैंटीन पर छापा मारा। मीडिया और सोशल मीडिया पर मिली शिकायतों के बाद सहायक आयुक्त (खाद्य) विजय प्रताप सिंह के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने कैंटीनों का निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों जगहों से सैंपल कलेक्ट किया। वहीं, आलमबाग की एक फैक्ट्री में बूंदी-बेसन सड़ा मिला। वहां से करीब 65 हजार रुपए का सड़ा माल बरामद किया गया।

सुभाष छात्रावास कैंटीन में खाद्य कारोबारी जितेंद्र सिंह बिना लाइसेंस के संचालन करते मिले। मौके पर सरसों का तेल, बेसन, तैयार दाल और धनिया पाउडर के नमूने जांच के लिए लिए गए। वहीं, जानकीपुरम परिसर में भी रिफाइंड सोयाबीन तेल और हल्दी पाउडर के नमूने एकत्र किए गए। दोनों जगह बिना लाइसेंस के खाद्य कारोबार बंद करने के निर्देश दिए गए। कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजय कुमार सिंह, अवनीश कुमार सिंह, राकेश कुमार और पल्लवी यादव मौजूद रहे। विश्वविद्यालय प्रशासन से प्रो. नीरज मिश्रा और प्रो. एसपी कनौजिया ने भी निरीक्षण में सहयोग किया। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा विभाग की एक अन्य टीम ने आलमबाग थाना क्षेत्र के कैलासपुरी स्थित सोनू शर्मा बूंदी ट्रेडर पर छापा मारा। यहां भी बिना लाइसेंस के कारोबार हो रहा था। निरीक्षण के दौरान घुनी हुई चने की दाल से बेसन पीसकर बूंदी बनाई जा रही थी। मौके से बूंदी, बेसन, दाल, रिफाइंड तेल और मैदा सहित कुल 6 खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए भेजे गए। जनहित में 590 किलो खाद्य सामग्री सील कर दी गई जिसकी कीमत करीब 64,984 रुपए आंकी गई। जब्त सामग्री में 2 क्विंटल बूंदी (28,000 रुपए), 118 किलो दाल (9,440 रुपए), 2 क्विंटल बेसन (18,000 रुपए), 60 लीटर रिफाइंड तेल (9,180 रुपए) और 15 किलो मैदा (364 रुपए) शामिल हैं। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी जेपी सिंह के नेतृत्व में रत्नाकर पांडेय, कमल कुमार, हेमंत कुमार, देवेश सिंह और सत्यवीर सिंह ने कार्रवाई को अंजाम दिया। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि नमूनों की जांच रिपोर्ट आने के बाद संबंधित खाद्य कारोबारियों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## सिविल चिकित्सालय में पहलगाम मृतकों को दी श्रद्धांजलि



लखनऊ, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। आतंकी हमले में अपनी जान गवाने वाले भारतीों के लिए शनिवार को डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल चिकित्सालय लखनऊ में कर्मचारियों द्वारा एक शोक सभा की गई और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रभु से प्रार्थना करते हुए घटना की कड़ी निंदा की। फार्मासिस्ट फेडरेशन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष सुनील यादव ने कहा कि पूरा देश इस कायराना हरकत के खिलाफ एकजुट है। शोक सभा में संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष महेंद्र पांडे, मंत्री विवेक तिवारी, अशोक शुक्ला, मो रिजवान, अजय कश्यप, महेंद्र

## निजीकरण के विरोध में ज्ञापन दो अभियान जारी



- मथुरा में संविदा कर्मियों ने दिया सामूहिक त्यागपत्र

लखनऊ, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने पावर कार्पोरेशन प्रबंधन पर ऊर्जा निगमों में औद्योगिक अशांति और टकराव का वातावरण बनाने का आरोप लगाया है। निजीकरण के विरोध में पूरे प्रदेश में जन प्रतिनिधियों को ज्ञापन दो अभियान के अंतर्गत कई विधायकों को दिए गए ज्ञापन। संघर्ष समिति ने आज प्रदेश भर में सभाएं कर मई के महीने में बड़े आंदोलन की तैयारी का ऐलान किया संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि निजीकरण के विरोध में शांतिपूर्वक ध्यान आकर्षण सभाएं और प्रदर्शन करते हुए आज 150 दिन हो गए हैं और पावर कार्पोरेशन प्रबंधन ने संघर्ष समिति से इस मामले में एक बार वार्ता तक करना जरूरी नहींसमझा। प्रबंधन उल्टे बिजली कर्मचारियों ,संविदा कर्मियों और अभियंताओं का उत्पीड़न करने पर उतारू है। प्रबंधन के उत्पीड़न से परेशान होकर आज मथुरा के सभी संविदा कर्मियों ने सामूहिक त्यागपत्र दे दिया है।

समिति ने कहा कि प्रबंधन की अवैध ढंग से नियुक्त किए गए ट्रांजैक्शन कंसलटेंट के साथ मिली भगत है। इसी कारण कंसल्टेंट का झूठा शपथ पत्र और सभी फर्जी दस्तावेज सामने आने के बावजूद प्रबंधन कंसल्टेंट की नियुक्ति को रद्द करना तो दूर रहा इसी कंसल्टेंट के साथ मिलकर पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के आर एफ पी डॉक्यूमेंट तैयार करा रहा है। संघर्ष समिति ने कहा कि मध्यांचल के प्रबंध निदेशक ने बिजली अभियंताओं को धमकी दी है कि वे 28 अप्रैल तक अपने घरों पर स्मार्ट मीटर लगवा लें। इसी प्रकार का दबाव अन्य स्थानों पर भी बनाया जा रहा है। संघर्ष समिति ने कहा कि यह इलेक्ट्रिसिटी एक्ट 2003 का उल्लंघन है। बिजली कर्मियों को रियायती बिजली की सुविधा एक्ट के जरिए मिल रही है और रियायती बिजली की सुविधा समाप्त करने के लिए स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं जिसका बिजली कर्मी पुरजोर विरोध करेंगे।